CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनू, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 258 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 11 अक्टूबर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 2 रुपए पृष्ठ : 8+st

## जननायक संवेदनशील मुख्यमंत्री के स्वागत सत्कार की तैयारी में झुंझुनू

### कई बड़ी घोषणाओं की उम्मीद, केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल भी रहेंगे सभा में मौजूद मंड्रेला कस्बे में विशाल सभा के लिए पंडाल को दुल्हन की तरह सजाया

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज झुंझुनू के मंड्रेला मैं एक बड़ी जनसभा को संबोधित करने आ रहे हैं इस सभा में केंद्रीय मंत्री सीआर पाटील भी मौजूद रहेंगे बड़ी बात यह है कि मुख्यमंत्री बनने के बाद भजनलाल शर्मा का झुंझुनू में यह आठवां दौरा है शेखावाटी क्षेत्र के विकास को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा कुछ ज्यादा ही सजग और गंभीर हैं शेखावाटी क्षेत्र के लोगों के पानी की समस्या के निवारण के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री बनने के कुछ ही महीना के बाद हरियाणा सरकार से यमुना जल समझौता भी किया इस समझौते की डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया युद्ध स्तर पर है इस योजना पर बहुत जल्दी ही काम शुरू होने वाला है इसलिए आज की इस मीटिंग में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा यमुना के पानी को लेकर क्षेत्र के लोगों को कोई बड़ी खुशी दे सकते हैं क्योंकि आज की मीटिंग में जिस तरह से केंद्रीय मंत्री सीआर पाटील को भी बुलाया गया है उसे देखते भी झुंझुनू के लोगों को यह उम्मीद है कि आज झुंझुनू जिले को कई बड़ी सौगातें भी मिलने वाली है जिसमें शेखावाटी में पीने का पानी और सिंचाई का पानी एक बड़ी समस्या और चुनौती है इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शासन की बागडोर हाथ में लेने के बाद से ही युद्ध स्तर पर जुट गए थे उसी का नतीजा रहा कि कई सालों से यमुना के जल बंटवारे को लेकर हरियाणा से राजस्थान सरकार का जो विवाद चल रहा था उस विवाद को सुलझाने में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बड़ी भूमिका निभाई और हरियाणा सरकार से समझौता करके शेखावाटी के लोगों के लिए पीने के पानी और सिंचाई के पानी की समस्या को हमेशा हमेशा के लिए समाप्त करने की पहल की इस समझौते के बाद शेखावाटी के लोग मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की तारीफ करते भी नहीं चूकते यही वजह रही की खींवसर सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी की जीत हुई अन्यथा खींवसर विधानसभा सीट पर लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी जीत का इंतजार कर रही थी लेकिन शेखावाटी के क्षेत्र के विकास के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जो प्रयास और विकास के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जो प्रयास किया और जो योजनाएं यहां के लोगों के लिए तैयार की उसकी वजह से भजनलाल सरकार के प्रति झुंझुनू ही नहीं बल्कि पूरे शेखावाटी के जिले के लोगों का भरोसा और विश्वास मजबूत हुआ है जानकारी के अनुसार आज की इस सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभा स्थल को दुल्हन की तरह सजा दिया गया है सभा स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं इसके अलावा सभा में आने वाले लोगों को किसी भी तरह की कोई असुविधा न हो इसके लिए सभा स्थल के आसपास चिकित्सा शौचालय पीने का पानी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां इत्यादि सब कुछ सुनिश्चित किया गया है इसके लिए जिला कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक खुद मौके पर रहकर सभा स्थल का रोजाना निरीक्षण भी कर रहे हैं और यह अवस्थाओं का जायजा भी ले रहे हैं । जानकारी के अनुसार सभा में बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद को देखते हुए विशाल छायादार पंडाल बनाया गया है ताकि सभा में आने वाले लोग अच्छे और सुरक्षित माहौल में सभा की कार्रवाई को देख सकें कहा जा रहा है कि आज की सभा में केंद्रीय मंत्री सीआर पाटील को बुलाने के पीछे झुंझुनू और शेखावाटी के लोगों को कोई बड़ी सौगात देने की तैयारी है इसलिए इस सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के छोटे बड़े सभी नेता पूरी ताकत से जुटे हुए हैं एक तरफ जिला प्रशासन तो दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के छोटे बड़े सभी जनप्रतिनिधि इस सभा की तैयारी में दिन-रात एक किए हुए हैं ।

## भजनलाल शर्मा, वसुंधरा राजे और मदन राठौड़ के बीच गहन मंत्रणा

### अंता विधानसभा सीट पर प्रत्याशी चयन को लेकर हुई चर्चा

जयपुर टाइम्स








**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के आवास पर करीब 1 घंटे तक चर्चा की भजन लाल शर्मा के साथ राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ भी थे इसलिए माना जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी के इन तीन दिग्गज नेताओं के बीच जो बातचीत हुई है हो सकता है यह बातचीत अंता विधानसभा सीट पर पार्टी प्रत्याशी के चयन को लेकर ही हुई हो क्योंकि कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रमोद जैन भाया को उम्मीदवार बना दिया गया है वसुंधरा राजे के पुत्र दुष्यंत राज झालावाड़ से लगातार चार बार सांसद निर्वाचित होते हुए आ रहे हैं इसलिए जाहिर तौर पर झालावाड़ लोकसभा क्षेत्र के तहत ही अंता विधानसभा सीट आती है इसलिए इस सीट पर प्रत्याशी चयन को लेकर वसुंधरा राजे की सलाह को तवज्जो निश्चित रूप से दी जाएगी इसीलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मदन राठौड़ ने शुक्रवार को करीब 1 घंटे तक बातचीत की है जानकारी के अनुसार प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और प्रमोद जैन भाया कांग्रेस पार्टी के काफी लोकप्रिय और कंडावर नेता हाडोतीआंचल जानकारी के अनुसार प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और प्रमोद जैन भाया की हाडोती आंचल में अच्छी पकड़ मानी जाती है क्योंकि इस सीट पर प्रमोद जैन भाया पहले दो बार विधायक रह चुके हैं हालांकि पिछला विधानसभा चुनाव भाजपा प्रत्याशी कंवरलाल मीणा से जरूर हार गए थे लेकिन इसके बावजूद भी प्रमोद जैन भाया हाडोती अंचल के काफी लोकप्रिय नेता माने जाते हैं पिछले चुनाव में करीब 5000 मतों के अंतर से भाजपा प्रत्याशी कंवरलाल मीणा से हारे थे लेकिन कांग्रेस पार्टी ने प्रमोद जैन भाया पर ही फिर से विश्वास किया है इसलिए इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी को मजबूत चेहरे की तलाश है जो इस सीट को बरकरार रख सके हालांकि इस सीट पर पूर्व विधायक प्रभु लाल सैनी भी दावेदार बताए जा रहे हैं प्रभु लाल सैनी वसुंधरा राजे के काफी करीबी हैं और पहले वसुंधरा राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं इसके अलावा आनंद गर्ग रमेश खंडेलवाल और कई अन्य नेता भी टिकट की लाइन में है हालांकि शुक्रवार को वसुंधरा राजे के आवास पर जो बैठक हुई है उस बैठक में किन किन नाम पर चर्चा हुई इस बात की जानकारी तो नहीं मिल पाई लेकिन इतना जरूर है अंता विधानसभा सीट पर प्रत्याशी चयन को लेकर ही यह बातचीत हुई है और कहा जा रहा है कि बहुत जल्दी ही भारतीय जनता पार्टी इस सीट पर अपना प्रत्याशी की घोषणा कर सकती है ।

## अमित शाह के भरोसे और विश्वास पर खरे उतरे भजनलाल

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कासं.)।** गृहमंत्री अमित शाह को लोग यूं ही भाजपा का चाणक्य नहीं कहते क्योंकि उन्होंने भाजपा के संगठन को जो नई गति और दिशा दी तथा भाजपा को हिंदुस्तान की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की नंबर वन पॉलीटिकल पार्टी बनाने में जो बड़ी भूमिका निभाई उसी का परिणाम है कि लोग इन्हें भाजपा का चाणक्य कहते हैं इनकी सबसे बड़ी खूबी यह है कि इनकी आंखें और इनका दिल पार्टी के उन नेताओं को फौरन ढूंढ लेता है जो मेहनती समर्पित और ईमानदारी से काम तो करते हैं लेकिन उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का पूरा अवसर नहीं मिलता ऐसे छुपे हुए नेताओं को अमित शाह ने राजस्थान में ही नहीं बल्कि पूरे देश में अच्छा प्लेटफार्म उपलब्ध करवाया ताकि यह नेता अपनी ईमानदारी मेहनत और समर्पण भाव से काम करने की अपनी शैली से भाजपा के संगठन को मजबूती देने के साथ-साथ समाज और राष्ट्र का भी विकास करने में अपनी बड़ी भूमिका निभाई ऐसे अनेकों नेताओं को अमित शाह ने पूरे देश भर में पार्टी की अग्रिम लाइन में लाकर खड़ा किया ताकि भाजपा एक नए कलेवर और नए अंदाज में नजर आए और उसी का एक उदाहरण है राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा । जानकार लोगों का कहना है कि जब अमित शाह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे उसी समय से उनकी निगाहें भजनलाल शर्मा पर टिकी हुई थी शर्मा लंबे समय से प्रदेश भाजपा के संगठन में चुपचाप समर्पित भाव से काम कर रहे थे उनके इस काम पर अमित शाह दिल्ली में बैठे-बैठे बारीकी से नजर जमा रहे इसकी भनक शर्मा को नहीं थी लेकिन अमित शाह शर्मा के पार्टी के संगठन के कामों को लेकर काफी प्रभावित होते रहे उनकी ईमानदारी और संगठन के प्रति इनका निष्ठा भाव अमित शाह को लगातार प्रभावित करता रहा राजस्थान भाजपा में लंबे समय तक संगठन महामंत्री रहे चंद्रशेखर भी शर्मा के कार्यों से हमेशा प्रभावित और खुश रहे क्योंकि राजस्थान भाजपा में करीब 20 साल तक मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश महामंत्री पद पर बन रहे इस दौरान प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष पद पर नए-नए नेताओं की नियुक्ति होती रही लेकिन हर भाजपा के नए अध्यक्ष ने अपनी टीम में भजनलाल शर्मा को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी क्योंकि शर्मा संगठन के कामों को लेकर हर पल गंभीर रहे ऐसा एक भी दिन नहीं जाता था जब शर्मा प्रदेश भाजपा के कार्यालय में नहीं आए हो इस दौरान प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की भी सरकार रही लेकिन तब भी भजनलाल शर्मा हमेशा रोजाना प्रदेश भाजपा कार्यालय में आते थे और पार्टी के संगठन के कामों को गति देते रहे उनका यही गुण उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी तक ले गया जानकार लोगों का कहना है कि भजनलाल शर्मा अमित शाह की पहली पसंद थे और शायद यही वजह रही की उन्हें मुख्यमंत्री के लायक समझा गया और अब जिस तरह से पिछले 22 महीना में भजनलाल सरकार ने प्रदेश में जो कार्य किया है उसके बाद कहीं ना कहीं अमित शाह का जो भरोसा और विश्वास पिछले 20 साल से भजनलाल शर्मा के प्रति बना हुआ था वह विश्वास और भरोसा अब और मजबूत हुआ है क्योंकि पिछले 22 महीना में भजनलाल सरकार ने जो कार्य किए हैं वह काफी ऐतिहासिक और उल्लेखनीय है कई बड़े फैसले कई बड़े निर्णय लिए गए बड़ी बात यह रही की भजनलाल सरकार के मंत्रिमंडल में एक भी सदस्य पर पिछले 22 महीना में किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी या भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे सरकार पूरी ईमानदारी से अपना कार्य कर रही है इसलिए 13 अक्टूबर को जब अमित शाह जयपुर दौरे पर आएंगे तो कहीं ना कहीं प्रदेश सरकार के अच्छे कार्यों को लेकर भजनलाल शर्मा को निश्चित रूप से शाबाशी भी देंगे क्योंकि अमित शाह का पहला भरोसा और विश्वास भजन लाल शर्मा ही थे ।

## जयपुर में सर्दी का असर बढ़ा, राजस्थान के 20 से ज्यादा शहरों का तापमान डाउन

जयपुर



मानसून की विदाई और बेमौसम बारिश के बाद अब सर्दी की एंट्री हो गई है। प्रदेश के तापमान में लगातार गिरावट आ रही है जिससे सर्दी का असर बढ गया है। बुधवार को 20 डिग्री सेल्सियस से कम तापमान वाले शहरों की संख्या दस थी जो गुरुवार को बढ़कर बीस हो गई। यानी एक ही दिन में दस से ज्यादा शहरों का तापमान डाउन हुआ जिसकी वजह से ठंडाई गई है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक उत्तरी भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी हो रही है और उत्तर की ओर से आने वाली ठंडी हवाओं की वजह से सर्दी पड़ रही है। मौसम केंद्र जयपुर की ओर से अगले दो सप्ताह तक का संभावित बुलेटिन जारी किया है। इस बुलेटिन के मुताबिक अगले प्रथम सप्ताह यानी 10 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2025 तक राज्य के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहने की प्रबल संभावना है। कहीं कहीं हल्की बारिश यानी से सामान्य से कम बारिश होने की भी संभावना है। दूसरे सप्ताह यानी 17 अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2025 तक राज्य के अधिकांश भागों में बारिश सामान्य से कम होने की संभावना है। आगामी दो सप्ताह के लिये न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की ओर गिरावट आने वाली है। यानी अब धीरे धीरे सर्दी का असर बढ़ने वाला है। रात्रि के तापमान में तेजी से गिरावट आने की वजह से सर्दी का अहसास ज्यादा होने लगा है। हालांकि दिन के समय भी ठंडी हवाएं चलने से ठंडक महसूस हो रही है। गुरुवार 9 अक्टूबर को पाली सबसे ठंडा रहा। पाली का न्यूनतम तापमान महज 15.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उधर शेखावाटी के सीकर का न्यूनतम तापमान भी सिर्फ 16.0 डिग्री सेल्सियस रहा। झुंझुनूं जिले के पिलानी में 16.6 डिग्री सेल्सियस, अजमेर में 16.9 डिग्री सेल्सियस, झुंझुनूं में 17.5 डिग्री सेल्सियस, नागौर में 17.8 डिग्री सेल्सियस, वनस्थली में 18.1 डिग्री सेल्सियस, भीलवाड़ा में 18.2 डिग्री सेल्सियस, दौसा में 18.3 डिग्री सेल्सियस, अंता बारां में 18.3 डिग्री सेल्सियस, लूणकरणसर में 18.4 डिग्री सेल्सियस, चित्तौड़गढ़ में 18.6 डिग्री सेल्सियस, प्रतापगढ़ में 18.8 डिग्री सेल्सियस, जालोर में 19.1 डिग्री सेल्सियस,अलवर में 19.2 डिग्री सेल्सियस, जवाई डैम पाली में 19.4 डिग्री सेल्सियस, डबोक में 19.4 डिग्री सेल्सियस, जोधपुर में 19.5 डिग्री सेल्सियस, गंगानगर में 19.7 डिग्री सेल्सियस और करौली में 19.9 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

## पूरे देश में चरणबद्ध तरीके से लागू होगा एसआईआर: चुनाव आयोग

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** चुनाव आयोग देश में चरणबद्ध तरीके से मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम शुरू कर सकता है। आयोग के अधिकारियों ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया की शुरुआत उन राज्यों से हो सकती है, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। आयोग उन राज्यों में मतदाता सूची संशोधन अभियान नहीं चलाएगा जहां स्थानीय निकाय चुनाव होने हैं या हो रहे हैं। चुनाव आयोग का कहना है कि चुनाव मशीनरी, निकाय चुनाव में व्यस्त है और इसके चलते वे एसआईआर पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएंगे। गौरतलब है कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में साल 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन पांच राज्यों के अलावा पहले चरण में कुछ अन्य राज्यों में भी SIR की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। बिहार में एसआईआर का काम पूरा हो गया है, जहां 30 सितंबर को लगभग 7.42 करोड़ नामों वाली अंतिम सूची प्रकाशित की गई थी।

## आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के किसानों को देंगे फिर बड़ी सौगात, राजस्थान के किसान भी होंगे लाभान्वित

### प्रधानमंत्री धन धन योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की आज होगी शुरुआत, इन योजनाओं में राजस्थान के भी कई जिले हैंशामिल

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज देश के किसान पशुपालक और मछली पालन व्यवसाय से जुड़े लोगों को बड़ी सौगात दे रहे हैं आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने वाले हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का भी आज शुरुआत करेंगे इन योजनाओं से राजस्थान के कई जिलों के कृषक भी लाभान्वित होंगे प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना में राजस्थान के कई जिले शामिल किए गए हैं यह वे जिले हैं जहां पर कृषि उत्पादन बहुत कम होता है इसलिए इन जिलों में कृषि का उत्पादन बढ़ाने के लिए और इन जिलों में खेती में नवाचार के लिए इस योजना के माध्यम से किसान और खेती दोनों के विकास के लिए केंद्र सरकार की ओर से कई तरह की मदद और सहयोग करने के प्रयास शामिल हैं इसलिए राजस्थान में भी कई जिले ऐसे हैं जहां पर खेती का माहौल कई वजह से नहीं बन पा रहा पानी की कमी और जमीन की उर्वरा शक्ति समुचित नहीं होने की वजह से कई जिले अब भी राजस्थान के खेती के मामले में पीछे चल रहे हैं इसलिए इन योजनाओं के माध्यम से इन जिलों में केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त ध्यान दिया जाएगा और हर संभव कृषक को उन्हें उनकी जरूरत के मुताबिक खेती के लिए संसाधन जुटाए जाएंगे द्य इस योजना के लिए देशभर में 100 जिले चिन्हित किए गए हैं जिनमें राजस्थान के भी कई जिले शामिल हैं जानकारी के अनुसार लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कृषि मंत्रालय की दो नई योजनाएं प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की शुरुआत कर रहे हैं इन योजनाओं का लक्ष्य उन जिलों में दाल और अन्य खाद्य फसलों की उत्पादन को बढ़ाना है जहां अभी उत्पादकता का स्तर काफी कम है दरअसल पूरे देश में हर क्षेत्र की उत्पादकता एक जैसी नहीं है अलग-अलग फसलों की उत्पादकता अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग है राज्यों के अंदर भी अलग-अलग जिलों में उत्पादकता का स्तर विभिन्न है सरकार ने तय किया है कि कम उत्पादकता वाले जिले छठे जाएंगे और उनमें उत्पादकता बढ़ाने के लिए कुछ विशेष पर्याप्त में किए जाएंगे कम उत्पादकता वाले जिलों को यदि औसत स्तर पर भी ले आए तो देश के कुल उत्पादन में बढ़ोतरी होगी ज़रूरतें भी पूरी होगी और उन जिलों के किसानों की इनकम भी बढ़ेगी फिलहाल ऐसे 100 जिले चयनित किए गए हैं जिन पर केंद्रित होकर काम किया जाएगा और प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना के तहत इन जिलों में उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रयत्न किए जाएंगे प्रयत्नों में सिंचाई की व्यवस्था में विस्तार भंडारण की व्यवस्था दीर्घकालिक और अल्पकालिक लोन की सुविधाओं में विस्तार फसलों में विविधीकरण शामिल हैं ।

### नीति आयोग करेगा निगरानी

*कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा प्रधानमंत्री धन धान्य योजना आकांक्षी जिलों के लिए मॉडल पर आधारित है नीति आयोग इन योजनाओं की निगरानी करेगा साथ ही भारत दलों का सबसे बड़ा उत्पादक है और उपभोक्ता भी लेकिन इसके बावजूद भारत सबसे ज्यादा दलों का आयात भी करता है दलहन के मामले में भारत अभी आत्मनिर्भर नहीं है इसलिए दलों में आत्मनिर्भरता के लिए दलहन मिशन की योजना बनाई गई है द्य कृषि मंत्रालय के मुताबिक आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे यह परियोजनाएं करीब 42000 करोड रुपए से अधिक की बताई गई है*

CMYK

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
11 अक्टूबर, 2025


## दसवीं प्रशांत मेमोरियल हॉकी प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया जाएगा 12 से 14 अक्टूबर तक




जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** दसवीं प्रशांत मेमोरियल हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक किया जावेगा। जिसमें राजस्थान के 8 जिलों की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ दिनांक 12 अक्टूबर को शाम 6 बजे भगत सिंह सर्किल के पास नवीन स्कूल में किया जाएगा। उद्घाटन वन राज्यमंत्री संजय शर्मा के द्वारा किया जाएगा। टूर्नामेंट में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग ले चुके खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रत्येक टीम में 9 खिलाड़ी शामिल रहेंगे। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों के रुकने और खाने की व्यवस्था अलवर हॉकी क्लब द्वारा निःशुल्क की जावेगी। प्रतियोगिता का समापन एवं फ़ाइनल मुकाबला दिनांक 14 अक्टूबर को शाम 7 बजे खेला जाएगा। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले दूधिया रोशनी में खेले जाएंगे।

## नवनियुक्त जूनियर इंजीनियरों को सिखाई पेयजल प्रबंधन की तकनीक



जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में हाल ही में नियुक्त 45 कनिष्ठ अभियंताओं को विभाग की कार्यप्रणाली एवं तकनीकी जानकारी से अवगत कराने के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया प्रशिक्षण के दौरान अभियंताओं को पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, जल जीवन मिशन, सोलर रनिंग सिस्टम, पाइपलाइन बिछाने की प्रक्रिया एवं जल प्रबंधन से संबंधित आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को फील्ड विजिट के माध्यम से जल स्रोतों, नलकूपों तथा फिल्टर हाउस पर व्यवहारिक ज्ञान भी प्रदान किया गया कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता रमेश सैनी, अधिशासी अभियंता संजय सिंह, प्रवल चौहान, अभिषेक एवं सहायक अभियंता सुनील यादव ने अपने अनुभव साझा करते हुए विभागीय कार्यों की बारीकियां समझाईं।

## जुगलकिशोर प्रोडेक्ट प्रा. लि. बीकानेर का आयोजन

### सेमीनार में ग्राहकों को दी मूंगफली तेल के विनिर्माण से उत्पादन की गुणवत्ता व शुद्धता की जानकारी

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** जुगलकिशोर प्रोडेक्ट प्रा. लि. बीकानेर चांदी सिक्का, मूंगफली तेल ओर रिफाइंड मूंगफली तेल के निर्माता कम्पनी की ओर से अलवर में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें कंपनी के निदेशक रोहित गोयल ने मुंगफली तेल के विनिर्माण से लेकर उत्पाद की गुणवत्ता ओर शुद्धता के साथ ग्राहकों को जायके अनुसार उपलब्ध कराने पर जोर दिया। इस अवसर पर अलवर भरतपुर जिले के सभी हलवाई बंधुओं की उपस्थिति के साथ साथ थोक विक्रेता ओर व्यापारी मौजूद थे। सेमिनार में राजस्थान खाद्य संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश जलालपुरिया, हरमीत महानदीरत्ता, राजेश, अजय अग्रवाल, आश्विन, विनोद, कैलाश, राकेश जैन, मनोज भाई सहित अलवर के हलवाई एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।



## रसद विभाग द्वारा घरेलू गैस सिलेण्डरों का अवैध भण्डारण एवं बेचान करने पर 9 गैस सिलेंडर जब्त करने की कि कार्रवाई

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)** । जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन पर घरेलू गैस की अवैध रिफलिंग एवं व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग को रोकने हेतु जिले के विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई कर 9 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किए गए। जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने बताया कि बहाला स्टेण्ड स्थित मैसर्स गौतम फ्लोर मिल एवं मैसर्स मंगतसिंह किराना स्टोर पर घरेलू गैस सिलेण्डरों का अवैध भण्डारण एवं बेचान किया गया जाना पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा के तहत सिलेण्डर्स को जब्त कर कब्जेरात लिया गया तथा सुरक्षा की दृष्टि से मैसर्स रिद्धी-सिद्धी गैस सर्विस को सुपुर्द किया गया। उन्होंने बताया कि घरेलू गैस के व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग रोकने हेतु आगामी दिनों में भी कार्रवाई जारी रहेगी। इस दौरान प्रवर्तन अधिकारी रणधीर सिंह, बनवारी लाल शर्मा, कृष्ण कुमार बॉयल, गुलाब चंद एवं नवरंग सिंह मौजूद रहे।

# सशस्त्र सीमा बल के प्रशिक्षण केंद्र मौजपुर में 9वें नव प्रशिक्षु बुनियादी प्रशिक्षण बैच का दीक्षांत परेड समारोह आयोजित

### सशस्त्र बलों के अनुशासन व समर्पण से देश की सीमाएं महफूज- वन राज्यमंत्री शर्मा

जयपुर टाइम्स





**अलवर(नि.सं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने शुक्रवार को सशस्त्र सीमा बल के रिक्रूट प्रशिक्षण केंद्र, मौजपुर में 9वें नव प्रशिक्षु बुनियादी प्रशिक्षण बैच के दीक्षांत परेड समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर परेड की सलामी लेकर उत्कृष्ट प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया। प्रशिक्षुओं ने 'जल, थल, नभ' में राष्ट्र सेवा हेतु सदैव तत्पर रहने की शपथ ली। वन राज्यमंत्री शर्मा ने नव आरक्षियों को प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सशस्त्र सीमा बल में शामिल होकर देश सेवा का जो सपना देखा था वो आज पूरा होकर नए जीवन की शुरूआत होगी। उन्होंने सशस्त्र बलों के अनुशासन, समर्पण तथा सीमाओं के दुर्गम स्थलों पर किए जाने वाले कठिन दायित्वों की सराहना करते हुए कहा कि हमारे सशस्त्र बलों के पराक्रम से देश की सीमाएं महफूज हैं। सीमा पर घूसपैठ के साथ-साथ तस्करी आदि पर भी मजबूती से लगाम लगाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपदा के समय भी सशस्त्र बलों के द्वारा देश सेवा में सदैव उल्लेखनीय कार्य किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत उभरकर सामने आया है, जिसमें सेना व सशस्त्र बलों को विदेशी ताकतों के दांत उनके घर में घूसकर खट्टे करने की खुली छूट दी है, वहीं सेना की मांग के अनुरूप आधुनिक हथियारों से भी सेना को लेस किया है। साथ ही देश में ही हथियारों का निर्माण भी बडी संख्या में शुरू हुआ है। उन्होंने सशस्त्र सीमा बल के मौजपुर प्रशिक्षण केंद्र में जवानों के सुगमता से आवागमन के लिए अलवर सांसद एवं केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव की पहल पर दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस हाईवे से स्लीप लेन बनाने का प्रस्ताव केंद्रीय परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी को भिजवाया गया है, जिस पर सैद्धांतिक सहमति बन गई है। उन्होंने परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सशस्त्र सीमा बल के उप महानिरीक्षक संजीव यादव ने अतिथियों के पधारने का आभार जताते हुए बताया कि सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल के 9वें नव प्रशिक्षु बुनियादी प्रशिक्षण बैच में 23 आरक्षियों को 44 सप्ताह का बुनियादी प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें मुख्यतः प्रशिक्षुओं को युद्ध कौशल, आपदा प्रबंधन आदि का गहनता से प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गांधीनगर द्वारा आर.टी.सी. सशस्त्र सीमा बल अलवर के साथ हुए समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त इन नव आरक्षियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जो उनके प्रशिक्षण को शैक्षणिक दक्षता एवं मान्यता प्रदान करते हैं। आर.टी.सी. के प्रशिक्षुओं एवं कार्मिकों द्वारा विभिन्न जोशपूर्ण एवं आकर्षक प्रदर्शन प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में जीएसटी के आयुक्त सुमित कुमार यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अलवर काम्बले शरण गोपीनाथ, सशस्त्र सीमा बल डेरा के कमांडेंट देबाशीष त्रिपाठी, आईटीबीपी के द्वितीय कमान अधिकारी सत्वेन्द्र, उपखण्ड अधिकारी लक्ष्मणगढ़ अर्चना चौधरी, वन क्षेत्राधिकारी लक्ष्मणगढ़ रविन्द्र भाटी, राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय गांधी नगर गुजरात से डॉ. ईशा अरोड़ा एवं कुणाल गोस्वामी, बन्नाराम मीणा, संजय नरूका, जितेन्द्र राठौड, दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल प्रदीप तोमर, सुधीर माथुर, अजीत यादव सहित जनप्रतिनिधिगण, एसएसबी के अधिकारी, जवान एवं प्रशिक्षुओं के अभिभावक मौजूद रहे।

## टोबैको फ्री यूथ कैंपन, स्कूल और ग्राम पंचायते होंगी तंबाकू मुक्त

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(नि.सं.)।** जिले में भी टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत 9 अक्टूबर से 12 दिसंबर 2025 तक दो माह में सघन जन जागरण गतिविधियों के साथ जिले के समस्त विद्यालयों तथा ग्राम पंचायतों को तंबाकू मुक्त घोषित करवाया जाएगा। इसके लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी विभागों के समन्वय द्वारा यहां कोटपा एक्ट 2003 की समस्त धाराओं व तंबाकू फ्री गाइडलाइंस की शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चित करवाई जाएगी। गुरूवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य निदेशालय जयपुर द्वारा आयोजित वीडियो कांफ्रेंस में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम से निर्देश प्राप्त हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 का मुख्य उद्देश्य युवाओं तथा बच्चों को तंबाकू जैसे जहर से दूर रखना है इसके लिए विभिन्न विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं, स्काउट एंड गाइड के सहयोग से वाद विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, रैली, नुक्कड़ नाटक व अन्य जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएगी। ख़ैरथल सीएमएचओ डॉ अरविंद गेट ने बताया कि महाअभियान की विस्तृत कार्य योजना का अनुमोदन सांसद भूपेंद्र यादव एवं जिला कलक्टर साहब द्वारा करवाते हुए उन्हीं के निर्देशन में 12 दिसंबर तक यह अभियान सभी जिलों में संचालित करवाया जाएगा। यह सभी कार्यक्रम एक निश्चित टाइमलाइन अनुसार संपादित किए जाएंगे। साथ ही डॉ. गेट ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से ज़िले के सभी BCMO एवं समस्त चिकित्सा अधिकारी अधिकारियों को इस अभियान के अंतर्गत होने वाली समस्त गतिविधियों एवं इनका लाभ समस्त जन तक पहुँचे इसकी पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए इस अभियान के अंतर्गत समस्त स्टेकहोल्डर्स जिनमें जनप्रतिनिधि, तंबाकू विक्रेता, खाद्य सुरक्षा प्रकोष्ठ, तंबाकू उपयोगकर्ता, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ कार्याशालाएं आयोजित होंगी। ग्राम स्तर पर गठित वीएचएसएनसी समिति तथा शहरी क्षेत्र में गठित मास समितियां द्वारा जन-जन तक तंबाकू के दुष्प्रभाव को लेकर जागरूकता लाई जाएगी। तंबाकू छोड़ने के लिए आमजन को प्रेरित कर उन्हें तंबाकू से सेशेषन कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा। ज़िले में अभियान के नोडल डॉ ललित शर्मा ने बताया कि अभियान को लेकर सोशल मीडिया पर भी विशेष जन जागरण अभियान चलाया जाएगा जिसमें प्रमुख प्लेटफॉर्म्स पर फोटो, वीडियो, रील्स व पोस्ट द्वारा तंबाकू की समाज में स्वीकार्यता के विरुद्ध माहौल तैयार करने का प्रयास किया जाएगा।

## विश्व मैन्टल हैल्थ डे, मीडिया के माध्यम से दिया लोगों को मानसिक रोग दूर करने का संदेश

### मानसिक रोग को दूर करने के लिए अपने मन में विश्वास जगाए कि मैं स्वस्थ हूं- डॉ. दुदानी





जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** टैल्को सर्किल समीप विज्ञान नगर स्थित दुदानी हॉस्पिटल में डॉ. किशोर दुदानी ने शुक्रवार को विश्व मैन्टल हैल्थ डे के अवसर पर मीडिया के माध्यम से लोगों को बताया कि आज पूरी दुनिया में सिर उठा रही है मैन्टल हैल्थ की समस्या। ऐसे में लोगों को जागरूक करते हुए संदेश दिया कि लोगों को यह नहीं समझना चाहिए कि वे मानसिक रूप से बीमार हैं, क्योंकि अधिक बीमारी तो मन के संदेह के चलते घर कर लेती है। ऐसे में मानसिक बीमारी से आज घबराने की जरूरत नहीं वरन इससे लडने की जरूरत है। मानसिक रोग एवं नशा मुक्ति विशेषज्ञ डॉ. किशोर दुदानी ने बताया कि आज छोटी छोटी बात पर लोग मानसिक रूप से बीमार हो जाते हैं जबकि किसी भी परेशानी को समझते हुए उसे दूर करने की जरूरत पर लोगों को ध्यान देना चाहिए। आज दुनिया में करीब 97 करोड लोग डिप्रेशन के शिकार हैं। वहीं भारत में 4.5 प्रतिशत लोग डिप्रेशन के शिकार हैं। डॉ. दुदानी ने बताया कि आज दु निया में हर आठ व्यक्तियों में से एक व्यक्ति मैन्टल हैल्थ की समस्याओं के साथ जी रहा है। वहीं हर साल 8 लाख लोग मानसिक रोग से परेशान होकर आत्महत्या कर रहे हैं। मानसिक रोग से लडने के लिए डॉ. दुदानी ने लोगों से कहा कि मन में आत्मविश्वास जगाकर आगे बढे ओर इस रोग को दूर करने के लिए ही सबसे बडा उपचार अपनी आत्म शक्ति ओर विश्वास है। यदि मन में यह रख लिया कि मैं इस बीमारी से परेशान हूं तो वह बीमारी नहीं होते हुए भी घर कर जाएगी, ऐसे में उसे दूर रखने के लिए यह अपने मन में यह विश्वास जगाए कि मैं स्वस्थ हूं। डॉ. ने लोगों को जानकारी दी कि यदि फिर भी किसी को समस्या आती है तो वे टैल्को सर्किल समीप विज्ञान नगर स्थित दुदानी हॉस्पिटल में डॉ. से मानसिक रोग को दूर करने के लिए परामर्श लिया जा सकता है।

## करवा चौथ पर चौथा माता मंदिर में उमड़ी महिला श्रद्धालुओं की भीड़

जयपुर टाइम्स





**राजगढ़(नि.सं.)** उपखंड क्षेत्र के समीपवर्ती सकट के चौथ माता मंदिर में करवा चौथ व्रत पर्व पर शुक्रवार को महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक परिधान पहनकर माता के दरबार में पूजा-अर्चना करने पहुंचने लगीं। महिलाएं अखंड सुहाग और पति की लंबी आयु की कामना करते हुए माता को दूध, जल और मिठाई का भोग लगा रही हैं। मंदिर परिसर में भक्ति और आस्था का विशेष माहौल देखने को मिला। वहीं, बाजारों में भी करवा चौथ की रौनक नजर आई। श्रृंगार का सामान खरीदने के लिए महिलाओं में उत्साह दिखा। शाम को चांद निकलने के बाद महिलाओं ने परंपरागत विधि से व्रत खोला। वहीं राजगढ़ कस्बा निवासी सुमन, गायत्री आदि ने बताया कि करवा चौथ का व्रत महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुख-शांति के लिए रखती हैं। इस दिन सुबह से व्रत शुरू होता है और दिनभर पानी भी नहीं पिया जाता। रात में चांद निकलने के बाद छलनी से पति का चेहरा देखकर व्रत खोला जाता है, फिर भोजन किया जाता है। सनातन धर्म में यह महिलाओं का सबसे महत्वपूर्ण व्रत और त्योहार है, जिसका इंतजार वे पूरे साल करती हैं। इस अवसर पर महिलाएं नए कपड़े, साड़ियां, ज्वेलरी और श्रृंगार का सामान खरीदकर उत्साह के साथ तैयारियां करती हैं। करवा चौथ पर बाजार में भीड़भाड़ रही।

## रामगढ विधायक ने शहरी सेवा शिविर में लाभार्थियों को पट्टे व पीएम आवास योजना के चेक

### प्रदान कर किया लाभांवित




जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** राज्य सरकार द्वारा आमजन को राहत प्रदान करने उद्देश्य से लगाए जा रहे शिविरों की श्रृंखला में गोविन्दगढ नगर पालिका में शहरी सेवा शिविर आयोजित हुआ, जिसमें रामगढ विधायक सुखवंत सिंह ने लाभार्थियों ने पट्टे एवं प्रधानमंत्री आवास योजना एवं शौचालय निर्माण हेतु राशि के चेक का वितरण किया। रामगढ विधायक सुखवतं सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में राज्य सरकार द्वारा आमजन के काम एक ही छत के नीचे सम्पादित कर राहत प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेशभर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही इन शिविरों में आमजन को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोडकर भी लाभांवित किया जा रहा है। उन्होंने शिविर प्रभारी को निर्देश दिये कि सेवा पखवाडे के तहत आयोजित शिविरों में आमजन समस्याओं को प्राथमिकता में रखते हुए मौके पर ही निस्तारित कर उन्हें राहत प्रदान करें। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि राज्य सरकार लगाए जा रहे सेवा शिविरों में पहुंचकर इनका लाभ लेवे। साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी इन शिविरों की जानकारी प्रदान कर लाभांवित करावे। इसके उपरान्त उन्होंने गोविन्दगढ क्षेत्र में व्यापारियों की बैठक लेकर जीएसटी में आमजन को मिल रहे लाभ के संबंध में 16 अक्टूबर को आयोजित होने वाले सम्मेलन की व्यापारियों को जानकारी प्रदान कर कहा कि आमजन को राहत प्रदान करने हेतु केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी में सुधार किए गए हैं, अतः आमजन को इनका लाभ प्रदान करें।

# जिला कलक्टर ने ली जिले के आधारभूत संरचनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक

### आधारभूत संरचनागत कार्यों को प्राथमिकता से निर्धारित टाइमलाइन में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करावें - जिला कलक्टर

जयपुर टाइम्स



**अलवर(नि.सं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में प्रगतिगत इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर कार्यों को निर्धारित टाइमलाइन में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने आरएसआरडीसी, पीडब्ल्यूडी, यूआईटी, नगर निगम, जेवीवीएनएल इत्यादि विभागों के आधारभूत संरचनागत कार्यों की बिंदुवार समीक्षा कर निर्देश दिये कि संबंधित विभागीय अधिकारी अंतर विभागीय समन्वय स्थापित कर समस्त कार्यों को निर्धारित टाइमलाइन के अनुरूप गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों के लिए भूमि का आवंटन सहित संपूर्ण प्रक्रियाओं को प्राथमिकता से पूर्ण कर कार्यों को गति देवें, ताकि आमजन को इनका लाभ यथाशीघ्र मिल सके। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के सड़क संबंधी रेस्टोरेशन, मिसिंग लिंक, प्रगतिरत सडक निर्माण कार्यों एवं भवन निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि रेस्टोरेशन के 34 कार्यों को दीपावली से पहले पूर्ण करावें, साथ ही अन्य कार्यों को निर्धारित टाइमलाइन में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि भवन निर्माण कार्यों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर का निर्माण आवश्यक रूप से किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए की शिशु चिकित्सालय में पीडियाट्रिक ब्लॉक उन्नयन के कार्य को यथासमय पूर्ण करें। जिला कलक्टर ने आरएसआरडीसी को जिला चिकित्सालय में 100 बैड भवन निर्माण, क्रिटिकल केयर निर्माण कार्य, अप्रोच रोड सहित अन्य कंस्ट्रक्शन संबंधित कार्यों को 31 दिसंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम द्वारा शहर में कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि तांगा स्टैण्ड, महिला चिकित्सालय, जाटव बस्ती, अखैपुरा एवं खदाना मोहल्ले में 15 नवंबर तक शौचालय के निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही दिवाली से पूर्व वेस्ट टू आर्ट वर्क, लाइटिंग, ट्यूरिस्ट के लिए साईनेज, 46 सड़क मरम्मत कार्य, भगत सिंह सर्किल से बिजली घर चौराहे तक नाला सफाई कार्य इत्यादि को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यूआईटी की सचिव को निर्देश दिये कि प्रगतिरत सौन्दर्यकरण कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करावे, जिनमें टेल्को सर्किल सौंदर्यकरण, केविके सेंटर, साइकिल ट्रैक, भवानी तोप से एफसीआई गोदाम तक लाइटिंग, जीएसएस अरावली विहार इत्यादि कार्यों को दिवाली से पहले पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, यूआईटी की सचिव धीगदे स्नेहल नाना, एसडीएम अलवर माधव भारद्वाज, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, जेवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता बी एस बंसल, आरवीपीएन के अधीक्षण अभियंता महिपाल यादव, पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह, जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता संजय खत्री सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता 11 अक्टूबर को

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता अभियान के सह संयोजक प्रेमसिंह बनवासा ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 10 बजे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ करेंगे। प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों के प्रतिभागी एवं ललित कला के चित्रकार विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और डिजिटल इंडिया जैसे विषयों पर अपनी परिकल्पना को कैनवास पर उकेरेंगे। यह प्रतियोगिता युवाओं में राष्ट्र निर्माण, नवाचार और तकनीकी विकास के प्रति रुचि जागृत करने का एक रचनात्मक प्रयास है। कार्यक्रम का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह सायं 4 बजे आयोजित किया जाएगा, जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सहित अनेक वरिष्ठ नेता एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

## जयपुर में आवारा पशुओं पर सख्त कार्रवाई, 70 से ज्यादा गौवंश हिंगोनिया भेजे गए – कांग्रेस ने जताया विरोध

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राजधानी जयपुर में आवारा पशुओं से हो रही परेशानियों को देखते हुए नगर निगम ग्रेटर और हेरिटेज की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। दोनों निगमों की पशु प्रबंधन शाखा ने परकोटे क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध रूप से संचालित डेरियों से 70 से अधिक गौवंश को पकड़कर हिंगोनिया गौशाला भेज दिया। अभियान सुबह से ही परकोटे के प्रमुख बाजारों – छोटी चौपड़, बड़ी चौपड़, चांदपोल, ब्रह्मपुरी, पुरानी बस्ती, कंवर नगर, गणगौरी बाजार और चौगान स्टेडियम क्षेत्रों में शुरू हुआ। नगर निगम की करीब 3 दर्जन कर्मचारियों वाली टीम ने योजनाबद्ध तरीके से यह कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान कई डेयरी संचालकों ने विरोध जताया। इसी बीच एक गौवंश को पकड़ने के दौरान एक गाय बुजुर्ग व्यक्ति से टकरा गई, जिससे उनके पैर में चोट आ गई। घटना के बाद कांग्रेस के स्थानीय नेता और कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और निगम कार्रवाई के खिलाफ धरने पर बैठ गए। मेयर कुसुम यादव के मौके पर पहुंचने और समझाइश देने के बाद विरोध शांत हुआ। मेयर ने कहा कि निगम की कार्रवाई आमजन की सुरक्षा के लिए की जा रही है और भविष्य में भी यह अभियान जारी रहेगा। नगर निगम हेरिटेज के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश शर्मा ने बताया कि मेयर और कमिश्नर के निर्देश पर यह संयुक्त अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि अब तक परकोटे क्षेत्र से 6 दर्जन से ज्यादा गौवंश को हिंगोनिया गौशाला भेजा जा चुका है। अगर कोई डेयरी संचालक दोबारा नियमों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से जहां स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है, वहीं डेयरी संचालकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में असंतोष बना हुआ है।

## सुप्रीम कोर्ट ने दी राजस्थान पुलिस को राहत – आमेर परिसर खाली करने के आदेश पर रोक, 33 साल से पुलिस के कब्जे में है जमीन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राजस्थान पुलिस विभाग को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सर्वोच्च न्यायालय ने आमेर परिसर की उस भूमि पर बेदखली आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिस पर पुलिस का पिछले 33 वर्षों से कब्जा है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान मामले में यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए। यह मामला तब शुरू हुआ जब कुछ निजी व्यक्तियों – शमीना बानो और अन्य ने – इस भूमि पर स्वामित्व का दावा किया। उन्होंने पुराने दस्तावेज़ों और राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर दावा किया था कि यह जमीन उनके पूर्वजों की निजी संपत्ति थी। लंबी सुनवाई के बाद ट्रायल कोर्ट ने 6 जनवरी 2022 को वादकर्ताओं के पक्ष में फैसला देते हुए पुलिस विभाग को जमीन खाली करने के आदेश दिए थे। इस निर्णय को बाद में राजस्थान हाईकोर्ट ने भी 30 जुलाई 2024 को बरकरार रखा था। सरकार की पुनर्विचार याचिका भी 11 सितंबर 2024 को खारिज कर दी गई थी। राज्य की ओर से सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी और अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि यह भूमि 1992 से पुलिस विभाग के उपयोग में है और यहां पुलिस ट्रेनिंग सेंटर सहित अन्य प्रशासनिक इकाइयां संचालित हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकारी भूमि है और विरोधियों द्वारा किए गए दावे झूठे और अप्रमाणिक दस्तावेजों पर आधारित हैं। इस जमीन को कानून-व्यवस्था और प्रशिक्षण ढांचे का अहम हिस्सा बताते हुए इसे खाली करवाने पर रोक लगाने की मांग की गई थी। सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की दलीलों को स्वीकार करते हुए ट्रायल कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेशों पर अंतरिम स्थगन दे दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई तक मौजूदा स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

## सुरेरा में 15 साल बाद रोडवेज बस सेवा पुनः शुरू, ग्रामीणों में खुशी की लहर। रोड़वेज के चालक व परिचालक का स्वागत किया



जयपुर टाइम्स

**नांवासिटी(निसं.)।** सीकर से अजमेर के लिए सीकर डिपो की नई रोडवेज बस सेवा शुक्रवार को शुरू की गई, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। यह बस सेवा लगभग 15 साल बाद पुनः प्रारंभ हुई है। बस के सुरेरा कस्बे में पहुंचने पर ग्रामीणों ने चालक और परिचालक का जोरदार स्वागत किया। बस सीकर से सुबह 6:30 बजे रवाना होकर वाया खूड़ 7:00 बजे, दांतारामगढ़ 7:40 बजे, सुरेरा 8:05 बजे, नांवा 8:45 बजे, परबतसर 9:50 बजे, रूपनगढ़ 10:00 बजे, किशनगढ़ 10:45 बजे होते हुए 11:30 बजे अजमेर पहुंचेगी। वहीं वापसी यात्रा दोपहर 1:30 बजे अजमेर से प्रारंभ होकर 2 बजे किशनगढ़ ,रूपनगढ़ 2:40 बजे, नांवा 4 बजे , सुरेरा 4 :35 बजे, 5:10 बजे दांतारामगढ़ होते हुए शाम 6:30 बजे सीकर पहुंचेगी। बस के सुरेरा पहुंचते ही ग्रामीणों ने चालक बसंत कुमार और परिचालक रामकुमार का माला पहनाकर व मुंह मीठा करवाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य प्रबंधक दीपक कुमार कुमावत और यातायात प्रबंधक बीरमाराम ने बताया कि इस बस सेवा से सीकर, सुरसुरा, नांवा, परबतसर और अजमेर के यात्रियों को सीधी सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों ने बताया कि 2011 के आसपास बंद हुई यह बस सेवा उनके लिए बड़ी राहत लेकर आई है। बस सेवा पुनः शुरू होने से महिला, वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांग यात्रियों को किराए में छूट का भी लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम में लुकमान शाह, दशरथ सिंह राठौड़, बाबूलाल बरवड़, एडवोकेट सीताराम जांगिड़, मदनलाल, गोविंदराम खुशिया, गुलाबचंद कुमावत, मनोज गंगवाल, बंटी माली, अर्जुन राम मुंडोतिया, शिवशंकर शर्मा, राकेश सैन, श्रवण शर्मा, डॉ. हरविंदर सिंह चौधरी सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# हनुमानगढ़ में किसानों पर लाठीचार्ज, कई घायल- डीएपी खाद वितरण में मची भगदड़ से अफरा-तफरी

जयपुर टाइम्स

**हनुमानगढ़(निस.)** भादरा कस्बे में शुक्रवार सुबह डीएपी खाद वितरण के दौरान पुलिस और किसानों के बीच तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। कृषि विश्राम गृह के बाहर खाद के लिए लंबी लाइन में खड़े किसानों पर अचानक पुलिस ने लाठियां बरसा दीं। इस दौरान भगदड़ मच गई, जिससे कई किसान और महिलाएं घायल हो गए। मौके पर चप्पलें, थैले और कपड़े बिखरे पड़े मिले।



### रात से लाइन में लगे थे किसान

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को भादरा स्थित कृषि विश्राम गृह में डीएपी खाद के लिए टोकन वितरण होना था। इसकी सूचना गुरुवार को ही किसानों तक पहुंच गई थी। इस वजह से सैकड़ों किसान रात से ही लाइन में लग गए, ताकि उन्हें समय पर खाद मिल सके। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे तक पुरुषों और महिलाओं की भारी भीड़ जमा हो चुकी थी। भीड़ इतनी बढ़ गई कि कई बार धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। सुबह करीब 11.30 बजे टोकन वितरण शुरू हुआ, लेकिन जैसे-जैसे भीड़ बढ़ती गई, नियंत्रण बिगड़ने लगा। कई किसान और महिलाएं दीवार फांदकर कृषि विश्राम गृह के अंदर घुस गए। स्थिति को संभालना मुश्किल होता देख पुलिस ने अचानक लाठीचार्ज कर दिया।

### अचानक हुए लाठीचार्ज से मचा हड़कंप

बिना किसी पूर्व चेतावनी के पुलिस की ओर से किए गए लाठीचार्ज से भगदड़ मच गई। महिलाएं और बुजुर्ग जमीन पर गिर पड़े, बच्चे रोने लगे। कई किसानों को चोटें आईं और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। भगदड़ के बाद कई किसानों के जूते, कपड़े और सामान वहीं छूट गए। किसानों ने आरोप लगाया कि वे शांतिपूर्वक लाइन में खड़े होकर खाद लेने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने अचानक बल प्रयोग कर दिया। महिलाओं ने बताया कि करवाचौथ के दिन पूजा की तैयारी करने के बजाय वे खेतों की जरूरत के लिए खाद लेने आई थीं, लेकिन उन्हें भी लाठियां झेलनी पड़ीं।

### किसान नेताओं ने दी आंदोलन की चेतावनी

घटना के बाद किसान नेताओं में गुस्सा फैल गया। उन्होंने प्रशासन पर मनमानी और किसानों के साथ बदसलूकी का आरोप लगाया। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो जिलेभर में आंदोलन शुरू किया जाएगा। फिलहाल, स्थानीय प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं और घायलों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया है। घटनास्थल पर हालात सामान्य बताए जा रहे हैं, लेकिन किसानों में नाराजगी बनी हुई है।

## सांगानेर एयरपोर्ट पर हाइड्रोपोनिक करीब 1 करोड़ कीमत का गांजा बरामद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर के सांगानेर एयरपोर्ट पर शुक्रवार को यात्रियों की तलाशी के दौरान बैंकॉक से आए एक यात्री से करीब 1 करोड रुपए कीमत का हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया गया है कस्टम विभाग की टीम बैंकॉक से आए यात्री से बरामद किए गए हाइड्रोपोनिक गांजे के बारे में आवश्यक जानकारी जुटा जा रही है यात्री से पूछताछ करके यह पता लगाया जा रहा है कि वह हाइड्रोपोनिक गांजा कहां और किन लोगों को सप्लाई करने के लिए जा रहा था तथा इस यात्री के बारे में भी पूछताछ करके पता लगाया जा रहा है कि क्या यह यात्री पहले भी विदेश यात्रा कर चुका है विदेश यात्रा के दौरान कहां कहां गया और किन-किन लोगों से मुलाकात की और विदेश यात्राओं के जाने के पीछे इस यात्री का लक्ष्य क्या हुआ करता था इन तमाम बातों की जानकारी हासिल की जा रही है उल्लेखनीय है कि सांगानेर एयरपोर्ट पर आए दिन कस्टम विभाग की टीम की ओर से आए दिन विदेश से आए यात्रियों से प्रतिबंधित वस्तुएं बरामद की जा रही है कभी तस्करी का सोना तो कभी अवैध मादक पदार्थ यात्रियों से निरंतर बरामद हो रहे हैं ज्यादातर खाड़ी देशों से आए यात्रियों के पास में अवैध सोना बरामद के मामले ज्यादा सामने आए हैं अभी कुछ दिनों की कस्टम विभाग की कार्रवाई पर गौर करें तो विदेश से आए यात्रियों से हाइड्रोपोनिक गांजा भी बड़ी मात्रा में बरामद किया गया है अभी कुछ दिन पहले ही एक अन्य यात्री से करीब 1 करोड रुपए कीमत का ही हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया गया था शुक्रवार को एक बार फिर से बैंकॉक से आए यात्री से करीब 1 करोड़ कीमत का ही गांजा बरामद किया गया है ।जानकार लोगों का कहना है कि जिन देशों के एयरपोर्ट से यह यात्री भारत के लिए उड़ान भरते हैं शायद वहां पर यात्रियों से ठीक तरह से जांच पड़ताल नहीं की जाती या फिर वहां आपस की मिली भगत के माध्यम से यह लोग फ्लाइट पकड़ने में कामयाब हो जाते हैं लेकिन सांगानेर एयरपोर्ट पर तैनात कस्टम विभाग के अधिकारियों को यह यात्री चकमा नहीं दे पाते और कहीं ना कहीं पकड़ में आ जाते हैं इसलिए यह तो कहना ही पड़ेगा कि सांगानेर एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग की टीम काफी ईमानदारी से अपनी ड्यूटी निभाती है।

## भरतपुर में टोलकर्मियों और व्यापारियों में झड़प, एक दुकानदार गंभीर घायल

जयपुर टाइम्स



**भरतपुर(निसं.)** शुक्रवार शाम हलैना टोल प्लाजा पर टोल कंपनी के कर्मचारियों और स्थानीय दुकानदारों के बीच हिंसक झड़प हो गई। टोलकर्मियों द्वारा हाईवे किनारे बनी अस्थायी दुकानों को हटाने की कार्रवाई के दौरान विरोध करने पर लाठीचार्ज जैसी स्थिति बन गई। घटना में दो दुकानदार घायल हुए, जिनमें से एक की सिर में गंभीर चोट आई है। जानकारी के अनुसार, कलेक्टर के निर्देश पर आगरा-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (ह॥-21) के किनारे से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही थी। टोल कंपनी के कर्मचारी पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे। इस दौरान हलैना कस्बे के कुछ व्यापारी, जो अस्थायी दुकानें लगाए बैठे थे, विरोध करने लगे। विरोध बढ़ने पर टोल कर्मचारियों और दुकानदारों में हाथापाई हो गई। आरोप है कि टोलकर्मियों ने लाठियों से हमला किया, जिसमें दो लोग घायल हो गए। पदम सैनी नामक दुकानदार के सिर पर गंभीर चोट लगने के बाद उसे हलैना अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए भरतपुर के आरबीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। व्यापारियों का कहना है कि करवाचौथ जैसे पर्व के दिन प्रशासन ने उन्हें अतिक्रमण हटाने के लिए कोई पूर्व सूचना नहीं दी। उन्होंने टोल कर्मचारियों से एक घंटे का समय मांगा, परंतु कर्मचारियों ने जबरदस्ती जेसीबी चलवा दी और विरोध करने वालों को पीटा। हलैना थाना अधिकारी रामअवतार मीणा ने बताया कि स्थिति को देखते हुए सभी दुकानदारों को 24 घंटे का समय दिया गया है ताकि वे स्वयं अतिक्रमण हटा सकें। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, और घायल दुकानदारों का इलाज जारी है।

### महापौर की अध्यक्षता में हुई मैराथन बैठक

## विकास कार्यों की समीक्षा बैठक, कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों की पालना के संबंध में बैठक

### महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने अधिकारियों को तय समय में कार्य पूरा करने के दिये निर्देश



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ सौम्या गुर्जर की अध्यक्षता में शुक्रवार को नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय में मैराथन बैठकें हुई। जिसके तहत सर्वप्रथम विकास कार्यों की समीक्षा बैठक, कार्यकारिणी समिति द्वारा लिए गए निर्णयों की पालना के संबंध में बैठक, एम्पावर्ड समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयुक्त डॉ गौरव सैनी सहित अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता मौजूद रहे। बैठक में वार्डों में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। महापौर ने यूएलबी क्लब, रामनिवास बाग में स्पोर्ट्स एकेडमी, अटल पार्क आदि की प्रगति रिपोर्ट ली और कार्यों को शीघ्र करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वर्षाकाल में क्षतिग्रस्त सड़कों की त्वरित गति से मरम्मत करने के भी निर्देश दिए गए। इसी क्रम में महापौर ने कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों की पालना के संबंध में बैठक ली। महापौर ने इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों को कहा कि बिना लाइसेंस के चलने वाली मीट-माँस की दुकानों पर कार्रवाई की जाए एवं 'हलाल' एवं 'झटका' भी अंकित किया जाए। दीपावली पर्व से पूर्व असहाय गोवंश को भी हिंगोनिया गौशाला में भेजा जाए। पटाखों से कोई जनहानि न हो, यह भी सुनिश्चित किया जाए। साथ ही शहरी सेवा शिविर के तहत पट्टों के लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण किया जाए तथा शहरी सेवा शिविर में जोन स्तर पर फायर एनओसी भी समय पर जारी की जावे। उन्होंने कहा कि निगम का प्रथम कार्य सफाई है। यदि दीपावली पर घर व कार्यालय स्वच्छ किए जा रहे हैं तो शहर भी साफ हो, इसकी ज़िम्मेदारी सभी की है। एम्पावर्ड समिति की बैठक में कुल 3 प्रकरणों का निस्तारण कर नीतिगत निर्णय पारित किया गया। इस बैठक में उपविभाजन और पुनर्गठन के 6 प्रकरणों पर विचार-विमर्श किया गया।

## राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर पीठ को मिलेगी नई बिल्डिंग, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ने दिए संकेत

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर पीठ की नई बिल्डिंग जल्द ही बनने की संभावना है। इसके संकेत शुक्रवार को हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एस.पी. शर्मा ने दिए। वे जयपुर में बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के एक्सटेंशन काउंटर के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ने कहा, "मैं चाहता हूं कि हाईकोर्ट के लिए बड़ी और उपयुक्त जगह मिले, जिसमें हर कार्यालय को स्वतंत्र रूप से स्थान मिल सके। हो सकता है कुछ दिनों या महीनों में मैं बता सकूं कि हमारी नई बिल्डिंग के लिए जगह तय हो गई है।" उल्लेखनीय है कि जयपुर पीठ की स्थापना 30 जनवरी 1977 को हुई थी और यह पिछले 48 वर्षों से वर्तमान भवन में संचालित हो रही है। जबकि मुख्य पीठ जोधपुर वर्ष 2019 में नई बिल्डिंग में स्थानांतरित की जा चुकी है। इस अवसर पर बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के चेयरमैन भुवनेश शर्मा ने बताया कि जयपुर हाईकोर्ट में खोले गए इस एक्सटेंशन काउंटर से अब जयपुर और आसपास के जिलों के करीब 70 हजार अधिवक्ताओं को जोधपुर मुख्यालय जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। अब वकील अपने रजिस्ट्रेशन, नवीनीकरण, योजनाओं के आवेदन और अन्य बार काउंसिल से संबंधित कार्य जयपुर में ही कर सकेंगे। लॉ ग्रेजुएट छात्रों को अब एडवोकेट रजिस्ट्रेशन के लिए अपने दस्तावेज़ जयपुर में ही जमा कराने की सुविधा मिलेगी। इससे अधिवक्ताओं और विधि विद्यार्थियों दोनों को समय और खर्च की बड़ी बचत होगी।

## हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट एक्सपो का आयोजन 11 से ग्रामीण हाट में

### अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी के हों प्रयास जिला कलेक्टर

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निसं.)** दीपावली से पूर्व बीकानेर में देश के विभिन्न राज्यों के हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट विक्रेता एकत्रित होंगे। अवसर होगा, जिला कलेक्टर और बीकानेर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष नम्रता वृष्णि की पहल पर जिला प्रशासन एवं बीकानेर विकास प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में 11 से 18 अक्टूबर तक जयनारायण व्यास कॉलोनी स्थित ग्रामीण हाट आयोजित होने वाला हैंडलूम और हेंडीक्राफ्ट एक्सपो का। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बताया कि एक्सपो में बीकानेर और राजस्थान के विभिन्न जिलों सहित 15 राज्यों के परंपरागत हथकरघा और हस्तशिल्पों के विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय किया जाएगा। एक्सपो का उद्घाटन 11 अक्टूबर को सायं 5 बजे होगा। उद्घाटन के पश्चात एक्सपो का समय प्रातः 11 से रात्रि 9 बजे तक रहेगा। एक्सपो में आंध्रप्रदेश से लेदर कठपुतली, बिहार से मधुबनी और भागलपुर साड़ी, गोवा से कुनबी, कोर्शिया, गुजरात से अजरख, मेटल और बांधनी, हिमाचल से आर्गेनिक फ़ूड, मध्यप्रदेश से गोंड आर्ट और बाघ प्रिंट, ओडिशा से पटचित्र, पेडी स्ट्रॉ आर्ट, उत्तरप्रदेश से लकड़ी के लैंप, हैंडलूम बनारसी साड़ी और चिकनकारी, पश्चिम बंगाल से जूट और कांथा प्रिंट जैसी विभिन्न उत्पाद आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इसके अलावा राजस्थान से पेपर मैसी, टेराकोटा, पंजा दरी की स्टॉल्स लगाई जाएगी। बीकानेर विकास प्राधिकरण की आयुक्त अपर्णा गुप्ता ने बताया कि 'वोकल फ़ॉर लोकल' को ध्यान रखते हुए हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विभिन्न राज्यों से आए कारीगर एवं कलाकार भी शामिल होंगे। एक्सपो का उद्देश्य हथकरघा बुनकरों और कारीगरों को अपने उत्पादों को उपभोक्ताओं तक पहुँचाने के लिए मंच प्रदान करना है। यह प्रदर्शनी बुनकरों/कारीगरों और उपभोक्ताओं के बीच एक संपर्क स्थापित करने में महत्वपूर्ण रहेगी। उन्होंने कहा है कि अधिक से अधिक लोगों को एक्सपो में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जाए। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर, बीकानेर विकास प्राधिकरण आयुक्त अपर्णा गुप्ता, उपखंड अधिकारी महिमा कसाना और अतिरिक्त कलेक्टर नगर रमेश देव ने हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट एक्सपो के फ्लेक्स का विमोचन किया।


## पॉलिटेक्निक कॉलेज में शुरू हुआ ग्रेन इंडस्ट्री एक्सपो विधायक व्यास और जिला कलक्टर सहित अन्य अतिथियों ने की शुरुआत

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निसं.)।** तीन दिवसीय ग्रेन इंडस्ट्री एक्सपो का शुभारम्भ शुक्रवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में हुआ। शुभारम्भ समारोह में बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास, जिला कलक्टरनम्रता वृष्णि, सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र वर्मा, ब्रह्म गायत्री सेवाश्रम के अधिष्ठाता रामेश्वरानंद तथा जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि बीकानेर में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। इसमें परम्परागत तरीके के साथ नई तकनीकों का समावेश होगा तो अच्छे परिणाम आएंगे। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में बनी इन अत्याधुनिक मशीनों से पैकेजिंग, मूल्य संवर्धन और पैकेजिंग को नई पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय उद्यमी इनका अधिक से अधिक लाभ उठाएं। जिला कलक्टर ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा जिले के औद्योगिक विकास की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। राइजिंग राजस्थान जैसे आयोजन ने इसे और अधिक गति दी है। उन्होंने कहा कि बीकानेर में औद्योगिक विकास की संभावनाओं को देखते हुए ऐसे आयोजन समय-समय पर होने चाहिए तथा उद्यमियों द्वारा इनका लाभ लेना चाहिए। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि उत्पादन के साथ उसकी गुणवत्ता का ध्यान रखना भी जरूरी है। अत्याधुनिक मशीनें इस दिशा में भी महत्वपूर्ण रहेंगी। रामेश्वरानंद ने कहा कि खेतों में कृषि कार्य करने से लेकर इनकी पैकेजिंग तथा मार्केटिंग से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को लाभ हो, इसके लिए अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाना जरूरी है। बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया ने बताया कि बीकानेर फूड इंडस्ट्री का हब है। यहां मेगा फूड पार्क और गैस पाइपलाइन मंजूर होने के बाद बड़ी कंपनिया बीकानेर का रुख कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बीकानेर दाल मील एसोसिएशन के सहयोग से दूसरी बार हो रहे इस आयोजन का उद्यमियों को लाभ मिलेगा। दाल मील एसोसिएशन के अध्यक्ष जय किशन अग्रवाल ने बताया कि तीन दिवसीय एक्सपो में पंजाब, गुजरात, कर्नाटक, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान सहित विभिन्न प्रदेशों के मशीनरी निर्माताओं की 60 स्टॉल्स लगाई गई हैं। इसका उद्देश्य बीकानेर के उद्यमियों को अत्याधुनिक तकनीक से रूबरू करवाना है। बीकानेर दाल मिल्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजकुमार पचीसिया ने बताया कि मेले, भारतीय संस्कृति में व्यापार, वाणिज्य और विपणन की प्राचीन व्यवस्था है और आज के आधुनिक युग में भी यह प्रासंगिक हैं। इवेंट डायरेक्टर बृजलाल भारद्वाज एवं पवन भारद्वाज ने बताया कि 10 से 12 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले ग्रेन इंडस्ट्री एक्सपो में मशीनरी निर्माता कंपनियों द्वारा अनाज, दाल, तेल, चावल, मसाले, पोहा एवं मूंगफली दानों की प्रोसेसिंग मशीनों को प्रदर्शित किया गया है।

# भारत की दृष्टि हैं प्राचीन पांडुलिपियां

*मध्यकाल और आधुनिक काल में विदेशी आक्रांताओं ने इन्हें नष्ट तो किया, लेकिन आजादी के बाद इनके महत्व को न समझना और इनका संरक्षण न किया जाना दुखद है। प्राचीन भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को भारतीय इतिहास में भी उचित स्थान नहीं मिल पाया। भारतीय इतिहास की प्रवृत्ति केवल राजनीतिक नहीं थी, जो साम्राज्यों के उत्थान और पतन में दिखती है। भारत की समृद्ध ज़्ञान परंपरा, लोक चेतना, मानवता और नैतिकता पर आधारित जीवन दृष्टि, प्रकृति के साथ सामंजस्य और वैज्ञानिक चेतना से युक्त दृष्टि भारतीय जीवन का मूल आधार थी। भारत की दार्शनिक पद्धतियां आध्यात्मिक, धार्मिक और भौतिक चेतना से युक्त थीं, जो अलग-अलग परिस्थितियों में सभी समाजों के लिए मार्गदर्शक के रूप में विद्यमान थीं। जबकि मध्यकालीन मुस्लिम इतिहासकारों ने धार्मिक दृष्टिकोण से राजनीतिक इतिहास लिखा और आक्रांताओं की नीतियों को वैधता प्रदान की।*



इ पिछले दिनों ज्ञान भारतम् मिशन की रूपरेखा तय करने के उद्देश्य से वैश्विक सम्मेलन का आयोजन किया गया और नई दिल्ली घोषणापत्र अपनाया गया। इसका उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा के अभिन्न अंग पांडुलिपियों में बिखरे भारतीय ज्ञान के संरक्षण, उनके डिजिटलीकरण और प्रसार के साथ विदेश चली गई मूल कृतियों को वापस लाने का प्रयास शामिल है। इस घोषणापत्र में मूल पांडुलिपियों को वापस प्राप्त करने और उन्हें विदेश से लाने और उनकी डिजिटल प्रतियां सुरक्षित करने, शोध और राष्ट्रीय गौरव के लिए उन तक पहुंच सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया है। भारत अब तक दुनिया भर से चोरी या फिर तस्करी के द्वारा देश के बाहर गईं 600 से अधिक धरोहरों को वापस ला चुका है। इनमें अकेले अमेरिका से ही 559 धरोहरों को वापस लाया गया है। पांडुलिपियां किसी राष्ट्र की जीवन स्मृति और उसकी सभ्यता की पहचान की नींव होती हैं। भारत जैसी संस्कृति वाले राष्ट्र के पास पांडुलिपियों का समृद्ध संग्रह है, जिसमें लगभग एक करोड़ ग्रंथ हैं, जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ज्ञान परंपरा का प्रतिनिधित्व करते हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित पांडुलिपियां ताड़ पत्र, हस्तनिर्मित कागजों, शंटी की छालों, कपड़ों, चर्मपत्र, बर्च (भोजपत्र), ताम्रपत्र के रूप में सुरक्षित हैं, जिनका संरक्षण आधुनिक तकनीक से करने के साथ-साथ शोधकर्ताओं तक पहुंच को आसान बनाना आवश्यक है। ये सभी पांडुलिपियां मूल स्रोत के रूप में हस्तलिखित होती थीं, जो मुद्रण यंत्रों के आविष्कार से पहले सूचनाओं को रिकार्ड करने का साधन थीं। मध्यकाल और आधुनिक काल में विदेशी आक्रांताओं ने इन्हें नष्ट तो किया, लेकिन आजादी के बाद इनके महत्व को न समझना और इनका संरक्षण न किया जाना दुखद है। प्राचीन भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को भारतीय इतिहास में भी उचित स्थान नहीं मिल पाया। भारतीय इतिहास की प्रवृत्ति केवल राजनीतिक नहीं थी, जो साम्राज्यों के उत्थान और पतन में दिखती है। भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा, लोक चेतना, मानवता और नैतिकता पर आधारित जीवन दृष्टि, प्रकृति के साथ सामंजस्य और वैज्ञानिक चेतना से युक्त दृष्टि भारतीय जीवन का मूल आधार थी। भारत की दार्शनिक पद्धतियां आध्यात्मिक, धार्मिक और भौतिक चेतना से युक्त थीं, जो अलग-अलग परिस्थितियों में सभी समाजों के लिए मार्गदर्शक के रूप में विद्यमान थीं। जबकि मध्यकालीन मुस्लिम इतिहासकारों ने धार्मिक दृष्टिकोण से राजनीतिक इतिहास लिखा और आक्रांताओं की नीतियों को वैधता प्रदान की। आधुनिक काल में अंग्रेजी इतिहासकारों ने औपनिवेशिक मानसिकता से भारतीय इतिहास को प्रस्तुत किया, जिसका उद्देश्य भारतीय चिंतनधारा को अवरुद्ध करके पश्चिमी मूल्य और संस्कृति को श्रेष्ठता प्रदान करने के साथ-साथ औपनिवेशिक शासन को वैधता प्रदान करना था। आजादी के अमृतकाल में भारतीय समाज अपने अतीत के प्रति आग्रही दिख रहा है और अपनी मूल चिंतन धारा को नए संदर्भ में प्रस्तुत कर रहा है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने भारतीयता के मूल्यों को स्थापित करने के लिए आधार प्रदान किया है। आज भारतीय इतिहास को शोधकर्ता नई दृष्टि और संदर्भों के साथ-साथ वैज्ञानिक शोधों के परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत कर रहे हैं। प्राथमिक और मूल स्रोतों के साथ इतिहास सामने आ रहा है, जिससे अतीत की भ्रांति भरे विमर्श अप्रासंगिक हो रहे हैं। पूर्वाग्रह से लिखा गया इतिहास वैज्ञानिक दृष्टि और स्रोतों के साथ आज प्रस्तुत करने से झूठा साबित हो रहा है। पुरातात्विक उत्खनन से भारतीय सभ्यता के नए पक्ष स्पष्ट हुए हैं। भारतीय शासकों की विजय और जनकल्याणकारी शासन के नए पक्ष सामने आ रहे हैं। कई विश्वविद्यालयों में प्राचीन भारतीय ज्ञान पर शोधपीठों की स्थापना हो रही है और वैज्ञानिक संस्थान भी प्राचीन ज्ञान की महत्ता को स्वीकार कर रहे हैं। भारतीय जीवन पद्धति, आयुर्वेद और योग को संपूर्ण विश्व धरोहर के रूप में स्वीकार कर रहा है। यूनेस्को भारतीय सांस्कृतिक स्थलों को विश्व विरासत के रूप में स्वीकार कर रहा है। भारतीय ज्ञान परंपरा में हजारों वर्ष का चिंतन-मनन, महान विद्वानों और चिंतकों का शोध, भारत की वैज्ञानिक धरोहर शामिल हैं, जो भारतीय पांडुलिपियों में आसानी से खोजी जा सकती हैं। ये पांडुलिपियां केवल अतीत की धरोहर नहीं हैं, अपितु भविष्य के भारत की दृष्टि और दृढ़ संकल्प हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा लंबे समय से चले आ रहे बौद्धिक चिंतन, परस्पर विमर्श और तार्किकता पर आधारित लोक स्वीकृति का परिणाम है। भारत का निर्माण उसके विचारों आदर्शों एवं मूल्यों से हुआ है। भारत की पांडुलिपियां समूची मानवता की विकास यात्रा का पदचिह्न है। कोई भी सभ्यता अपने मूल आदर्श और मार्गदर्शक सिद्धांतों के आधार पर आगे बढ़ती है।

सम्पादकीय

## डिजिटल धोखाधड़ी बनती जा रही है हमारे लिए एक गंभीर समस्या



तेजी से बदलते दौर में नई तकनीकों के उपयोग को वक्त की जरूरत के तौर पर देखा जा रहा है। इसी क्रम में आम जिंदगी में संवाद से लेकर पढ़ाई-लिखाई और लेन-देन जैसे तमाम मामले अगर डिजिटल तकनीक के दायरे में आ रहे हैं तो यह स्वाभाविक है। इसी के मद्देनजर 'डिजिटल इंडिया' का नारा भी दिया गया, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इंटरनेट आधारित तकनीकों के उपयोग के प्रति आकर्षित हों। विडंबना यह है कि जिस तेजी के साथ डिजिटल यंत्रों का उपयोग बढ़ा है, उसी अनुपात में इसमें सुरक्षित गतिविधियों का ढांचा विकसित नहीं हुआ है। इससे उपजने वाले जोखिम रोज नए और जटिल स्वरूप में सामने आ रहे हैं। अमूमन हर रोज देश के किसी हिस्से से डिजिटल धोखाधड़ी की खबरें आती हैं और उसमें किसी की मेहनत की कमाई के लाखों रुपए अलग-अलग तरीके से लूट या उड़ा लिए जाते हैं। ऐसे मामले आम हैं, जिनमें सिर्फ किसी को फोन पर की जाने वाली बातचीत में उलझा कर उसे धोखाधड़ी का शिकार बनाया गया। सवाल है कि अगर देश में आधुनिक तकनीकों का विस्तार किया जा रहा है तो क्या इससे बचाव के इंतजामों को भी उतना ही अहम माना जा रहा है। गौरतलब है कि बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने यह कहा कि डिजिटल धोखाधड़ी हमारे लिए एक गंभीर समस्या बनती जा रही है, इसलिए इस पर अंकुश लगाने के लिए ठोस प्रयास किए जाने की जरूरत है। हालांकि डिजिटल फर्जीवाड़े के मामलों में कोई अचानक उफान नहीं आया है, बल्कि पिछले कुछ वर्षों से लगातार ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे यह साफ है कि आधुनिक तकनीक जितनी सुविधाजनक है, उतना ही यह जोखिम का वाहक भी बन रही है। किसी के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से फोन आता है और वह व्यक्ति बातों के जाल में इस कदर फंस जाता है कि अपने बैंक खाते से खुद ही लाखों रुपए भेज देता है। इसके कुछ ही पल बाद जब उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी के बारे में पता चलता है, तब तक देर हो चुकी होती है। पिछले कुछ समय से ऐसे मामले आम होते देखे गए हैं, जिसमें अनजान नंबर से आए फोन काल के जरिए किसी व्यक्ति को डरा-धमका कर 'डिजिटल कैद' की स्थिति में डाल दिया जाता है और फिर भयादोहन करके उसके बैंक खाते में जमा रकम को उड़ा लिया जाता है। अब ऐसी घटनाएं कोई नई नहीं रह गई हैं, लेकिन इसमें तेजी से होते इजाफे ने यह सवाल पैदा किया है कि जिन डिजिटल संसाधनों का विकास सुविधाजनक और सुरक्षित लेनदेन और अन्य गतिविधियों के लिए किया गया, आज उसी से उपजे खतरे से निपटने के तौर-तरीके आम क्यों नहीं हो पा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि आर्थिक भ्रष्टाचार से लेकर अन्य आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने या उन्हें खत्म करने के दावे के साथ डिजिटल दुनिया का विस्तार किया गया, कुछ जगहों पर व्यवहार में इसे अनिवार्य बना दिया गया, मगर आज हालत यह है कि सख्त कानूनों के बावजूद फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह साइबर संजाल में रोज नए तरीके अपना कर आम लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। हालांकि एक समस्या डिजिटल यंत्रों के उपयोग में लापरवाही से लेकर प्रशिक्षण की सीमा की भी है, लेकिन इससे साइबर सुरक्षा का सवाल बेमानी नहीं हो जाता।

## गाजा में शांति की आस



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से आगे बढ़ाए गए गाजा शांति समझौते के पहले चरण को लागू करने के लिए सहमति बन जाना इजरायल और फलस्तीन के लिए ही नहीं, पश्चिम एशिया और शेष विश्व के लिए भी राहत की खबर है। यदि इस समझौते के शेष चरणों के लिए भी इजरायल और हमास में सहमति बन जाती है तो गाजा में स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा और इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप प्रशंसा के पात्र होंगे। उनके खाते में कम से कम एक संघर्ष तो खत्म करने का श्रेय जाएगा ही। ऐसा होने की उम्मीद में ही भारतीय प्रधानमंत्री समेत विश्व के अन्य देशों के नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि इन देशों में सऊदी अरब, मिस्र समेत वह कतर भी है, जो हमास को समर्थन देने के लिए जाना जाता है। गाजा शांति समझौते के पहले चरण के तहत हमास करीब 20 बंधकों के साथ मारे गए अपहृत लोगों के शव इजरायल को सौंपेगा। इसके बदले इजरायल लगभग दो हजार फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इनमें कई हमास आतंकी भी हैं। इसी के साथ गाजा में घुसी इजरायली सेना अपने कदम पीछे खींचेगी। ट्रंप की ओर से तय किया गया शांति समझौता 20 सूत्रीय है। इसके अनुसार हमास को हथियार डालने होंगे और गाजा में अपने प्रशासनिक दखल को समाप्त करना होगा। इस पर फिलहाल कुछ कहना कठिन है कि क्या हमास हथियार छोड़ने के लिए तैयार होगा। यदि वह इस्लामी और विशेष रूप से अरब देशों के दबाव में अपने हथियारबंद समूह को भंग करने के लिए तैयार भी हो जाए तो भी इस पर भरोसा नहीं किया जा सकता कि वह इजरायल को नष्ट करने और वहां के लोगों यानी यहूदियों को मिटाने की अपनी घृणा का परित्याग करेगा। वास्तव में जब ऐसा होगा, तभी इजरायली और फलस्तीनी चैन से रह पाएंगे और पश्चिम एशिया में शांति कायम हो सकेगी।

## महिलाओं के लिए विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर विशेष

मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति के संपूर्ण स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण हिस्सा है लेकिन यह विषय अक्सर अनदेखा किया जाता है या फिर महसूस ही नहीं किया जाता है। विशेष रूप से महिलाओं के संदर्भ में महिलाओं को कई ऐसे मानसिक सामाजिक व शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है जो उनके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। महिलाओं के जीवन में हार्मोनल बदलाव एक सामान्य प्रक्रिया है। मासिक धर्म से पहले चिंता, थकान जैसे समस्याएं आती है जिन्हें



(PMS) प्रीमेंसट्रेल सिंड्रोम कहते हैं। लेकिन उसे समझा नही जाता है। गर्भावस्था व बच्चों के जन्म के बाद का समय भी अवसाद लेकर आ सकता है। जिसमें वह खुद को अकेला व असहाय महसूस करती है व अपने बच्चे के जन्म की खुशी भी महसूस नहीं कर पाती है। तत्पश्चात रजोनिवृति भी अचानक हार्मोन की कमी से चिड़चिड़ापन व डिप्रेशन जैसी समस्याएं आती हैं। लेकिन इससे भी बड़ी समस्या है सामाजिक दबाव, घरेलू हिंसा व यौन उत्पीड़न की समस्या, लैंगिक भेदभाव व कार्य स्थल पर असमानता का व्यवहार स्त्री के आत्मसम्मान पर गहरी चोट डालता है। जाति, धर्म, विकलांगता जैसे कारक भी मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। दलित महिलाओं को दोहरा भेदभाव झेलना पड़ता है। महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य को समझना और उनका समर्थन करना होगा। महिलाओं की शिक्षा को बढ़ाना होगा असमानता को दूर करके उन्हें सशक्त बनाना होगा तभी आने वाली पीढ़ी सशक्त बन पाएगी।

**लेखक - डॉ नीलम वाधवा**
**स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ**

## शिक्षक गंभीरता से समझे अपने दायित्व

अभी हाल ही में मन को व्यथित कर देने वाली घटना सामने आयी है जिसमें एक महिला छोटे बच्चों को बेरहमी से मार रही है। सभी बच्चे बहुत ही सहमे हुए खड़े हैं, और वह महिला लगातार थप्पड़ लगाए जा रही है । आज जब सोशल मीडिया इतना मुखर है उस स्थिति में भी इन जैसे कुटिल लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं या रहे। ऐसी घटनाएं शिक्षक जैसे पुनीत पद को शर्मसार करती हैं। भारत गुरु-शिष्य परंपरा का ध्वज वाहक है। इस प्रकार की घटित होने वाली ऐसी ही कईं अन्य घटनाएं गंभीर सवाल खड़े करती हैं जैसे कौन से ऐसे स्कूल हैं जो बिना किसी जांच परख के इस प्रकार के कर्मचारियों को तैनात कर लेते हैं? क्या स्कूल इन्हें रखने के उपरांत इन कर्मचारियों के व्यवहार का संज्ञान नहीं लेते? क्या स्कूल सिर्फ ऊंची फीस बटोरने के लिए हैं? क्या स्कूल अपने को दोषी मानेंगे? क्या स्कूल तुरंत कार्रवाई से लोगों को अवगत कराएंगे? इस प्रकार के दोषियों से माफीनामा लिखवाएंगे। हम सब उत्तर जानते हैं। हम भी इस प्रकार की घटनाओं के आदि हो गए हैं। इस प्रकार की घटनाएं बाल मन पर कितना बुरा असर डालती हैं। इस बात से तथाकथित शिक्षा केंद्रों को कोई मतलब नहीं है। ये किस प्रकार की शिक्षा व्यवस्था है जहां माता पिता स्कूल भेजने के बाद निश्चिंत नहीं हो सकते। मासूम बच्चे अपनी बात ठीक से कहने में भी सक्षम नहीं होते। ऐसे में आखिर उनके मनोभावों का संज्ञान कौन लेगा। प्ले स्कूल वह स्थान है जो बच्चों और उनके प्रथम स्कूल के मध्य पुल का कार्य करता है। बच्चे धीरे धीरे स्कूल के वातावरण से परिचित होते हैं। ऐसे में बच्चों के साथ शिक्षक का व्यवहार अत्यंत मधुर और कोमल होना चाहिए। दुर्भाग्य से, बच्चों के प्रति शिक्षक द्वारा अनुचित व्यवहार उनके मानसिक और शारीरिक विकास को प्रभावित करता है। यदि दिल्ली या उसके आस पास के राज्यों की ये स्थिति है तो सुदूर प्रदेशों में स्थित विद्यालयों का क्या हाल होगा। इस प्रकार का क्रूर व्यवहार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए घातक है। देश का भविष्य इस बात पर निर्भर है की उस देश की शिक्षा व्यवस्था कितनी मजबूत है। आजकल के शिक्षण संस्थान होटल जैसे प्रतीत होते हैं जहां वातानुकूलित कमरे तो मिल जाएंगे पर



*डॉ ज्योत्सना शर्मा*
*संस्कृति मंत्रालय*
*भारत सरकार*

बच्चों से प्रेम से बात करने वाला कोई नहीं मिलेगा। विद्या जीवन को अर्थ प्रदान करती है और सही मार्ग प्रशस्त करती है। वैदिक काल में भी छात्र विद्या अर्जन हेतु गुरुकुल में कई वर्ष वहीं बिताते थे। उन्हें भी अनुशासित किया जाता था पर दंड देने के अन्य तरीके थे जिनसे बच्चों को शारीरिक रूप से हानि भी नहीं पहुचती थी और उन्हें अपनी अज्ञानतावक्ष हुई भूल से सीखते भी थे । आज समय आ गया है जब अभिभावकों को बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा। भारत जैसे लोकतान्त्रिक देश में बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई कानून बने हैं, जो शारीरिक दंड को रोकते हैं जैसे लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पोकसो ऐक्ट ), 2012 बच्चों के साथ किए जाने वाले यौन अपराधों और शारीरिक शोषण के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करता है। यह अधिनियम तीन वर्ष से पाँच वर्ष तक की अवधि के लिए कारावास और जुर्माने का प्रावधान करता है। अन्य महत्वपूर्ण अधिनियम है बालक अधिकार संरक्षण आयोग अधिधियम, 2005 जो बच्चों के कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा जैसी उनके अधिकारों की रक्षा हेतु राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर आयोग की स्थापना करता है। स्कूल और शिक्षक बच्चों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार होते हैं। यदि कोई शिक्षक मारपीट करता है, तो उसके खिलाफ शिकायत दर्ज की जा सकती है और स्कूल प्रबंधन को भी इसकी जांच करनी होती है। अभिभावक स्कूल का चयन करते समय स्कूल की नीतियों, अध्यापकों के शिक्षा- कौशल और शिकायत निवारण प्रक्रिया को अच्छी प्रकार से देख लें। अपने आस-पास के समूह में भी चर्चा करें। कई परिवारों में माता पिता अपने बच्चों से बात नहीं करते। उन्हें चाहिए की वो पूरी निष्ठा से अपने बच्चे से उसके पूरे दिन के विषय में बात करें। अपने बच्चों से सरल से सरल सवाल पूछें जिससे ये बच्चों के जीवन की दिनचर्या का एक अंग बन जाए। यदि बच्चा गुमसुम या डरा हुआ प्रतीत हो रहा है तो सजग हो जाएं की अवश्य ही कुछ ऐसा घटित हुआ है जो बच्चा स्वयं कह नहीं पा रहा है। बच्चे का व्यवहार ही उसके द्वारा दिए जाने वाले संकेत हैं। बच्चे के व्यवहार में आए बदलाव को भांप कर तुरंत स्कूल से संपर्क करें और आवश्यकता अनुसार उच्च प्राधिकरण या कानून की मदद लें। आज के डिजिटल युग में प्रयास करें की तुरंत आपात हेल्पलाइन या बाल कल्याण समिति में रिपोर्ट करें । शारीरिक चोट लगने की स्थिति में आपराधिक सिविल या न्यायिक उपायों पर भी विचार कर सकते हैं। स्कूल अपनी नीतियों के विषय में अभिभावकों को अवगत कराएं और स्पष्ट रूप से सभी जानकारी उपलब्ध कराएं। यदि किसी कारण इस प्रकार की कोई घटना घटित हो भी जाती है तो स्कूल प्रशासन उस कर्मचारी के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाई करे और स्कूल-अभिभावक एसोसिएशन से संपर्क करके यथा स्थिति से अवगत कराएं और उचित निर्णय लें । अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन में स्वस्थ संवाद होना चाहिए तभी कोमल बचपन खिलखिला कर मुस्कुरा सकेगा। शिक्षक को अपने विषय का ज्ञान तो होना चाहिए पर उनमें संवेदनशीलता जैसे गुण का होना अत्यंत भी इतना ही जरूरी है। शिक्षण तभी संभव है जब शिक्षक हर बच्चे की मनोवैज्ञानिक दशा को समझता हो। किसी भी विषय का ज्ञान केवल भयमुक्त वातावरण में संभव है। यदि बच्चों के मन में किसी शिक्षक के प्रति इतना भय बैठ जाएगा तो क्या वो कुछ भी सीख सकेंगे। असंभव ।। विकसित भारत के लिए प्रबुद्ध वर्ग का निर्माण न्यून बुद्धिधारियों के बस में नहीं है। शिक्षक प्रशिक्षण बड़ी ही सूक्ष्मता के साथ दिया जाना चाहिए। शिक्षक अपना दायित्व समझे की राष्ट्र निर्माण में वे अपनी भूमिका दे रहे हैं और इसे गंभीरता से लें।



# रुक्मिणी वसंत ने कांतारा - चैप्टर 1 को बताया ज़िंदगी बदल देने वाला अनुभव

आज जब कांतारा – चैप्टर 1 दुनियाभर में रिलीज़ हुई है, तब एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत ने अपने दिल की बात शेयर की। एक इमोशनल नोट में उन्होंने बताया कि कैसे ये सफर उन्हें एक कलाकार और इंसान दोनों रूपों में नया बना गया। उन्होंने लिखा –एक साल पहले मुझे 'कांतारा – चैप्टर 1' का हिस्सा बनने का मौका मिला। इस फिल्म ने मुझे चुनौती दी, मुझे सिखाया, मेरे हुनर को निखारा और ज़िंदगी को एक नया नज़रिया दिया। ये फिल्म सच में प्यार और जुनून से बनी है – सैकड़ों लोगों की मेहनत से, जिन्होंने दिन–रात एक कर दिया। इस जादुई फिल्म का हिस्सा बनकर मैं बेहद आभारी हूं। रुक्मिणी ने फिल्म के कमान ऋषभ शेट्टी को दिल से शुक्रिया कहा- ऋषभ सर इस प्रोजेक्ट की रीढ़ हैं। सर, आपका जुनून, मेहनत और विज़न मेरे लिए बहुत बड़ी प्रेरणा रहा। मुझ पर भरोसा करने और इस सफर में मेरा साथ देने के लिए दिल से धन्यवाद।

उन्होंने होम्बले फिल्म्स की पूरी टीम – विजय किरागंदूर, चालुवे गौड़ा, आदर्श और उन सभी अनसुने हीरोज़ का भी शुक्रिया अदा किया, जिन्होंने पर्दे के पीछे रहकर इस अनुभव को जीवंत बनाया। और सफर अभी शुरू ही हुआ है। कांतारा – चैप्टर 1 के बाद रुक्मिणी अब दो बड़े प्रोजेक्ट्स में नज़र आएंगी – रॉकिंग स्टार यश के साथ टॉक्सिक और प्रशांत नील की एनटीआर जूनियर वाली मेगा फिल्म में।




# रश्मिका मंदाना की राह पर कृति शेट्टी



कृति शेट्टी साउथ इंडिया सिनेमा में बहुत कम समय में तेज़ी से एक नया नाम बनकर उभर रही हैं, जिस पर ध्यान देना ज़रूरी है। अपनी बेहतरीन स्क्रीन प्रेज़ेंस, स्वाभाविक आकर्षण और उप्पेना, श्याम सिंघा रॉय, बंगाराजु और द वॉरियर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में अपने बहुमुखी अभिनय के साथ, उन्होंने दर्शकों और फिल्म निर्माताओं, दोनों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। जिस तरह एक समय में रश्मिका मंदाना ने पूरे देश में लोकप्रियता हासिल की थी, उसी तरह कृति भी अपनी शानदार अभिनय क्षमता और सादगी भरी मौजूदगी से उसी दिशा में आगे बढ़ती दिख रही हैं। जो उन्हें अपनी पीढ़ी के सबसे होनहार चेहरों में से एक बनाता है। काफी कम समय में, कृति ने प्रभावशाली भूमिकाओं का एक ऐसा संग्रह तैयार किया है। जिन किरदारों को कृति ने निभाया है, वे दिखाते हैं कि वह अलग–अलग जॉनर में — चाहे रोमांस हो या गंभीर ड्रामा — उनमें खुद को ढालने में पूरी तरह सक्षम हैं। उनके अभिनय में भावनात्मक जुड़ाव और कैमरे के सामने सहजता, उन्हें अपने समकालीन कलाकारों की तुलना में अलग पहचान दिलाती हैं। अपनी उम्र से कहीं ज्यादा आत्मविश्वास और परिपक्वता दिखाने वाली कृति की यही खूबियाँ उन्हें उस इंडस्ट्री में अलग बनाती हैं जो हमेशा नई टैलेंट की तलाश में रहती है। कृति शेट्टी की पहचान सिर्फ एक मौजूदा लोकप्रिय कलाकार के रूप में नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद और टिकाऊ स्टार के रूप में बन रही है। वे अपने करियर में ऐसे किरदार और कहानियाँ चुन रही हैं जो न केवल उन्हें अभिनय का पूरा अवसर देते हैं, बल्कि व्यापक दर्शकों से जुड़ने का मौका भी। यह युवा अभिनेत्री, तेजी से बढ़ता फैन–बेस और कई भाषाओं की फिल्मों में उनकी मौजूदगी यह संकेत देती है कि कृति आने वाले समय में पैन इंडिया सुपरस्टार की श्रेणी में शामिल होने की राह पर हैं, और तेज़ी से दक्षिण सिनेमा की अगली बड़ी हस्ती बनती जा रही हैं।

# 'परफेक्ट कपल 2' में नजर आएंगे ईशान खट्टर



ईशान खट्टर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन में सीरीज 'परफेक्ट कपल' की अपनी एक को–एक्ट्रेस के साथ फोटो शेयर किया। इस फोटो के शेयर करते हुए, उस पर कैप्शन लिखा, 'सीजन टू?' आगे लिखा, 'परफेक्ट कपल मिल गया।' शो के मेकर्स को भी ईशान खट्टर ने यह पोस्ट टैग की है। ईशान खट्टर अपनी पोस्ट के जरिए मेकर्स को हिंट दे रहे हैं कि सीरीज 'परफेक्ट कपल 2' करना चाहते हैं। यही ख्वाहिश उनकी को-एक्ट्रेस की भी है। बताते चलें कि अमेरिकन सीरीज 'परफेक्ट कपल(2024)' में ईशान का रोल ज्यादा बड़ा नहीं था, फिर भी वह दर्शकों को याद रह गए। इस मर्डर मिस्ट्री सीरीज को सुजैन बियर ने निर्देशित किया था। निकोल किडमैन जैसी हॉलीवुड की नामी एक्ट्रेस के साथ ईशान को एक्टिंग करने का मौका सीरीज 'परफेक्ट कपल' में मिला। ईशान सीरीज में एक शूटर के रोल में थे।

### इन सीरीज में भी दिखे ईशान खट्टर

सिर्फ 'परफेक्ट कपल' सीरीज में ही ईशान खट्टर ने अभिनय नही किया है, उन्होंने मीरा नायर निर्देशित वेब सीरीज 'सूटेबल ब्वॉय' में भी काम किया है। इसके अलावा वह भूमि पेडनेकर के साथ सीरीज 'द रॉयल्स' में नजर आ चुके हैं।

# शशांक खैतान ने दिया दुल्हनिया 3 पर अपडेट

**बॉलीवुड में नई पीढ़ी की सबसे पसंदीदा ऑन-स्क्रीन जोड़ियों में से एक आलिया भट्ट और वरुण धवन की जोड़ी फिर से पर्दे पर वापसी करेगी या नहीं, इस सवाल का जवाब हर फैन पिछले कई वर्षों से तलाश रहा है। हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया और बद्रीनाथ की दुल्हनिया जैसी हिट फिल्मों के बाद दर्शक लंबे समय से इस सीरीज के तीसरे पार्ट 'दुल्हनिया 3' का इंतजार कर रहे हैं। अब इस पर निर्देशक शशांक खैतान ने बड़ा अपडेट दिया है।**

हाल ही में बॉलीवुड बबल को दिए एक इंटरव्यू में शशांक खैतान ने कहा, हम सब चाहते हैं कि 'दुल्हनिया 3' बने। चाहे मैं हूं, आलिया हो या वरुण- सभी इस फ्रेंचाइज से जुड़े हैं। लेकिन अभी तक हमें वो सही कहानी नहीं मिली है, जो हमें और दर्शकों को संतुष्ट कर सके। उन्होंने साफ किया कि टीम लगातार आइडिया पर बातचीत कर रही है लेकिन अब तक कोई ठोस प्लान तैयार नहीं हुआ है। शशांक ने यह भी कहा कि दुल्हनिया सीरीज को मिली जबरदस्त मोहब्बत को देखते हुए वे जल्दबाजी में फिल्म बनाकर दर्शकों को निराश नहीं करना चाहते।

### सिर्फ फिल्म नहीं, बल्कि कहानी मायने रखती है

निर्देशक के मुताबिक, किसी भी सफल फ्रेंचाइज का अगला पार्ट तभी बनाया जाना चाहिए जब उसके पास बताने के लिए एक मज़बूत और मजेदार कहानी हो। उनका कहना है कि दुल्हनिया 3 तभी आएगी जब टीम को लगेगा कि यह कहानी पिछले दोनों पार्ट्स से भी ज्यादा असरदार और मनोरंजक है।





# मेरा ध्यान सिर्फ़ किरदार और डायरेक्टर की सोच पर होता है

फिल्म जन्नत 2 से धमाकेदार डेब्यू करने के बाद अब ईशा गुप्ता को बॉलीवुड में 13 साल पूरे हो चुके हैं। इन सालों में ईशा ने खुद को एक बहुमुखी अभिनेत्री के रूप में स्थापित किया है। हाल ही में बातचीत में ईशा ने अपने इस सफर को एक ऐसे रोलरकोस्टर की तरह बताया, जिसमें बहुत सारा सीखना, बढ़ना और नए अनुभव शामिल रहे। अपने काम के प्रति बदले नज़रिए पर ईशा कहती हैं, वक़्त के साथ चीज़ें बदल गई हैं और मेरा नज़रिया भी। पहले मैं स्क्रिप्ट के बारे में सोचती थी, लेकिन अब मेरा ध्यान सिर्फ़ किरदार और डायरेक्टर की सोच पर होता है। एक साधारण कहानी भी सही फ़िल्ममेकर के हाथों में मास्टरपीस बन सकती है। अगर मेरा रोल सिर्फ दो मिनट का हो, तब भी मैं उसे पूरी मेहनत से करती हूं, क्योंकि राइटर ने वो किरदार मेरे लिए लिखा है। गौरतलब है कि फिल्मों में अपने किरदारों के अलावा ईशा मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे को लेकर भी काफी जागरूक हैं। बिना किसी लाग–लपेट के वह कहती हैं, इसमें कोई शक नहीं है कि आज भी हमारे देश में मेंटल थेरेपी को गलत नज़र से देखा जाता है, जबकि हकीकत यह है कि एक स्वस्थ दिमाग ही थेरेपी का चुनाव करता है। हममें से ज्यादातर लोग थेरेपी के लिए इसलिए जाते हैं, क्योंकि हम जानते हैं कि ये हमारी बेहतरी के लिए है, जबकि जिन्हें इसकी ज़रूरत है, वे कभी जाते ही नहीं। सच खून, तो मुझे आगे बढ़ने में मेरी थेरेपी ने बहुत मदद की है। मैं हमेशा कहती हूं कि अगर आपके पास पैसा है, तो उसे अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर खर्च करो और उसे स्वस्थ रखो, क्योंकि इनके बिना बाकी सब बेकार है। जहां तक ईशा के अगले प्रोजेक्ट की बात है, ईशा जल्द ही धमाल 4 में अजय देवगन के साथ नज़र आएंगी। उन्होंने हाल ही में इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की शूटिंग पूरी की है, जो ईद 2026 पर बड़े स्तर पर रिलीज़ होगी। इसमें दो राय नहीं है कि जन्नत 2 से लेकर अब तक ईशा ने बतौर अभिनेत्री खुद को बार–बार तराशते हुए एक कलाकार बनने का सफर तय किया है और उनका यह सफर सिर्फ पर्दे पर ही नहीं, बल्कि पर्दे के बाहर भी जुनून, लगन और आत्मविकास की प्रेरणादायक कहानी है।

# मैं हमेशा सोच-समझकर ही रोल्स चुनता हूं



**अभिनेता विशाल जेठवा ने हाल ही में फिल्म होमबाउंड में मुख्य भूमिका निभाई। फिल्म और उनके अभिनय को क्रिटिक्स ने खूब सराहा। अभिनेता से उनके अब तक के सफर पर खास बातचीत की...**

### 'होमबाउंड' के लिए ऑडिशन का सफर आपके लिए कैसा रहा?

पहले मैंने शोएब के रोल के लिए ऑडिशन दिया था, पर उसमें मेरा चयन नहीं हुआ। बाद में चंदन का किरदार मिला और तीन राउंड ऑडिशन देने के बाद, मेरी मेहनत रंग लाई। धर्मा के ऑफिस में मेरी और ईशान खट्टर की केमिस्ट्री देखकर तय हुआ कि मैं चंदन के लिए सही पसंद हूं।

### होमबाउंड देखने के बाद आपको सबसे बड़ा संदेश क्या मिला?

इस फिल्म को देखकर मुझे लगा कि यह सिर्फ कहानी नहीं है, बल्कि समाज की असलियत दिखाती है। यह हमें बताती है कि हमारे आस–पास भेदभाव, छोटे–छोटे झुकाव और दूसरों को कम आंकने जैसी चीजें रोज होती रहती हैं, जिन्हें हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। फिल्म ने मुझे यह सोचने पर मजबूर किया कि किसी भी बात को सिर्फ अपनी नजर से सही या गलत नहीं ठहराया जा सकता। बदलाव तभी आता है, जब हम दूसरों की सोच समझें और उनके साथ खुलकर बात करें। यह फिल्म केवल मनोरंजन नहीं करती, बल्कि सोचने और संवाद करने की प्रेरणा देती है।

### शुरुआत में बॉलीवुड में फिट न होने का एहसास कैसा था?

शुरुआत में मुझे लगता था कि मैं बॉलीवुड में फिट नहीं हूं। बाकी लोग आसानी से सब संभाल लेते हैं। उनकी भाषा, अंदाज और कॉन्फिडेंस और मैं उनके सामने खुद को सही तरीके से दिखा नहीं पा रहा था। मैं उनके हिसाब से खुद को कम समझता था और कभी–कभी मिसफिट सा महसूस करता था। लेकिन धीरे–धीरे मुझे एहसास हुआ कि मैं अलग नहीं हूं। मैंने खुद को जैसे हूं, वैसे स्वीकार कर लिया। जब मैंने खुद को एक्सेप्ट किया, तो दोस्तों और सोशल मीडिया से भी सपोर्ट मिला। मुझे समझ आया कि अपनी पहचान को अपनाना ही सबसे बड़ी जीत है। अब मैं अपने आप पर गर्व महसूस करता हूं। मैं खुश हूं कि मैंने अपने तरीके से खुद को अपनाया।

### कोई ऐसा सीन जो आपकी असली जिंदगी से जुड़ता हो?

शूटिंग के दौरान कई बार मुझे अपने किरदार से जुड़ने का मौका मिला और कुछ सीन मेरे असली अनुभवों को दर्शाते थे। मैंने अपनी पहचान को स्वीकार करना सीखा, लेकिन शुरुआत में मुझे एहसास नहीं था कि यह प्रक्रिया मेरे लिए कितनी चुनौतीपूर्ण होगी। मेरे किरदार के कुछ पहलू ऐसे थे, जिन्हें मैं पूरी तरह से स्वीकार नहीं कर पा रहा था। बिल्कुल वैसे ही जैसे असली जिंदगी में कभी–कभी हम खुद को पूरी तरह स्वीकार नहीं कर पाते।

### बड़े ऑफर्स के बावजूद आप कोई किरदार कैसे चुनते हैं?

सच कहूं तो, मुझे फिल्मों में ऑफर्स आते रहे, लेकिन मैं हमेशा सोच–समझकर ही रोल्स चुनता हूं। कई फिल्म्स गंभीर और इंटेंस सब्जेक्ट्स पर होती हैं, तो शायद उन्हें लगता था कि मैं सेफ चॉइस हूं। लेकिन मैं चाहता था कि अपने काम में एक्सपेरिमेंट करूं। इस फिल्म में भी शुरुआत में डर था, क्योंकि रोल डिमांडिंग था, लेकिन सलाम वेंकी में मैंने अलग अवतार में काम करके लोगों को अपनी काबिलियत दिखाई थी। इस प्रोसेस ने मुझे यह सिखाया कि एक एक्टर को सिर्फ टाइपकास्ट नहीं होना चाहिए। मीडियम चाहे टीवी हो या फिल्म, हमें हमेशा एक्टिंग के नजरिए से देखा जाना चाहिए।

### ईशान और जान्हवी के साथ काम का सबसे यादगार पल कौन सा रहा?

ईशान और जान्हवी के साथ काम करना बहुत शानदार अनुभव रहा। उनकी परवरिश और जीवन मेरे से काफी अलग हैं, लेकिन उन्होंने मेरे नजरिए का पूरा सम्मान किया। इससे मुझे यह समझ में आया कि किसी की अलग जर्नी होने का मतलब यह नहीं कि काम हमेशा मुश्किल या दबाव भरा है। हम सहज होकर काम कर पाए और एक–दूसरे को सपोर्ट करते रहे।

## धौलपुर के कलाकार रमा पंडित के हरियाणवी सॉन्ग ने मचाया धमाल

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस.)।** धौलपुर जिले के नादनपुर निवासी युवा कलाकार रमा पंडित इन दिनों अपने नए हरियाणवी सॉन्ग को लेकर सुर्खियों में हैं। सॉन्ग के रिलीज़ होते ही यह युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर गाना जबरदस्त ट्रेंड कर रहा है और युवाओं में इसका क्रेज लगातार बढ़ता जा रहा है। धौलपुर ही नहीं, बल्कि राजस्थान से बाहर के कई राज्यों के युवा भी रमा पंडित के इस सॉन्ग को खूब पसंद कर रहे हैं। ऊर्जावान आवाज, दमदार म्यूजिक और देसी अंदाज के साथ पेश किया गया यह गाना युवाओं के दिलों को छू रहा है। स्थानीय कलाकार के रूप में रमा पंडित ने यह साबित किया है कि प्रतिभा अगर जुनून के साथ जुड़ जाए, तो सफलता निश्चित है। उन्होंने कहा कि यह तो बस शुरुआत है–जल्द ही उनका अगला सॉन्ग भी रिलीज़ होने वाला है, जो पहले से ज्यादा धमाल मचाएगा। रमा पंडित जैसे युवा कलाकारों की उपलब्धियां न केवल जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा हैं, बल्कि धौलपुर का नाम भी प्रदेश और देशभर में रोशन कर रही हैं।

## नाबालिग बालिका से दुष्कर्म प्रकरण



## में आरोपी श्यामबाबू गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/राजाखेड़ा।** नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के संवेदनशील मामले में फरार चल रहे आरोपी श्यामबाबू पुत्र पातीराम (उम्र 25 वर्ष), जाति निषाद, निवासी गढ़ी चिंतामणि थाना राजाखेड़ा, जिला धौलपुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई भरतपुर रेंज के आईजी कैलाश चंद्र विश्नोई (IPS) और धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान (IPS) के निर्देशन में की गई। इस प्रकरण में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा, वृत्ताधिकारी राजेश शर्मा (RPS) के सुपरविजन में राजाखेड़ा थानाधिकारी रामकिशन यादव (निरीक्षक) के नेतृत्व में गठित टीमों ने त्वरित कार्रवाई की। घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की तलाश के लिए दो टीमें रवाना की गईं। लगातार तलाशी अभियान के बाद मात्र 48 घंटे में आरोपी को दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया गया।

## तीर्थ यात्रा से लौटे यात्रियों का बैंड बाजे के साथ किया फूल माला पहनाकर स्वागत



## 45 दिन की तीर्थ यात्रा से लौटे प्रजापति परिवार के लोग चेहरे पर खुशी जताई

जयपुर टाईम्स

**सांगानेर (निस.)** कस्बे के श्रीरामपुरा गांव मे श्रद्धालु तीन धाम की यात्रा संपूर्ण कर लौटे यात्रियों का ग्रामीणों द्वारा यात्रियों का बैंड बाजे और पटाखो से आतिशबाजी कर डीजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। यात्रा पूर्ण करने के बाद लोट यात्रियों के द्वारा श्रीरामपुरा में पहुंचने से पूर्व भैरूजी महाराज स्थान पर पथवारी पूजन की। इस दौरान मोहनलाल, कन्हैयालाल, प्रभूनारायण,संजय,लाली देवी , लाली देवी ,मनभर देवी ,गंगा देवी ,लाली देवी ,सहित अन्य ग्रामीण जन मौजूद रहे। हरिद्वार , ऋषिकेश , बद्रीनाथ स्थान से तीर्थयात्रा से लौटे यात्रियों का गांव में जुलूस निकाला गया। इसके बाद माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान तीर्थ यात्रियों का परिजन एवं रिश्तेदार के द्वारा कपड़े प्रथा की रस्म निभाई गई। एवं मिलना जुलना हुआ। इसके अलावा लोगों ने यात्रा के कुछ सुखद पल को आमजन के बीच साझा किया और उनसे तीर्थ यात्रा के बारे में पूछा और जगह-जगह लोगों ने इन यात्रा कर लोटे यात्रियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

## राजकीय कन्या महाविद्यालय बाड़ी में नशे से बचाव एवं हानियों पर कार्यशाला आयोजित

जयपुर टाइम्स



राज्य सरकार द्वारा संचालित "नई किरण नशामुक्ति अभियान" के अंतर्गत राजकीय कन्या महाविद्यालय, बाड़ी में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. एम. के. सिंह के निर्देशन में तथा महाविद्यालय प्रभारी गुमान सिंह मीणा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक का कार्य डॉ. योग्यता शाक्य ने किया। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता युवा चेतना फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं दैनिक चमकता राजस्थान के पत्रकार रामदास तरुण ने छात्राओं को नशे से होने वाली हानियों एवं उसके बचाव के उपायों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि नशा व्यक्ति के जीवन, परिवार और समाज तीनों को विनाश की ओर ले जाता है। हिंदी साहित्य के सहायक आचार्य डॉ. प्रकाशराम गुर्जर ने नशे के दंश से प्रभावित परिवारों और जिंदगियों को सुधारने के उपाय बताए। वहीं गुमान सिंह मीणा ने नशे से होने वाली बीमारियों एवं उसके शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व पारिवारिक प्रभावों पर प्रकाश डाला। राजनीतिविज्ञान के सहायकाचार्य केशव यादव ने मादक पदार्थों से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। इतिहास विभाग के कबीर शरण ने ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर बताया कि भारत में तंबाकू सेवन का चलन पुर्तगालियों के माध्यम से प्रारंभ हुआ।

# पूर्व जिला प्रमुख किशनचंद शर्मा ने किया राजस्थान ब्राह्मण महासभा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष महेश शर्मा का भव्य स्वागत

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर (निस.)।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर वोहरे महेश शर्मा का पूर्व जिला प्रमुख पंडित किशनचंद शर्मा जी ने अपने निज निवास मचकुंड रोड पर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व जिला प्रमुख ने नव-नियुक्त जिलाध्यक्ष को साफा, माला और पटका पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिला प्रमुख किशनचंद शर्मा ने कहा कि–ब्राह्मण समाज सदैव ज्ञान, संस्कार और सेवा की परंपरा का वाहक रहा है। समाज के संगठन को मजबूत बनाना और युवा पीढ़ी को इसके साथ जोड़ना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि महेश बोहरे के नेतृत्व में राजस्थान ब्राह्मण महासभा धौलपुर जिले में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। हम समाजहित के प्रत्येक कार्य में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे।" वहीं नवनियुक्त जिलाध्यक्ष महेश बोहरे ने अपने संबोधन में कहा कि–"मैं संगठन की मजबूती, समाज के उत्थान और शिक्षा व संस्कार आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य करूंगा। शीघ्र ही जिले की कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी, जिसमें सभी विप्रबंधुओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। संगठन को एकजुटता और सहयोग से ही आगे बढ़ाया जा सकता है।"

### इस मौके पर पंडित दुर्गा दत्त शास्त्री जी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि–

"ब्राह्मण समाज का असली बल उसकी एकता, विद्या और सेवा भाव में है। यदि समाज एकजुट रहेगा तो हर क्षेत्र में अग्रणी रहेगा। महेश बोहरे जैसे ऊर्जावान और कर्मठ व्यक्ति के नेतृत्व में संगठन को नई दिशा मिलेगी। हमारा आशीर्वाद और सहयोग सदैव उनके साथ रहेगा।"

### विशंभर दयाल शर्मा, जी ने संबोधन किया

सतीश शर्मा मैनेजर ने कहा राजस्थान ब्राह्मण महासभा संगठन राजस्थान का सर्वोच्च संगठन है जिसकी जिम्मेदारी धौलपुर जिले की बोहरे महेश शर्मा जी को दि है मैं संगठन के पदाधिकारी से कहना चाहता हूं कि आपने जो जिम्मेदारी दी है वह अच्छे व्यक्ति के हाथों में दि है महेश बोहरे इसके काबिल है वह हर चीज़ से संपन्न है और समाज को आगे बढ़ाने में अपना पूर्ण सहयोग करेंगे हम सब उनके साथ है कार्यक्रम में विशंभर दयाल शर्मा, पी.सी. बोरा जी, महेश शास्त्री, रमेश शर्मा मछरिया, प्रिंस हुंडावल, अनुराग मुद्गल, विवेक शर्मा छावनी, कूकू शर्मा, राधेश्याम जगरिया, संजय दीक्षित, सोमेंद्र तिवारी, रामावतार बोहरे, हरी निवास प्रधान, हरस्सू चेयरमैन, दिलीप दोनारी, अशोक महरौली ,अश्विनी पाराशर, हरिप्रसाद शर्मा, सज्जन बाबू, राधेश्याम जगरिया ,कालीचरण शर्मा, मुकुंद शर्मा, अरविंद शर्मा, सोनू त्रिवेदी गौरव शुक्ला सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहें। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने नव-नियुक्त जिलाध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं और समाजहित में निरंतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## गौरव पथ धौलपुर स्थित ड्रीम ट्रेड्ज ऑफिस में अग्रवाल समाज शहर की नव निर्वाचित कार्यकारिणी की मीटिंग आयोजित हुई

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर (निस.)**अग्रवाल समाज शहर धौलपुर दिनांक 09 अक्टूबर 2025 दिन गुरुवार की शाम को गौरव पथ धौलपुर स्थित ड्रीम ट्रेड्ज ऑफिस में अग्रवाल समाज शहर की नव निर्वाचित कार्यकारिणी की मीटिंग आयोजित हुई । मीटिंग में आगामी 26 अक्टूबर को बाड़ी में आयोजित होने वाले विशाल अग्र सम्मेलन की तैयारीयों तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को सम्मेलन में ले जाने व इसकी जानकारी समाज के लोगों को देने के बारे में विस्तृत चर्चा की गई । अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि हमको समाज की महिला मंडल, युवा इकाई सहित समस्त इकाइयों को साथ लेकर चलना होगा तभी हम समाज के उद्देश्यों की पूर्ति कर सकेंगे मंत्री गौरव गौरव गोयल ने कहा कि समाज का हर व्यक्ति समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे तो समाज मानव हित में बेहतर कार्य कर सकेगा मीटिंग में उपस्थित कार्यकारिणी पदाधिकारी गौरव गर्ग, सूरज गोयल, रामदास गर्ग, दीपक गोयल, अजय बंसल आदि ने भी अपने अपने विचार रखे । मीटिंग का संचालन शहर अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल जी के नेतृत्व में किया गया ।

# शुध्द आहार-मिलावट पर वार अभियान

### जिला कलक्टर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा दल की छापामार कार्यवाही 750 किलोग्राम दूषित बर्फी नष्ट कराई



### 3 हजार 500 किलोग्राम स्कीम मिल्क पाउडर और 750 किलोग्राम सूजी को किया सीज खाद्य पदार्थों के लिए नमूने

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर,** त्यौहारी सीजन में खाद्य पदार्थों में मिलावट कर आमजन की सेहत से खिलवाड़ करने वालों की अब खैर नहीं। खाद्य सुरक्षा टीम लगातार खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर खराब और दूषित पदार्थों को नष्ट करने की कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी शुभमंगला और जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा द्वारा गठित टीम ने अगम फूड प्रोडक्ट्स मनिया पर मध्य रात्रि को छापामार कार्रवाई करते हुए मिल्क केक, बर्फी, एक नमूना सूजी, एक नमूना स्कीम मिल्क पाउडर, एक नमूना बर्फी का लिया साथ ही 3 हजार 500 किलोग्राम स्कीम मिल्क पाउडर तथा 750 किलोग्राम सूजी को जप्त कर सुरक्षित अभिरक्षा में अग्रिम कार्रवाई हेतु रखवाया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि नमूनों गया जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई कठोर कार्रवाई की जाएगी। फर्म को धारा 32 के तहत नोटिस भी दिया जा रहा है। जिले भर में विभाग द्वारा मुस्तादी के साथ मिलावट खोरों के विरुद्ध अभियान दीपावली तक लगातार संचालित किया जाएगा। मिलावटखोरों के विरुद्ध खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, विनियम 2011 के तहत कार्यवाही, निरीक्षण, नमूनीकरण, सर्विलेंस, जब्ती, नष्टीकरण का कार्य सतत रुप से किया जा रहा है।

## आत्महत्या रोकथाम के लिए पुलिसकर्मी निभाएं गेटकीपर की भूमिका - डॉ.मित्तल

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आरएसी लाइन में हुआ कार्यशाला का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर (निस.),** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों की श्रृंखला में आरएसी लाइन में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर सहायक कमांडेंट सुरेश सांखला ने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहना शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही आवश्यक है। आज की तेज़ रफ्तार जिंदगी में तनाव, अवसाद और मानसिक दबाव आम होते जा रहे हैं, ऐसे में मानसिक संतुलन बनाए रखना और समय-समय पर संवाद एवं परामर्श के माध्यम से मन की बात साझा करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से अपील की कि वे अपने साथियों का मनोबल बढ़ाने तथा कार्यस्थल पर सकारात्मक माहौल बनाए रखने में सहयोग करें। कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. सुमित मित्तल ने भी तनाव प्रबंधन, योग, ध्यान और आत्मसंवाद के महत्व पर जानकारी दी। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मिथकों को दूर करते हुए समय पर चिकित्सकीय सलाह लेने की जरूरत पर बल दिया गया। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को खुद में भावनात्मक बुद्धिमत्ता (इमोशनल इंटेलिजेंस) विकसित करने के बारे में बताया जिसमें यदि व्यक्ति खुद की भावनाओं को पहचाने एवं नियंत्रण करना, दूसरे की भावनाओं को समझ कर तनावपूर्ण परिस्थितियों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि आत्महत्या एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, जिसके दूरगामी सामाजिक, आर्थिक एवं भावनात्मक असर पड़ते हैं। उन्होंने बताया कि आत्महत्या रोकने में पुलिस की भूमिका पर प्रकाश डाला जिसमें बताया कि हर एक पुलिसकर्मी गेटकीपर की तरह आत्महत्या के खतरे के निशान को पहचान कर तत्काल मदद उपलब्ध करवा सकता है। उन्होंने आत्महत्या रोकने तथा निशुल्क मानसिक परामर्श सेवाओं के टोल फ्री हैल्पलाइन सेवा 14416 या 18008914416 के व्यापक प्रचार प्रसार में सहयोग पर बल दिया।

## अमन ठाकुर हत्या प्रकरण का पांचवां आरोपी प्रवीण उर्फ पन्नी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर/बाड़ी/बसेड़ी।** अमन ठाकुर की गोली मारकर हत्या के मामले में फरार चल रहे पांचवें आरोपी प्रवीण उर्फ पन्नी पुत्र सुगर सिंह (उम्र 21 वर्ष, निवासी मंशा का पुरा, थाना बसेड़ी, जिला धौलपुर) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई भरतपुर रेंज के आईजी कैलाश चंद विश्नोई (IPS), धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान (IPS) के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. कमल कुमार (RPS) और वृत्ताधिकारी सरमथुरा नरेंद्र मीणा (RPS) के सुपरविजन में की गई। गिरफ्तारी की कार्रवाई बसेड़ी थानाधिकारी बृजेश मीणा (निरीक्षक) के नेतृत्व में गठित विशेष टीम – जिसमें कान्स्टेबल प्रभाकर, जितेंद्र, दशरथ और योगेश शामिल थे – द्वारा की गई। टीम ने जिलेभर में गहन तलाश अभियान चलाया और आरोपी को दबोच लिया। मामला 23 सितंबर 2025 का है, जब ग्राम नगला दरवेशा निवासी अमन ठाकुर को दो मोटरसाइकिलों पर आए आठ युवकों ने गोली मार दी थी। रिपोर्ट दर्ज कराने वाले मृतक के चाचा जितेंद्र परमार पुत्र कमल सिंह ने बताया कि अमन दुकान से सामान लेने गया था, तभी अंकित उर्फ लुक्का, विवेक और अन्य साथियों ने हमला कर गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अमन को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने पहले ही मुख्य आरोपी विवेक ठाकुर, अंकित उर्फ लुक्का, अंकित उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि एक बालक को निरुद्ध किया गया था। अब पांचवां आरोपी प्रवीण उर्फ पन्नी की गिरफ्तारी के साथ पुलिस की कार्रवाई और तेज हो गई है। धौलपुर पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ बीएनएस और आर्म्स एक्ट के तहत अपराध प्रमाणित पाया गया है। शेष आरोपियों की तलाश व प्रकरण का अनुसंधान निरंतर जारी है।

## श्री यादे माटी कला बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष का मनाया सादगी से जन्मदिन

जयपुर टाईम्स



**सांगानेर/** कस्बे के मुहाना मंडी स्थिति निजी कार्यालय पर श्री यादे माटी कला बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष एवं फल सब्जी व्यापार संघ मुहाना मंडी के अध्यक्ष पप्पू लाल प्रजापति का जन्मदिन बहुत ही सादगी के साथ मनाया। जिसमें दिनभर बधाई देने वालों का सिलसिला जारी रहा।समाज एवं व्यापारी वर्ग व आमजन ने निजी कार्यालय पहुंचकर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिसमें मुकेश3ा प्रजापति रेनवाल गणेश प्रजापति युवा नेता बगरू, गेंदी लाल प्रजापति, कैलाश प्रजापति ,रमेश प्रजापति, पत्रकार दिनेश प्रजापत श्रीरामपुरा, एवं व्यापारी वर्ग व आमजन उपस्थित रहे।

## सुशासन के वायदे कब होंगे प्रभावी । कब तक धौलपुर की आमजन जिएगी नरकीय जीवन मुस्कान सोसाइटी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** शहर में बाबू राज का कब होगा अंत। नरेंद्र मोदी के सुशासन के वायदे कब होंगे प्रभावी ।कब तक धौलपुर की आमजन जिएगी नारकीय जीवन मुस्कान सोसाइटी । धौलपुर जिले में सरकार से तनखवाह लेने वाला निगरानी दल कहां है और वह निगरानी दल उस समय कहां था जब इस मैरिज होम का निर्माण हो रहा था आमजन की शिकायत करने के बाद ही सरकार द्वारा लगाए गए लोक सेवक हरकत में क्यों आते हैं यह भ्रष्टाचारी मानसिकता धौलपुर जिले में कब तक चलेगी यह एक बहुत बड़ा सवाल है आमजन को ऐसे भ्रष्ट निकृष्ट कर्मचारियों के खिलाफ एक अभियान चलाना चाहिए और आमजन को बढ़-चढ़कर इसमें भाग भी लेना चाहिए और सरकार को इस बात से अवगत कराना चाहिए तो पटवारी गिरदावर तहसीलदार आयुक्त, अधिशासी अभियंता, एसडीएम यहां तक कि जिला कलेक्टर महोदय को सरकार, सरकारी जमीनों को एवं अन्य आमजन के हितों को कम करने के लिए तनख्वाह दे रही है जो कि करोड़ों रुपए में है और समय पर प्रति माह के हिसाब से दी जाती है तो इन लोगों के द्वारा अपना काम ढंग से क्यों नहीं किया जाता है और कामों को ढंग से न करने के बाद भी इनके खिलाफ कोई कार्यवाही अमल में क्यों नहीं लाई जाती है क्यों उच्च अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी चुप रहते हैं। जबकि सरकारी जमीन जो कि राज्य सरकार द्वारा प्रतिबंधित है उन पर दबंग भू कारोबारी, रसूखदार लोग अपनी मनमर्जी के हिसाब से अतिक्रमण कर लेते हैं एवं रसुखदार लोग अपनी विपक्षी पार्टी के कब्जों को आमजन में आपसी वैमनस्यता करवाते हुए शिकायतें करवा कर अतिक्रमडों के नाम पर उनको तुड़वाते रहते हैं जबकि ऐसे मैरिजहोम, स्कूल की बिल्डिंग जो कि सरकारी जमीनों पर या निजी जमीनों पर ही सही बिना भूमि रूपांतरण करके बनाई जाती है। वह बिल्डिंग तैयार कैसे हो जाती हैं किसी भी लोक सेवक को उस समय जब वह निर्माण कार्य हो रहा होता है तब दिखाई क्यों नहीं देती है जबकि वह एक ही जगह पर पिछले 20-20 सालों से कार्यरत भी रहते हैं उनके द्वारा उनको क्यों नहीं रोका जाता है यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न आमजन के सामने है और नौकरशाही पर अपने कर्तव्यों का दुरुपयोग करने का प्रश्न चिन्ह लगाता है। इस संदर्भ में मुस्कान समिति द्वारा उच्च अधिकारियों को कई पत्र लिखे गए और प्रशासन को कई बार संज्ञान में यह कथन लाया गया। परंतु पटवारी से लेकर मुख्यमंत्री के निजी सचिव तक सभी एक ही भाषा बोलते हैं मुख्य सचिव को लिखा हुआ पत्र की जांच संबंधित पटवारी के पास ही आती है और वह अपनी हेकड़ी दिखाते हुए उस पर रिपोर्ट करता है और सारा प्रशासन मूक बधिरों की तरह उस पर दिए गए निर्णय को ऊपर भेजते रहता है आखिर यह तानाशाही कब तक चलेगी । मुस्कान समिति ने पिछले 1 वर्ष में यह अनुभव किया है कि धौलपुर में रसूखदार लोगों के तलवे चाटने वाले कर्मचारी एक ही पद पर प्रमोशन लेते हुए एक ही जगह पर 10 से 20 साल तक नौकरी कर रहे हैं एवं धौलपुर जिले में जिला कलेक्टर और उपखंड अधिकारी तो रसूखदार लोगों की पसंद से ही लगाए जाते हैं और बाद में उनके हिसाब से कम न करने पर पसंद नहीं आने पर उनको यहां नौकरी करने ही नहीं दी जाती है पूरी तरह से धौलपुर शहर में बाबू राज कायम है कार्यवाही होने के नाम पर यह बाबू लोग अपने बच्चों का हवाला देते हुए आमजन से बच जाते हैं परंतु मलाई मारते समय वही बाबू लोग सत्ता की मलाई चाटते हैं और ऐसे ऐसे काम करते हैं जो उनके अधिकार क्षेत्र में ही नहीं है अपने पदों का दुरुपयोग करना धौलपुर के बाबूओं से सीखा जा सकता है मुस्कान समिति द्वारा इस संदर्भ में पूरी सर्वे की जा रही है एवं एक-एक बाबू के ऊपर नजर रखी जा रही है और उनकी लापरवाही को माननीय उच्च न्यायालय, माननीय सर्वोच्च न्यायालय को अवगत कराया जाएगा और उस समय किसी प्रकार का कोई बहाना इन लोगों का नहीं चलेगा सूचना जन हित में जारी मुस्कान समिति।

## आरटीओ इंस्पेक्टर दिनेश सिंह फौजदार को मिला "काफिला परिवार - QP न्यूज़ अवार्ड 2025"



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पिंक सिटी प्रेस क्लब में रविवार शाम 7 बजे आयोजित "काफिला परिवार - QP न्यूज़ अवार्ड 2025" समारोह में देशभर की 16 प्रतिष्ठित हस्तियों को सम्मानित किया गया। इन्हीं में जयपुर के आरटीओ इंस्पेक्टर दिनेश सिंह फौजदार को समाजसेवा और उत्कृष्ट सरकारी सेवाओं के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। यह वार्षिक अवार्ड कार्यक्रम काफिला परिवार वीकली न्यूज़पेपर और QP न्यूज़ चैनल द्वारा आयोजित किया जाता है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली हस्तियों को सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष भी देशभर से आए समाजसेवियों, कलाकारों और प्रशासनिक अधिकारियों को इस मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयपुर के प्रसिद्ध उद्यमी डॉ. नवीन शर्मा ने की। वहीं, उत्तर प्रदेश से QP न्यूज़ के चीफ एडिटर तहसीन सिद्दीकी, छत्तीसगढ़ से स्वच्छ भारत अभियान रायपुर की ब्रांड एंबेसडर डॉ. शुभांगी आप्टे सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे फिल्म अभिनेता व प्लेबैक सिंगर सिकंदर राजा हसन, जिन्होंने अपनी मधुर आवाज़ से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। समारोह में जयपुर सहित अन्य राज्यों से आई जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत कर आयोजन को सफल बनाया।

## प्रिंस ने जिला स्तरीय एथलेटिक्स के दूसरे दिन 8 स्वर्ण सहित 21 पदक जीते

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निसं.)।** जिला स्तरीय 69वीं एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रिंस के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्ण, 6 रजत एवं 7 कांस्य सहित कुल 21 पदक जीते हैं। प्रिंस एकेडमी ने 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़ में स्वर्ण पदक एवं 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड़ में कांस्य पदक जीता। प्रिंस स्कूल ने 4 गुणा 100 मीटर रिले 19 वर्ष एवं 17 वर्ष में फाइनल में प्रवेश कर लिया है।शॉटपुट में विनय यादव ने स्वर्ण पदक हासिल कर राज्य स्तर पर चयन हासिल किया है। हैमर थ्रो में कुलदीप सिंह ने स्वर्ण पदक एवं नव्या यादव व वैष्णवी पाण्डेय ने रजत पदक जीता। 3000 मीटर दौड़ में मोनिका ने स्वर्ण, शीतल ने रजत तथा ज्योति व आशियाना ने कांस्य पदक जीता। ट्रिपल जम्प में चिराग ने स्वर्ण एवं तनुश्री ने रजत पदक जीता। इसी प्रकार ऊँची कूद में खुशी राठौड़ ने रजत पदक, जेवलिन थ्रो में खुशी पूनिया ने रजत पदक व दिव्या ने कांस्य पदक, 800 मीटर दौड़ में पायल शर्मा ने कांस्य पदक जीता। 400 मीटर दौड़ में कुलदीप मीणा ने तथा रोशन ने 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ में फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

## केशवानन्द कालेज का आर्चरी खेल में दबदबा कायम



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** एन.एच. 52 स्थित स्वामी केशवानन्द पी.जी कॉलेज भढ़ाडर सीकर ने पण्डित दीनदयाल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तर महाविद्यालय आर्चरी पुरूष में बी.ए. तृतीय सेमेस्टर के छात्र रूपेन्द्र सिहांग का द्वितीय स्थान तथा बी.ए. पंचम सेमेस्टर छात्र कपील बेरवाल का तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। कॉलेज प्राचार्य ललित किशोर तंवर ने बताया कि पिछले वर्ष भी चार छात्रो का अन्तर विश्वविद्यालय में चयन हुआ था। संस्थान निदेशक रामनिवास ढ़ाका ने छात्रों को मेडल पहनाकर स्वागत किया तथा महाविद्यालय में खुशी का जश्न रहा।

## सेवा सप्ताह में किया अन्नपूर्णा भोजन का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** लॉयन्स क्लब सीकर क्राउन ने सेवांकुर सेवा सप्ताह के छठवें दिन अन्नपूर्णा भोजन कार्यक्रम नीडीब्रीज़ महिला आश्रम पिपराली में किया । शाम को नीडीब्रीज महिला आश्रम , पीपराली की सभी अनाथ महिलाओं को शाम का स्वादिष्ट भोजन शाहीन बानो पत्नी डॉक्टर युसुफ अली देवड़ा के सौजन्य से कराया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष लॉयन अंशु सक्सेना, एमजेएफ लायन डॉक्टर यूसुफ़ अली देवड़ा ,लायन सुनील खंडेलवाल ,लॉयन डॉक्टर नवीन सैनी ,लॉयन डॉक्टर शिवपाल कुड़ी ,लॉयन मनोज गोरा ,लॉयन मुकेश सैनी ,लायन सरोज़ सैनी ,लॉयन अम्बिका जी ,लायन अनीता गोरा ,लॉयन नीलम शेखावत आदि सदस्य मौजूद रहे।

# वोकल फॉर लोकल बने देश का संकल्प- अरुण चतुर्वेदी, अध्यक्ष राज्य वित्त आयोग

### आत्मनिर्भर भारत, संकल्प अभियान के तहत भाजपा जयपुर शहर कार्यालय में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस

### अरुण चतुर्वेदी एवं भाजपा अध्यक्ष , अमित गोयल हुए मीडिया से मुखातिब




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** दिवाली के इस शुभ मौके पर हम भारत में बने हुए उत्पादों का उपयोग कर वोकल फॉर लोकल का नारा सशक्त रूप से देना चाहिए। इससे न केवल भारत के अर्थव्यवस्था मजबूत होगी बल्कि 2047 तक विकसित भारत का संकल्प भी पूरा होगा, उन्होंने कहा कि" हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी" अभियान से आत्मनिर्भरता एवं स्वावलंबिता का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने ने बताया कि भारत ने कोविड काल में तीन स्वदेशी वैक्सीन तैयार कीं और उस समय की जनसंख्या के हिसाब से 130 करोड़ लोगों को 2-2 डोस तय समय में लगाकर आत्मनिर्भरता का परिचय दिया, और सम्पूर्ण विश्व के अधिकांश देशों को वैक्सीन भेजकर विश्व बंधुत्व का परिचय दिया, उन्होंने कहा कि कोरोना के समय हमारे देश में 95 मार्क्स भी नहीं बनते थे, जिनका अब भारत निर्यात करता है। उन्होंने कहा कि "ऑपरेशन सिंदूर" में भी भारत ने देश में निर्मित मिसाइलों और ड्रोन का सफल उपयोग कर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया, और पूरे विश्व को भारत में बने हथियारों का लोहा मनवाया, जिसके कारण विश्व के अधिकांश देश भारत से हथियार ख़रीदने की दौड़ में है, साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ का जवाब GST स्लैब में कटौती कर दिया, जिससे देशवासियों को "दो दिवाली मनाने का अवसर" मिला, और हमारे उद्योगों को मजबूती मिली है, स्वदेशी का पहला कदम स्थानीय को प्राथमिकता देना है। हम कच्चा माल निर्यात ना करके तैयार माल पूरे विश्व में बेचे ये हमारे देश के प्रधानमंत्री जी का संकल्प है, इस अभियान के तहत 25 दिसंबर तक राज्य में विभिन्न कार्यक्रमों किए जाएंगे। भाजपा जयपुर शहर अध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि "लोकल फॉर लोकल" के माध्यम से मोदी सरकार ने युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित किया है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत कोई सपना नहीं, बल्कि संकल्प है – जिसे 140 करोड़ देशवासी मिलकर पूरा करेंगे। आज भारत का युवा मेड इन इंडिया और मेक फोर वर्ड का उद्देश्य लेकर आगे बढ़ रहा है। डिजिटल इंडिया के माध्यम से नए-नए प्रयोग कर रहा है। उन्होंने कहा दिवाली पर जब घर सजाये तो , यह मन में संकल्प हो की डेकोरेशन से लेकर दिया, मिठाई, सभी में मेड इन इंडिया की चमक हो। इस अवसर पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के संयोजक रेखा राठौड़, सह संयोजक संजय जायसवाल एवं महेंद्र यादव भी उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक जलधारी का गौ सवामणी -पौधारोपण पुष्प गुच्छ भेंट कर मनाया जन्म दिन

जयपुर टाइम्स




**सीकर(निसं.)।** नीमकाथाना रोड पर नला का बालाजी जलधारी फॉर्म हाउस में जन्मदिन के अवसर पर पूर्व विधायक रतन जलधारी को बधाई देने शहरवासी पहुंचे। विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों, सगठनों के पदाधिकारी, पार्षदों व कार्यकर्ताओं ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। पूर्व विधायक रतन जलधारी ने कहा कि शहरवासियों के आशीर्वाद से विधायक बनने से लेकर आज तक निरंतर समाज सेवा के कार्य में जुटे रहते हैं। जन्म दिन हर्षोल्लास से मनाया कार्यकर्ताओं एवं शुभचितकों ने माला पुष्प गुच्छ तथा शाल भेंट करने के साथ उन्हें जन्म दिन की बधाई दी एवं उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ,जिला महामंत्री राजेश रोलन,जिला उपाध्यक्ष नेमीचंद कुमावत, जितेंद्रसिंह कारंगा आदि उपस्थित रहे द्य इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों द्वारा बाबा रामदास गौशाला सिंहासन में गौ सवामणी और पौधारोपण कार्यक्रम जलधारी फार्म हाउस पर अनुष्ठान का भी कार्यक्रम हुआ। पूर्व विधायक रतन जलधारी के जन्मदिन के अवसर पर समाजसेवी एवं भाजपा नेता भंवरलाल जांगिड़ ने भाजपा प्रतीक चिन्ह कमल का फुल भेंट करके सम्मानित किया इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## विधायक वर्मा ने किया सड़क नवीनीकरण कार्यों का शिलान्यास

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निसं.)।** कुदन धोद विधायक गोरधन वर्मा ने विधानसभा क्षेत्र के गांव कुदन में जयराम दास आश्रम से लेकर कोलीडा तक बनने जा रही 54.00लाख रुपए की लागत से 2 किलोमीटर सड़क का नवीनीकरण व डामरीकरण कार्यों का शिलान्यास किया इसी कड़ी में खुडी कुदन रोड से अजीतपुरा तक 900 मीटर रोड़ लागत 38.70 व गोठड़ा कुदन रोड से अजीतपुरा तक 900 मीटर रोड़ 27.50 लागत से बनने जा रही नवीनीकरण रोड कार्यों का भी शिलान्यास किया गया कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों द्वारा विधायक गोरधन वर्मा का माला पहनाकर स्वागत किया गया और सड़क बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। विधायक गोरधन वर्मा ने कहा कि पिछली सरकार में विधानसभा क्षेत्र में सड़क बनाने को लेकर कोई विशेष काम नहीं किया जिसके कारण मेरे वर्तमान कार्यकाल में सड़कें बनाने की जिम्मेदारी उन पर बहुत ज्यादा है उन्होंने केंद्र में मोदी सरकार व राज्य में भजनलाल सरकार डबल इंजन सरकार को बेहतर तरीके से कार्य करने वाली सरकार बताया। अजीत पुरा में बोलते हुए उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल ने बताया की विधायक गोरधन वर्मा एक कुशल नेता हैं वे जनता की हर समस्या का ध्यान रखते हैं। गोरधन वर्मा को भूतपूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा बंशीलाल की उपाधि दी। कहा जैसा विकास हरियाणा में बंशीलाल जी ने किया था वैसा ही आजकल धोद विधायक गोरधन वर्मा कर रहे है कार्यक्रम में शामिल अतिथि धोद विधायक गोरधन वर्मा संत प्रकाश दास जी महाराज उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल पूर्व उप जिला प्रमुख शोभा सिंह अनोखु भाजपा नेता ओमप्रकाश बिजारणियां प्रधान प्रतिनिधि मुलचंद रणवा भाजपा भढाढर मंडल अध्यक्ष विजयपाल चिरानीया कुदन सरपंच प्रतिनिधि सुल्तान सुडा तथा अनेक गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे ।

## कर्मचारी कल्याण समिति का विरोध प्रदर्शन 13 अक्टूबर को

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।।** राजस्थान रोडवेज सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण समिति के संयोजक रामदेव सिंह टाकरिया ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि दिनांक 13 अक्टूबर को रोडवेज सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण समिति की प्रदेश कमेटी द्वारा किए गए निर्णय के तहत पूरे प्रदेश के आगारों से सेवानिवृत्त कर्मचारी ईपीएफओ विभाग राजस्थान सरकार पर प्रदर्शन करने के लिए कूच करेंगे।सीकर ज़ोन के विभिन्न आगारों सीकर,झूंन्झूनू,चूरु, खेतड़ी, श्रीमाधोपुर, डीडवाना से सैंकड़ों सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रदर्शन में भाग लेने के लिए जयपुर जायेंगे। सर्वोच्च न्यायालय आदेशों की अवहेलना कर ईपीएफओ विभाग द्वारा रोडवेज सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा हायर पैंशन प्राप्त करने के लिए किये गये आवेदन बिना वजह निरस्त किये गये आवेदनों को स्वीकार करने को लेकर ईपीएफओ कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करने के लिए जयपुर जायेंगे।शाखा अध्यक्ष रणजीत सिंह बेरी ने बताया कि रोडवेज के साथ साथ ही अन्य निगम बोर्डों के कर्मचारियों के आवेदन भी ईपीएफओ द्वारा निरस्त कर कर्मचारियों को बढी हुई पैंशन से वंचित किया गया है। जो न्यायसंगत नहीं है। 13 अक्टूबर के विरोध प्रदर्शन के बाद भी आवेदन स्वीकार नहीं किये जाते हैं तो हम सभी विभागों के कर्मचारियों को साथ लेकर राजधानी जयपुर में बड़ा विरोध प्रदर्शन करने का भी निर्णय लेना पड़ा तो लेंगे।

## सांभर लेक में विधिक जागरूकता मोबाइल वाहन को दिखाई हरि झंडी, आमजन को मिलेगा कानूनी अधिकारों का संदेश

जयपुर टाइम्स




**सांभरलेक(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) अजीत कुमार हिंगर के निर्देशानुसार शुक्रवार को न्यायालय परिसर सांभर लेक से विधिक जागरूकता मोबाइल वाहन को रवाना किया गया। वाहन को तालुका विधिक सेवा समिति, सांभर लेक की अध्यक्ष (लिंक अधिकारी) भानुप्रिया सेहरा ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर लीगल एड असिस्टेंट चान्दमल सांभरिया ने बताया कि यह मोबाइल वाहन सांभर लेक कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में भ्रमण कर आमजन को 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जागरूक करेगा। लोगों को बताया जाएगा कि वे अपने लंबित मामलों का आपसी राजीनामे से शीघ्र निस्तारण करा सकते हैं। मोबाइल वाहन के माध्यम से ग्रामीणों को बाल विवाह निषेध, बाल श्रम उन्मूलन, 6 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए निशुल्क अनिवार्य शिक्षा, महिला संरक्षण अधिनियम, लेबर लॉ, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, तथा कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2023 जैसे विषयों पर भी जागरूक किया जा रहा है। साथ ही, माता-पिता भरण-पोषण अधिनियम के तहत वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों और परिवार में उनके सम्मान के महत्व पर भी विशेष जानकारी दी जा रही है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति सजग बनाना और न्याय तक उनकी आसान पहुँच सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान पैरा लीगल वोलेंटियर्स रामस्वरूप जाट, बार एसोसिएशन के सचिव रतनलाल चौधरी, अधिवक्तागण, मुंशी मंडल सदस्य और न्यायालय स्टाफ मौजूद रहे। यह अभियान आगामी सप्ताहों तक चलेगा, जिसमें मोबाइल वाहन सांभर क्षेत्र के गांव-गांव जाकर लोगों को कानून की जानकारी और कानूनी सहायता के लाभों से अवगत कराएगा।

## मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य के लिए करौली के डॉ. प्रेमराज मीना को मिला राज्य स्तरीय पर प्रथम पुरस्कार

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जयपुर में हुआ भव्य राज्य स्तरीय समारोह, चिकित्सा मंत्री गजेंद्र खींवसर ने किया सम्मानित

**करौली/जयपुर(कासं.)।।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 10 अक्टूबर को जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की सुगम उपलब्धता, जनजागरूकता एवं विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के सफल संचालन हेतु करौली जिले के नोडल अधिकारी एवं मनोचिकित्सक डॉ. प्रेमराज मीना को राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह में राज्य के चिकित्सा मंत्री गजेंद्र खींवसर ने डॉ. मीना को यह पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांशु पंत, प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, चिकित्सा सचिव अंबरीश, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल तथा विख्यात मनोचिकित्सक डॉ. शिव गौतम उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य सचिव सुधांशु पंत ने कहा कि "स्वस्थ मानसिक स्वास्थ्य सबके लिए सर्वोपरि है। समाज में मानसिक रोगों को लेकर व्याप्त भ्रांतियों का समय रहते निवारण आवश्यक है।" उन्होंने बताया कि मानसिक समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए टेलीमानस हेल्पलाइन नंबर 14416 एक अत्यंत प्रभावी माध्यम साबित हो रहा है। वहीं चिकित्सा शिक्षा सचिव अंबरीश ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए हर व्यक्ति को अपनी भूमिका निभानी चाहिए, क्योंकि स्वस्थ मन ही स्वस्थ समाज की नींव है। इस समारोह के माध्यम से राज्यभर में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने, सेवाओं को सुलभ बनाने और समाज में सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया।


**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd., JAIPUR.**

No. NIT/2025-26/ 22472-83 निविदा सूचना / 2025-26 Date- 10.10.2025

निम्नलिखित कार्यों के लिए केन्द्र / राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों द्वारा पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

| कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रु0) | निविदा सूचना संख्या |
|---|---|---|
| Supply & Fixing of Malaysian Sal (Shorea Robusta) Wood Sleepers on Masi River High Level Bridge. UBN: RRC2526WSOB00780 | 04.98 Lakh | 427/ 25-26 |
| Supply & Fixing of Computer & Printer for Various Unit office at RSRDC Ltd., Jaipur. UBN: RRC2526WSOB00783 | 04.04 Lakh | 429/ 25-26 |

निविदा प्रपत्र शुल्क, धरोहर राशि, निविदा बेचने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाइटः http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc एवं http://sppp.rajasthan.nic.in पर उपलब्ध है।

महाप्रबंधक

प्ररूप-10
(नियम 6 (7) देखिए )

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, सांभरलेक**

क्रमांक- नपासा / 2025/1701 दिनांक 10/10/25

**लोकसूचना**

श्री कमल किशोर पुत्र श्री नानक सिंह पालीवाल निवासी- 364 / 28 गली नं. 2. पोस्ट ऑफिस के पास, भजनगंज अजमेर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजनों के लिये भू उपयोग परिवर्तन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया हैं, अर्थात् :-

| क.सं. | जिले का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | रकबा | चाहा गया उपयोग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जयपुर | लालपुरा | 2165 | कुल किता 01 रकबा 0.5943 हैक्टेयर | कुल किता 01 रकबा 0.5943 हैक्टेयर भूमि को आवासीय / व्यवसायिक में रूपान्तरण हेतु । |

इसलिए, इसके द्धारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोगार्थ (आवासीय भू-रुपान्तरण) हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 10/10/25 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी
नगरपालिका मण्डल सांभर लेक

**कार्यालय ग्राम पंचायत बुचारा, पंचायत समिति पावटा (जयपुर)**

क्रमांक- ग्रा.पं.बु/निविदा/2025-26 / 82 दिनांक- 09.10.2025

**ई-निविदा सूचना 2025-26**

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति पावटा के अधिनस्थ ग्राम पंचायत बुचारा में नियम 181 के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम, एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ए. बी एवं सी तथा डी व ई श्रेणी के संवेदकों से खुली निविदा के माध्यम से (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरीयड वर्ष) कार्य के लिए आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्ते एवं जी-शिड्यूल एवं अन्य सूचनाओं विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/ व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN= ZJP2526WSOB01657, ZJP2526WSOB01658

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बुचारा,
पंचायत समिति पावटा (जयपुर)

सरपंच
ग्राम पंचायत बुचारा,
पंचायत समिति पावटा (जयपुर)

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला जयपुर**

क्रमांक :- न.पा.फु/2025-26 / 1897 दिनांकः- 10/10/2025

**आपत्ति सूचना**

एतद्द्वारा हितबद्ध व्यक्ति विशेष, आम खास को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों ने लीज फ्री होल्ड आवासीय हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

| क्र.स. | प्रार्थी का नाम | आवंटी का नाम | स्थान | क्षेत्रफल वर्गगज | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री दिनेश कुमार पुत्र श्री रामेश्वर लाल | श्री रज्जाक मोहम्मद पुत्र श्री अल्लारख | आवासीय भूखण्ड न. 114 दादू नगर फुलेरा | 233.33 | लीज फ्री होल्ड अन्तर्गत आवासीय पट्टा |
| 2. | श्री संजय गुर्जर पुत्र श्री भंवर लाल गुर्जर | श्री पूरण मल गुर्जर पुत्र श्री नरसिंह | आवासीय भूखण्ड न. 08-ए वाके सिविल लाईन स्कीम फुलेरा | 50.00 | लीज फ्री होल्ड अन्तर्गत आवासीय पट्टा |

किसी भी व्यक्ति को उपरोक्तानुसार लीज फ्री होल्ड के अन्तर्गत आवासीय पट्टा / ईजाजत बाबत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षकर्त्ता को प्रस्तुत करावे। बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नही होगी ।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका मण्डल, फुलेरा

**सार्वजनिक आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राम प्रसाद नारनोलिया पुत्र हनुमान प्रसाद नारनोलिया, निवासी 107, हरदेव जोशी कॉलोनी, फुलेरा, जिला जयपुर, के मूल संपत्ति दस्तावेज दिनांक 14 सितंबर 2025 को फुलेरा मार्केट क्षेत्र में मूल पट्टा व मूल पंजीकृत विक्रय पत्र सेल डीड गुम हो गए हैं। ये दस्तावेज प्लॉट नंबर 106, हरदेव जोशी कॉलोनी, फुलेरा, जिला जयपुर से संबंधित हैं। इस संबंध में राजस्थान पुलिस पोर्टल पर रिपोर्ट संख्या 2923619/2025 दर्ज कराई गई है। यदि किसी को ये दस्तावेज मिलें तो कृपया दिए पते या निकटतम पुलिस थाने को सूचित करें –मो. 9928908947

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
11 अक्टूबर, 2025

## राजस्थान लोक सेवा आयोग ने जयपुर शहर के एक परीक्षा केंद्र के नाम में किया आंशिक परिवर्तन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 12 एवं 13 अक्टूबर, 2025 को सहायक सांख्यिकी अधिकारी परीक्षा- 2024 (आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग) एवं कृषि विभाग की विभिन्न विषयों हेतु परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। आयोग ने जयपुर शहर के एक परीक्षा केंद्र के नाम में आंशिक परिवर्तन किया है। परीक्षा समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग ने जयपुर शहर के केंद्र संख्या (16-0025) के नाम में आंशिक परिवर्तन करते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सिरसी, जयपुर के स्थान पर पुरोहित हरिनारायण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सिरसी, जयपुर (मोबाइल नंबर– 8619926481) किया गया है।

## कार्यग्रहण नहीं करने वाले बीएलओ को किया गया निलंबित

### निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी सिविल लाईन्स ने जारी किये निलंबन आदेश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** निर्वाचन संबंधी कार्य में लापरवाही बरतने एवं बीएलओ ड्यूटी ज्वाइन नहीं करने वाले कार्मिकों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जयपुर के विधानसभा क्षेत्र, सिविल लाईन्स (051) निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी गौरव बांकावत ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 व धारा 13 13 (ग) (ग) की प्रदत्त शक्तियों के तहत एवं राजस्थान सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 13 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी सिविल लाईन्स (051) गौरव बांकावत् ने बताया कि राज. उ. मा. वि., हथरोई जिला जयपुर के वरिष्ठ अध्यापक, महेश कुमार शर्मा एवं रा. बा. उ. मा. वि., बनीपार्क, जयपुर, के सहायक प्रशासनिक अधिकारी दीपक गर्ग को स्थायी गूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ)/सुपरवाईजर नियुक्त किया गया था। कार्मिकों द्वारा ना तो निर्वाचन कार्यालय में अपनी उपस्थिति प्रस्तुत की गई एवं ना ही अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्मिक द्वारा चुनाव जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में, घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई है। जिससे निर्वाचन का कार्य बाधित हुआ है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी सिविल लाईन्स (051) गौरव बांकावत् ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अवहेलना एवं राष्ट्रीय महत्ता के कार्य के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता एंव अनुशासनहीनता के चलते रा.ज.उ. मा. वि., हथरोई जिला जयपुर के वरिष्ठ अध्यापक, महेश कुमार शर्मा एवं रा0 बा0 उ. मा. वि., बनीपार्क, जयपुर, के सहायक प्रशासनिक अधिकारी दीपक गर्ग को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है।

## ग्राम पंचायत तोलियासर की अंजू कंवर को मिला अपने मकान का मालिकाना हक- वर्षों पुरानी इच्छा हुई पूरी

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(कासं.)।** पंचायत समिति मंडावा की ग्राम पंचायत तोलियासर में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर शुक्रवार को कई ग्रामीणों के लिए राहत और खुशियों की सौगात लेकर आया। इसी दौरान अंजू कंवर पत्नी करण सिंह राजपूत को उनके मकान का मालिकाना हक का पट्टा प्रदान किया गया, जिससे उनका वर्षों पुराना सपना साकार हो गया। अंजू कंवर ने बताया कि वह लंबे समय से अपने मकान का पट्टा चाह रही थीं, लेकिन पारिवारिक बंटवारा स्पष्ट नही हो पाने के कारण यह कार्य पूरा नहीं हो पा रहा था। इस बार जब ग्राम पंचायत में आयोजित होने वाले ग्रामीण सेवा शिविर की सूचना मिली, तो उन्होंने शिविर से पूर्व ही पंचायत में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम पंचायत ने इस पर उनके प्रकरण को प्राथमिकता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही की। पंचायत प्रशासन की तत्परता और सहयोग के परिणामस्वरूप शिविर के दिन ही अंजू कंवर को उनके मकान का पट्टा प्रदान कर दिया गया। इस कार्य में सरपंच जगदीश प्रसाद, ग्राम विकास अधिकारी गुंजनबाला, तथा कनिष्ठ सहायक प्रदीप मीणा व स्वामित्व योजना प्रभारी राजेश कुमार सैनी का विशेष योगदान रहा। उन्होंने अंजू कंवर की पीड़ा को समझते हुए न केवल दस्तावेज़ी प्रक्रिया को सरल बनाया बल्कि उनके बंटवारा विवाद का निस्तारण कर समय पर सभी औपचारिकताएँ पूरी कर उन्हें शिविर के दौरान पट्टा उपलब्ध करवाया। पट्टा प्राप्त करने के बाद अंजू कंवर ने कहा कि अब उन्हें अपने घर पर कानूनी स्वामित्व का संतोष मिला है, और वे सरकार व पंचायत प्रशासन की आभारी हैं जिन्होंने उनकी वर्षों पुरानी समस्या का समाधान किया। यह उदाहरण दर्शाता है कि जब शासन-प्रशासन और पंचायत स्तर पर संवेदनशीलता व तत्परता के साथ कार्य किया जाता है, तो हर जरूरतमंद को उसका हक समय पर मिल सकता है।

## कार और बाइक की टक्कर में दो घायल

**रानोली (निसं.)**इलाके में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में कार और बाइक की टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सीकर रेफर किया गया है। यह घटना भामु की ढाणी के पास हुई। कोछोर से रानोली की ओर जा रही एक कार और रानोली से कोछोर की ओर आ रही एक बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में कोछोर निवासी दीपचंद मीणा (40) पुत्र माधुराम और कोछोर निवासी देवकीनंदन शर्मा (20) पुत्र गिरधारी लाल घायल हुए।

# दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन एवं व्यापारियों का समन्वय बनेगा मिसाल

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने व्यापार संघों के पदाधिकारियों से की चर्चा

### कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में 50 संघों के 160 प्रतिनिधियों ने की शिरकत

### बैठक में हुई दीपोत्सव की तैयारियों एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा

### अधिकारियों को दिये दीपोत्सव के दौरान समस्त इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** आगामी पांच दिवसीय दीपोत्सव की तैयारियों एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर जिला प्रशासन मुस्तैद है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने शुक्रवार को दीपोत्सव की व्यापक तैयारियों को लेकर जयपुर के विभिन्न व्यापार मंडलों, बाजार संघों एवं औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जयपुर के करीब 50 व्यापारिक संघों, संगठनों एवं मंडलों के 160 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने शिरकत की। बैठक दीपोत्सव की तैयारियों एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा हुई। बैठक में बताया गया कि दीपावली केवल एक धार्मिक पर्व नहीं बल्कि "टीम जयपुर" की सामूहिक भावना और शहर की जीवंत संस्कृति का उत्सव है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जयपुर की पहचान "रोशनी का शहर" के रूप में कायम रखने हेतु सभी विभागों, व्यापारिक संगठनों और नागरिकों को मिलकर काम करना होगा। जिला कलक्टर ने दीपोत्सव के दौरान शहर में स्वच्छता, सौंदर्य, सुरक्षा, यातायात, बिजली आपूर्ति, अग्निशमन, स्वास्थ्य सेवाओं, पार्किंग प्रबंधन और अतिक्रमण नियंत्रण के लिए संबंधित विभागों को विशेष तैयारी के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिये कि दीपावली के दौरान शहर में प्रतिदिन लाखों नागरिक और पर्यटक बाजारों में आते हैं, ऐसे में सभी एजेंसियों को सामूहिक समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र विकसित करना होगा ताकि कोई असुविधा न हो। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दीपोत्सव से पहले शहर की सभी सड़कों की मरम्मत करने के निर्देश दिये। उन्होंने जयपुर नगर निगम (ग्रेटर एवं हैरिटेज) को बाजारों में स्वच्छता एवं सफाई की विशेष व्यवस्था करने, सड़कों पर जमा कचरा और अतिक्रमण तत्काल हटाने के निर्देश दिए। जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) को प्रमुख सड़कों और चौक-चौराहों पर सौंदर्यकरण, रंगीन लाइटिंग और सजावट के लिए कहा गया। जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जेवीवीएनएल) को सतत बिजली आपूर्ति और खराब तारों/ट्रांसफॉर्मरों की पूर्व जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को बाजार क्षेत्रों में मोबाइल मेडिकल यूनिट्स और एम्बुलेंस की व्यवस्था रखने, वहीं पुलिस और यातायात विभाग को बाजारों में सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, और ट्रैफिक डायवर्जन की पूर्व योजना बनाने को कहा गया। अग्निशमन विभाग को मुख्य बाजारों में फायर सेफ्टी उपकरणों की जांच और पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक में जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष श्री सुभाष गोयल, महामंत्री श्री सुरेश सैनी, सेंट्रल स्पाइन व्यापार महासंघ के अध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, राजस्थान ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री राजन सिंह सहित जयपुर के प्रमुख बाजारों- जौहरी बाजार, बापू बाजार, त्रिपोलिया बाजार, मिर्जा इस्माइल रोड, मानसरोवर, वैशाली नगर, विद्याधर नगर, मालवीय नगर आदि के व्यापारिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। व्यापारियों ने दीपोत्सव के दौरान बाजारों में बिजली आपूर्ति, पार्किंग स्थल, यातायात नियंत्रण, स्ट्रीट लाइट मरम्मत, कचरा निस्तारण, अस्थायी फूड स्टॉल नियंत्रण, एवं सुरक्षा प्रबंधन को लेकर अपने व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि प्रशासन के साथ नियमित संवाद और साझा जिम्मेदारी से जयपुर के दीपोत्सव को राष्ट्रीय स्तर पर उदाहरण बनाया जा सकता है। अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर-दक्षिण) श्री युगांतर शर्मा ने कहा कि दीपोत्सव केवल रोशनी और सजावट का उत्सव नहीं है, बल्कि यह सामाजिक एकता, अनुशासन, स्वच्छता और नागरिक चेतना का पर्व है। उन्होंने कहा कि जयपुर वासियों के सहयोग से इस बार का दीपोत्सव पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा उपयोग की दिशा में भी उदाहरण बनेगा। उन्होंने बाजारों में 'ग्रीन दिवाली' की भावना को अपनाने, पटाखों के सीमित उपयोग, प्लास्टिक मुक्त सजावट और ऊर्जा-संवेदनशील रोशनी के प्रयोग का आग्रह किया। बैठक में जानकारी दी गई कि दीपोत्सव के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना की स्थिति में जिला कलेक्ट्रेट स्थित जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष में संपर्क किया जा सकता है। जहां किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में पुलिस, यातायात पुलिस, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, नागरिक सुरक्षा, देवस्थान विभाग, पर्यटन विभाग, रसद विभाग, वाणिज्य कर विभाग, उद्योग विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मिलिट्री के नाम पर फर्जीवाड़ा, एटीएस ने 28 नकली सैनिक पकड़े

### एफसीआई सुरक्षा में 2 महीने से चल रहा थाखेल




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान एटीएस शाखा ने फूड कॉरपोरेशन आफ इंडिया में सुरक्षा गार्ड की नौकरी में फर्जी पूर्व सैनिक बनाने वाले वाले 28 लोगों को पकड़ा है पिछले दो महीने की गहन जांच के बाद ऑपरेशन स्क्वायर पिरामिड में खुलासा हुआ कि फर्जी दस्तावेज बनाकर निजी एजेंसियों के जरिए ठगी की जा रही थी अब पुलिस ने तीन मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है राजस्थान एटीएस ने हाल ही में फूड कॉरपोरेशन आफ इंडिया के विभिन्न प्रतिष्ठानों में सुरक्षा गार्ड की नौकरी में फर्जी पूर्व सैनिकों को नियुक्ति करने का भंडाफोड़ किया है एटीएस के एडीजी वीके सिंह ने बताया कि 2 महीने की गहन जांच और ऑपरेशन स्क्वायर पिरामिड के तहत यह खुलासा हुआ की 28 फर्जी पूर्व सैनिकों को गिरफ्तार किया गया है यह मामले ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मिली सूचनाओं पर आधारितथे । फूड कॉरपोरेशन इंडिया में सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति में 90 फ़ीसदी कोटा पूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित होता है इस प्रावधान का लाभ उठाकर कुछ फर्जी जलसा जो ने मिलिट्री के दस्तावेजों का दुरुपयोग किया गिरफ्तार व्यक्तियों ने फर्जी रक्षा सेवा प्रमाण पत्र सेवा कार्ड पेंशन दस्तावेज और अन्य आवश्यक कागजात तैयार कर निजी सुरक्षा एजेंसी के माध्यम से नौकरी हासिल की इन दस्तावेजों के आधार पर उन्होंने नियुक्तियां प्राप्त की और संबंधित एजेंसियों से मासिक कमाई के लिए 21000 रुपए की वसूली की जाती थी जिसमें से दो या तीन हजार रुपए कमीशन के रूप में जाते थे एडीजी सी के सिंह ने बताया कि यह खेल केवल एक प्रारंभिक संख्या है और बड़े पैमाने पर साजिश चल रही थी फर्जी नियुक्तियों के लिए एक जटिल नेटवर्क तैयार किया गया था जिसमें दलाल और प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी शामिल थीअब तीन प्रकरण फूड कॉरपोरेशन इंडिया में दर्ज किए गए हैं गिरफ्तार फर्जी जवान कोटा से 10 उदयपुर से 7 और भीलवाड़ा से करीब 10 पाए गए ।

## दूदू और फागी के बीच सड़क पर पेट्रोल से भरा टैंकर पलटा, मौके पर पुलिस तैनात

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** प्रदेश में दूदू और फागी के बीच चकवाडा के पास सड़क पर पेट्रोल से भरा टैंकर पलट गया जिसकी वजह से आसपास के इलाके के लोगों में दहशत छा गई सूचना मिलने के बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी को भी बुला लिया गया है हालांकि इस हादसे में टैंकर के चालक को चोट लगी है जिसे अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित भी हुए लेकिन यह तो गनीमत रही की मौके पर अग्नि की कोई चिंगारी नहीं उठी अन्यथा यहां भी कोई बड़ा हादसा हो सकता था जानकारी के अनुसार जिस जगह पर पेट्रोल से भरा टैंकर पलटा है वहां पर सड़क पर गहरे खड्डे हैं और शायद खड्डे की वजह से ही यह टैंकर पलटा है लोगों का कहना है कि यह सड़क पूरी तरह से कई जगह पर जर्जर हो चुकी है बरसात की वजह से सड़क पूरी तरह से खराब हो गई है इसलिए सड़क से गुजरने वाले वाहनों को काफी सावधानी पूर्वक इस सड़क से गुजरना पड़ता है इसके बावजूद भी यहां पर इस तरह के हादसे होते रहते हैं शुक्रवार को जब पेट्रोल से भरा टैंकर पलटा तो मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए क्योंकि यह टैंकर जिस जगह पर यह टैंकर पलटा वहां आसपास के इलाके में बड़ी संख्या में लोग रहते हैं इसलिए जैसे ही पुलिस को यह पता चला कि टैंकर में पेट्रोल भरा हुआ है तो पुलिस और प्रशासन के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को भी मौके पर बुला लिया गया हालांकि मौके पर आगजनी जैसी कोई घटना नहीं हुई लेकिन फिर भी इतिहास के तौर आगजनी जैसी कोई घटना नहीं हुई लेकिन फिर भी सुरक्षा व्यवस्था के तहत वहां पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी को तैनात किया गया है ।

### ग्राम पंचायत शाहपुर में ग्रामीण सेवा शिविर बना नीलम कुमारी के लिए उम्मीद की किरण

**झुंझुनूं(निसं.)।** राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 17 सितंबर से प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को पंचायत समिति बुहाना की ग्राम पंचायत शाहपुर में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर एक ऐसी महिला के लिए वरदान साबित हुआ, जिसने अपने बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए कठिन परिस्थितियों में संघर्ष किया। शाहपुर निवासी नीलम कुमारी, जिनके पति विजेंद्र कुमार का निधन मई 2022 में हो गया था, अपने दो बच्चों–अमन और चिंकी–के पालन-पोषण और शिक्षा के लिए आर्थिक तंगी से जूझ रही थीं। पढ़ी-लिखी नीलम अपनी मेहनत से बच्चों का भविष्य संवारना चाहती थीं, लेकिन पालनहार योजना का लाभ न मिल पाने के कारण उनकी राह में बाधाएं थीं। ग्रामीण सेवा शिविर में पहुंची नीलम ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के प्रतिनिधि रविश कुमार, कनिष्ठ लेखाकार, को अपनी समस्या बताई।

## कुचामन सिटी के रमेश रूलानिया हत्याकांड में सात अभियुक्त गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** कुचामन सिटी के रमेश रूलानिया हत्याकांड में नागौर पुलिस ने इस मामले में अब तक साथ लोगों को गिरफ्तार किया है हालांकि अभी मुख्य अभियुक्त पुलिस की पकड़ से बाहर है लेकिन पुलिस का कहना है की मुख्य अभियुक्त को भी बहुत जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा इसके लिए पुलिस की कई टीम मुख्य अभियुक्त की तलाश में जगह-जगह छापामार कार्रवाई को अंजाम दे रही है जानकारी के अनुसार पुलिस ने इस पूरे मामले में रेकी करने वाले लोगों को भी गिरफ्तार किया है अब तक पुलिस की गिरफ्त में सफीक खान राम सिंह खुशीराम कमल पवन किशन लाल और रमेश को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस के अनुसार इस मामले में गिरफ्तार किया गया सफीक खान को इस पूरे मामले की पहले से ही जानकारी थी सफीक खान को यह पता था कि रमेश रूलानिया की हत्या के लिए किन लोगों को सुपारी दी हुई है इस मामले से जुड़ी सभी जानकारियां सफीक खान की थी। सफीक खान पूर्व में रमेश रूलानिया को चौथ वसूली के लिए फोन करके धमका चुका है। सफीक खान की अवैध बिल्डिंग को नगर पालिका की ओर से हाल ही में नष्ट कर दिया गया है रमेश रूलानिया की हत्याकांड के बाद लोगों की मांग थी कि सफीक खान की अवैध बिल्डिंग को नष्ट की जाए । प्रशासन से जब समझौता किया गया तो सफीक खान की अवैध बिल्डिंग को नष्ट करने की भी बात प्रतिनिधिमंडल की ओर से कही गई थी जिसके कुछ ही घंटे के बाद में सफीक खान की अवैध बिल्डिंग को नगर पालिका की ओर से गिरा दिया गया इस हत्याकांड में पुलिस ने स्कॉर्पियो भी बरामद कर ली है पुलिस की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है क्योंकि इस हत्याकांड को लेकर कुचामन सिटी शहर के लोगों में ही नहीं बल्कि आसपास के इलाके के हर जाति और बिरादरी के लोगों में गहरा आक्रोश छाया हुआ है व्यापारिक संगठनों में भी इस हत्याकांड को लेकर गहरा आक्रोश छाया हुआ है कांग्रेस पार्टी के विधायक मुकेश भाकर रामनिवास गावड़िया नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल पूर्व विधायक महेंद्र चौधरी जैसे कई बड़े राजनेताओं ने बाकायदा इस हत्याकांड के विरोध में परिजनों के साथ कुचामन सिटी थाने के सामने धरना भी दिया था इसलिए पुलिस इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है यही वजह है कि अब तक इस मामले से जुड़े सात लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है और पुलिस का कहना है कि बहुत जल्दी ही मुख्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सम्मान समारोह के साथ हुआ जिला स्तरीय विज्ञान मेले का समापन

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय भीमसरिया सुजानगढ़ में चल रहे जिला स्तरीय विज्ञान मेले का समापन हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि परमेश्वर लाल सोनी, विशिष्ट अतिथि यूसीईईओ रणवीर सिंह, सहायक अभियंता राजेंद्र प्रजापत, शिक्षाविद सुलोचना प्रजापत मंचस्थ रहे। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रतीक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही नगद राशि से भी पुरस्कृत किया गया। निर्णायक की भूमिका निभाने वालों का भी सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य शीतल मिश्रा ने बताया कि इस मेले के अंदर जूनियर एवं सीनियर वर्ग की आठ विषयों में तथा जूनियर वर्ग में क्विज एवं सीनियर वर्ग में सेमिनार के कुल 102 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ताल मैदान सरदारशहर के दीपक सोलंकी ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मे, प्रमोद कुमार शर्मा ने अपशिष्ट प्रबंधन व प्लास्टिक के विकल्प में, पुष्पेंद्र राजपुरोहित ने उभरती प्रौद्योगिकी एवं अमित सोनी ने सीडबल्यूएसएन हेतु उपयोगी सामग्री में प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी गई। इसी प्रकार पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कनोई सुजानगढ़ विद्यालय की रोजा खान ने सेमिनार में, ज्योति रेगर ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जूनियर वर्ग में, दीपिका ने अपशिष्ट प्रबंधन एवं प्लास्टिक के विकल्प जूनियर वर्ग में एवं पूर्वा वर्मा ने सीनियर वर्ग की सतत कृषि में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी विद्यालय की खुशबू प्रजापत ने आदर्श मनोरंजन गणितीय मॉडल में तृतीय, जानवी ने हरित ऊर्जा में द्वितीय, पायल सोनी ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सीनियर वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढाणी कुम्हरान तारानगर के चेतराम ने जूनियर वर्ग की सतत कृषि में प्रथम स्थान, धर्मवीर ने जल संरक्षण प्रबंधन जूनियर वर्ग में प्रथम प्राप्त किया। मगाराबि लोहा की अक्षरा ने जूनियर वर्ग में हरित ऊर्जा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मगाराबि बैरासर की पूजा ने सीनियर वर्ग में मनोरंजक गणितीय मॉडल में और समेरारम नायक ने सीडबल्यूएसएन हेतु उपयोगी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी विद्यालय की लक्ष्मी ने सेमिनार में, मोनिका ने जूनियर वर्ग में हरित उर्जा में, सुशीला ने सतत कृषि सीनियर वर्ग में, लीला ने हरित उर्जा सीनियर वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। राजकीय भीवसरिया विद्यालय की मिनाज बानो ने क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एवं भीवसरिया विद्यालय की बेला ने जूनियर वर्ग की सतत कृषि में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राउमावि दुकंर के शिवानी ने जूनियर वर्ग की स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में द्वितीय, सत्यनारायण कामड ने उभरती प्रौद्योगिकी में तृतीय, बाबूलाल ने जल संरक्षण प्रबंधन में तृतीय, नैना ने गणितीय मॉडल में प्रथम, निशा स्वामी ने सीनियर वर्ग की हरित उर्जा में द्वितीय, गायत्री भाम्भू सीनियर वर्ग में अपशिष्ट प्रबंधन व प्लास्टिक के विकल्प में तृतीय, संध्या राव ने जल संरक्षण प्रबंध में तृतीय, रचिता ने मनोरंजन गणितीय मॉडल में तृतीय स्थान प्राप्त किया। राउमावि लाखलाण बड़ी के आयुष क्विज में तृतीय, पूनम सेमिनार में द्वितीय, वंदना ने जूनियर वर्ग में सीडबल्यूएसएन हेतु उपयोगी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## यातायात को लेकर बड़ी परेशानी होती है नवलगढ मुख्य बाजार

### आमजन करतें हैं रस्ते में पार्किंग जिसके कारण होती है अव्यवस्था



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ के मुख्य बाजार में यातायात को लेकर व्यापारियों होतें है परेशान नवलगढ में इस वक्त दिवाली की खरीदारी से पूर्व ही बाजार में यातायात को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ता है तो दीवाली पर बाजार की स्थिति क्या होगी पिछले कई दिनों ये हमारी टीम द्वारा मुख्य बाजार की स्थिति को लेकर प्रशासन को जागरूक कर रहीं हैं जिसमें अहम मुद्दा बाजार के यातायात का भी है नानसा गेट बड़े प्रतिष्ठान के बहार दो पहिया वाहन व सदाफल रेस्टोरेंट के बाहर आमजन गाड़ियों को पार्क करके बाजार चलें जाते हैं वहां के दुकानदार उनकी दुकानों के बाहर लगे वाहनों को लेकर परेशान होता है। प्रशासन दे ध्यान।

## फोरलेन सड़क बना रहे ठेकेदार की लापरवाही से सैंकड़ों घरों में छाया पेयजल संकट, ग्रामीणों ने विरोध जताकर बंद करवाया कार्य



जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** श्रीमाधोपुर रोड पर चल रहे फोरलेन निर्माण के दौरान महरोली ग्राम पंचायत के राजस्व गांव छीलावाली के लिए जा रही पेयजल की पाइपलाइन को खुदाई के दौरान क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जिससे पिछले 5 दिन से पूरे गांव में पानी की सप्लाई बंद पड़ी है। शुक्रवार को सैकड़ो की संख्या में ग्रामवासी इकट्ठे होकर ठेकेदार द्वारा किए जा रहे सड़क निर्माण कार्य को बंद करवा दिया। युवा नेता अशोक यादव ने बताया कि ग्रामवासियों की मांग है कि हमारी पेयजल पाइपलाइन को पूरी तरह क्षतिग्रस्त किया गया है इसकी जगह नई पाइपलाइन डालकर पेयजल सप्लाई चालू की जाए और जब तक नई पाइपलाइन नहीं डाली जाएगी, तब तक हम लोग सड़क निर्माण की मशीनों को नहीं चलने देंगे। इस संबंध में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जिम्मेदार अधिकारियों से भी बात की गई लेकिन किसी प्रकार का संतोषजनक जवाब नहीं मिला। वहीं ठेकेदार ने हठधर्मिता अपनाते हुए लोगों को नियम कायदे बताने शुरु कर दिए और मशीनों को वापस चालू कर दिया। इससे ग्रामीण ओर ज्यादा उग्र हो गए।

## सीसीए के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीते मेडल

जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** सीसीए शिक्षण संस्थान समूह रींगस की विभिन्न इकाइयों के खिलाड़ियों ने हाल ही में आयोजित हुई 69 वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर मेडल जीते। संस्थान के झाबर निठारवाल ने बताया की छात्रा कृष्णा बाजिया पुत्री कैलाश बाजिया ने तैराकी प्रतियोगिता में दो गोल्ड मेडल, लक्की निठारवाल पुत्र सुरेंद्र कुमार ने तैराकी प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल, करण सिंह सामोता पुत्र सुरेश चन्द सामोता ने तैराकी में सिल्वर व राहुल सिंह सामोता पुत्र प्रकाश चन्द ने तैराकी प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल हासिल किया। छात्र यतेन्द्र चौधरी पौत्र श्याम लाल जाखड़ निवासी भारणी ने साइकलिंग में व हिमांशु डोटासरा पुत्र अमित डोटासरा ने ताइक्कांडो में गोल्ड मेडल हासिल किए। सभी खिलाड़ियों का संस्थान परिसर में संस्थान संरक्षक रमेश चंद्र सक्सेना, निदेशक डॉ अजय सक्सेना व सहनिदेशक कविता सक्सेना ने दुपट्टा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया।

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419
क्रमांक :–न.प.सु/आपदा प्रबन्धन/2025/6961 दिनांक :– 09.10.2025

**निविदा सूचना – 2025**

नगर परिशद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यो के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से निविदा दिनांक 09.10.2025 को निविदाएं दिनांक 13.10.2025 को 2.00 बजे तक विक्रय की जाकर 3.00 बजे तक प्राप्त कर सायं 4.00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी । उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक– DLB2526SSOB21207 कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिशद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ
राज.संवाद/सी/25/11921

**कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, बीदासर (चूरू) राज0**
E-Mail :nagarpalikabidasar@gmail.com Phone No. : 01560 – 262028
क्रमांक–नपाबी/2025–26/2161 दिनांक – 07.10.25

**निविदा सूचना/2025–26**

नगरपलिका बीदासर द्वारा नगरपालिका मद के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो के लिये विशेष अनुभव रखने वाले नगरपलिका बीदासर में पंजिकृत सवेंदक एंव राज्य/केंन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनो व अन्य विभागो में पंजिकृत सवेंदको से निर्धारित प्रपत्र में टेंण्डरिंग प्रकिया द्वारा ऑफलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है । निविदा सूचना www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है।
NIB CODE NO.- DLB2526A6971
UBN NO.- DLB2526SSOB21101
UBN NO.- DLB2526SSOB21102
UBN NO.- DLB2526SSOB21103

अध्यक्ष — नगरपालिका मण्डल,बीदासर
अधिशाषी अधिकारी — नगरपालिका मण्डल,बीदासर
राज.संवाद/सी/25/11875

**कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, बीदासर (चूरू) राज0**
E-Mail :nagarpalikabidasar@gmail.com Phone No. : 01560 – 262028
क्रमांक–नपाबी/2025–26/2183 दिनांक – 08.10.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगरपालिका बीदासर द्वारा 02 कार्य हेतु निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम –2012 व नियम–2013 की पालना में निम्नांकित कार्यो हेतु दिनांक 13.10.2025 को प्रातः 11.00 बजे तक विक्रय की जाकर उसी दिन दोपहर 01.00 बजे तक जमा ली जावेगी एवं उसी दिन दोपहर 03.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। निर्धारित शुल्क व अमानता राशि की नकद रसीद प्राप्त करने पर/ डी.डी. अद्योहस्ताक्षरकर्ता अधिषाशी अधिकारी नगरपालिका बीदासर के नाम जमा करवाने पर ही निविदा विक्रय की जावेगी। उक्त निविदा सूचना (http://www.sppp.raj.nic.in) बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
NIB Code- DLB2526A6968
UBN NO- DLB2526SSOB21092
UBN NO- DLB2526SSOB21093
राज.संवाद/सी/25/11874 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

# करवा चौथ का पर्व मनाया हर्ष उल्लास के साथ



सरदारशहर।



मण्डावा



रींगस।



अजीतगढ़.

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर।** क्षेत्र में पति-पत्नी के प्रेम का प्रतीक करवा चौथ का पर्व सरदारशहर तहसील क्षेत्र में श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। सरदारशहर के वार्ड 12 रामदेव मंदिर के पास पति की लंबी उम्र की कामना के साथ महिलाओं ने व्रत रखकर चौथ माता की पूजा अर्चना की तथा चौथ माता की कहानी सुनकर पति की लंबी उम्र की कामना की। महिलाओं ने विशेष परिधान पहनकर करवा चौथ पर मेहन्दी लगाकर एवं सोहलह श्रृंगार किया। इस अवसर पर डॉ मोनिका सैनी, सपना लूणियां, निधि लूणियां, सपना सैनी, शांति माली, सोहनी जांगिड़, उमा शर्मा, रोशनी राव, शालू, ममता वर्मा, शालिनी वर्मा, सीता स्वामी, संतोष स्वामी, संगीता चौधरी, कमला कंदोई, सिया कंदोई सहित अनेक महिलाओं ने करवा चौथ पूजा की कहानी सुनी। इस मौके पर डॉ मोनिका सैनी, सपना लूणियां ने बताया कि करवा चौथ के व्रत का इंतजार महिलाओं को साल भर रहता है और यह व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। देशभर में करवा चौथ का त्यौहार मनाया जा रहा है। हर साल दिवाली से 11 दिन पहले मनाया जाने वाला करवा चौथ का व्रत सभी सुहागन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन महिलाएं सुखी वैवाहिक जीवन और अपने पति की लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत रखती हैं जो रात को चांद देखने के बाद खोला जाता है। परंपराओं के अनुसार चांद की पूजा करने के बाद महिलाएं अपने पतियों की आरती उतारती है और फिर उनके हाथों में जल और कुछ मीठा ग्रहण कर व्रत का पारण करती हैं। इस दिन शुभ मुहूर्त में कथा भी सुनी जाती है। इस दिन कथा सुनने का विशेष महत्व होता है। बहुत पहले की बात है। एक गांव में एक बेहद ही सुंदर और सुशील लड़की रहती थी जो की सात भाइयों की बहन थी। भाई बहन में बहुत ही लाड प्यार था। सभी सातों भाई अपनी इकलौती बहन को खूब लाड़ करते थे। उनकी बहन का विवाह भी एक बहुत ही अच्छे घर में हुआ था। शादी के बाद बहन ने करवा चौथ का व्रत रखना शुरू किया। फिर जब करवा चौथ का दिन आया तो बहन ने अपने पति के सुखी जीवन और लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत रखा। लेकिन सभी भाई



सीकर।

चिंता में पड़ गए क्योंकि इस व्रत में दिन भर भूखें प्यासे रहना पड़ता है और वह अपनी बहन को भूखा प्यासा देखकर थोड़े चिंता में पड़ गए। वह चाहते थे कि उनकी बहन चांद निकलने का इंतजार ना करें। जल्द ही भोजन करें और परेशान ना हो। इसी के चलते सभी भाइयों ने मिलकर एक योजना बनाई और पास के पेड़ पर चढ़कर एक दर्पण की मदद से बहन को नकली चांद दिखने का विचार बनाया। उन्होंने पेड़ों के पीछे से रोशनी में एक दर्पण का उपयोग कर एक चमकदार रोशनी उत्पन्न की जिससे ऐसा लगने लगा कि चांद निकल आया है। जब भाइयों ने बहन को बताया कि बहन चांद निकल आया है तो बहन ने जब आकाश की ओर देखा तो उसे वह चमक चांद की तरह ही लग रही थी। यही सोच कर उसने व्रत खोला और भोजन के लिए बैठ गई। जैसे ही उसने भोजन का एक कोर अपने मुंह में रखा वैसे ही संदेशा आया कि उसका पति बहुत बीमार है और वह बेहोश हो गया। बहन हड़बड़ाती हुई अपने पति के पास पहुंची। वह अपने पति की हालत देखकर बहुत दुखी हुई और रोने लगी। उसने देवी मां से प्रार्थना की। उन्होंने उसके पति के साथ ऐसा क्यों किया है। आज तो उसने अपने पति के लिए व्रत रखा था और आज के दिन ऐसा क्यों हुआ। फिर देवी मां प्रकट हुई और उन्होंने सारी सच्चाई बताई। तब बहन ने हाथ जोड़कर देवी मां से क्षमा मांगी और साल भर में पड़ने वाली सभी चतुर्थी तिथियां के व्रत किए और जब करवा चतुर्थी का दिन आया तो सच्चे मन से व्रत रखा और इस बार सही समय पर चांद निकलने के बाद ही व्रत खोला। उसकी सच्ची भावना और भक्ति से देवी मां प्रसन्न हुई और उसके पति को जीवनदान मिला। तब से यह माना जाता है कि करवा चौथ का व्रत पूरी निष्ठा और विश्वास के साथ करना चाहिए तभी इसका पूरा फल मिलता है।

**मण्डावा** उपखण्ड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में करवा चौथ का पर्व पारंपरिक श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। शुक्रवार को सुहागिन महिलाओं ने चौथ माता की कहानी सुनकर सूर्य को पवित्र जल का अर्द्ध दिया। साथ ही बुजुर्ग महिलाओं के चरण दबाकर अखण्ड सौभाग्यवती होने का आर्शीवाद लिया। अंचल में सुहाग की दीर्घायु के लिए रखा जाने वाला करवा चौथ व्रत उल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिनों ने निर्जला व्रत रख व पूजा-पाठ कर पति की दीर्घायु के लिए कामना की। इसके साथ ही चांद का दीदार कर व्रत तोड़ा। शुक्रवार को करवा चौथ व्रत पर सुहागिनों ने दिन भर निर्जला व्रत रख कर अपने पति के मंगलमय जीवन और सुखी दांपत्य जीवन की कामना की। सुहागिनों ने सोलह श्रंगार कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। दिनभर बाजार में भी खासी चहल-पहल नजर आई। दुकानों में महिलाएं कपड़े और श्रंगार के अन्य सामान की खरीद में मशगूल दिखीं। सुहाग के जोड़े में सजी महिलाएं मां का आशीर्वाद लिया । शाम के समय चांद के दीदार को व्रती महिलाएं हर पल आसमान की ओर ताकती नजर आईं। रात करीब सवा आठ बजे चांद अपनी शीतल आभा लेकर आसमान में खिल उठा। महिलाओं ने दीप प्रज्वलित कर छलनी की ओट से चांद और फिर अपने सुहाग के दर्शन किए। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद सुहागिनों ने अपना व्रत तोड़ा। इससे पूर्व दिन भर विभिन्न गावों भी में करवा चौथ पर सामूहिक पूजा का आयोजन किया गया। महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर करवा व्रत कथा का श्रवण भी किया।

**रींगस।** अखंड सौभाग्य के पर्व करवा चौथ पर शुक्रवार को 31 वें वर्ष भी पवन गैस एजेंसी द्वारा 51 जोड़ों का पुष्प गुच्छ व सुहाग के प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। एजेंसी के प्रवक्ता मुकेश चोपड़ा ने बताया कि करवा चौथ की पूर्व संध्या पर हमारे 551 उपभोक्ताओं ने अपनी धर्मपत्नियों को बतौर सुरक्षा चक्र सुरक्षा हॉज भेंट की, जो बेहद अनुकरणीय थी। कार्यक्रम का शुभारंभ अतरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अतरिक्त मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट श्रीमाधोपुर व रींगस उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार से की गई। इस अवसर पर पार्टनर पवन शर्मा, मुकेश चोपड़ा, मनोज मिश्रा, विकाश शर्मा आदि मौजूद थे।

**अजीतगढ़.** कस्बे समेत क्षेत्र के गांवो में शुक्रवार को करवा चौथ का पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर महिलाओं ने जमकर करवो की खरीददारी की एवं अपने पति की लंबी उम्र के लिए करवा चोथ का व्रत किया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को करवा चौथ का व्रत होने के कारण बाजारों में लगी करवो की दुकानों पर महिलाओं ने करवे खरीदे। इस अवसर पर अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखा साथ ही महिलाओं ने सुबह एवं शाम को करवा चौथ की कहानी सुनी साथ ही सूर्य अस्त होने के बाद न तो पानी का सेवन किया एवं नहीं चाय का सेवन किया उसके बाद चांद दिखने के बाद महिलाओं ने चांद के दर्शन कर अपने पति के हाथों से पानी पीकर व्रत को खोला। इस अवसर पर महिलाएं नए कपड़ों में सजी-धजी रही। जानकारी के अनुसार कई महिलाओं के पति बाहरी राज्यों व देशो में नौकरी करते हैं एवं कई महिलाओं के पति देश की रक्षा के लिए बॉर्डरो पर तैनात है वे महिलाएं चांद को उगने के बाद मोबाइलों के जरिए अपने पति के दर्शन कर व्रत को खोला।

**सीकर।** करवा चौथ एक बेहद खास और भावनात्मक त्योहार है, जिसे विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के लिए मनाती हैं। यह व्रत कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को रखा जाता है, जिसमें महिलाएं पूरे दिन निर्जल उपवास रखती हैं और रात को चांद को अर्घ्य देकर अपना व्रत खोलती हैं। इस अवसर पर महिलाएं पारंपरिक सोलह श्रृंगार करती हैं और पूजा में भाग लेकर अपने सुहाग की रक्षा की प्रार्थना करती हैं। अंचल में पति की लंबी आयु के लिए सुहागिनें शुक्रवार को करवा चौथ का व्रत के साथ ही कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्थी को मनाने जाने वाले इस पर्व को लेकर सुहागिनों ने करवा चौथ का व्रत रखा कहते की इस दिन अखंड सौभाग्य का वरदान आज के दिन अपनी पति की लंबी आयु के लिए दिनभर निर्जला व्रत के बाद शाम के समय चांद को अर्ध देने के बाद पति के हाथों पानी पीकर अपना व्रत तोड़ेती पर्व रिश्तों को मजबूत बनाने वाला पर्व पति पत्नी के रिश्ते को और मजबूत करती जिस कारण यह पर्व पति पत्नी के लिए काफी महत्व रखता पत्नी द्वारा पति की लंबी आयु और उसकी सुख समृद्धि के लिए पूजा-अर्चना के साथ इस दिन मूल रूप से भगवान गणेश मां गोरी और चंद्रमा की उपासना की जाती है। चंद्रमा को आमतौर पर आयु, सुख और शांति का प्रतीक माना जाता चंद्रमा की पूजा करके सुहागीने वैवाहिक जीवन में सुख शांति और पति की लंबी आयु की कामना करती करवा चौथ के दिन सुहागिन सूर्योदय से पहले उठकर व्रत की शुरुआत करती है। पूरे दिन निर्जल उपवास कर शाम को छन्नी से चांद देखकर और पति की आरती उतारकर अपना व्रत खोलती है। गुरुवार को देर शाम तक करवा चौथ पर्व करने वाली सुहागिन बाजार में पूजा सामग्री की खरीदारी करने में जुटी रही जिस कारण से पूरे बाजार में बहुत ज्यादा चहल-पहल रही। सेवादार शारदा काबरा ने बताया कि शुक्रवार को करवा चौथ व्रत कथा का विशेष आयोजन किया विधिवत पूजन-अर्चन के साथ श्री गणपति महाराज और शिव-पार्वती माता का पूजन कर करवा चौथ व्रत महाकथा महिलाएं विभिन्न समूहों में भाग लिया ।कथा के माध्यम से महिलाओं को करवा चौथ व्रत के महत्व, उसकी विधि-विधान एवं पारंपरिक आस्था के प्रतीक स्वरूप के बारे में विस्तार से बताया महिलाएं अपने पति की दीर्घायु, पारिवारिक सुख-समृद्धि और मंगल जीवन की कामना के साथ व्रत रखेंगी।

## दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट, नवलगढ़ एवं कंगारू माइंड्स द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जन-जागरूकता रैली का आयोजन

**मानसिक स्वास्थ्य के बिना स्वस्थ मानव जीवन की कल्पना बेमानी जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग**

**मोबाइल का अत्यधिक प्रयोग मानसिक तनाव का प्रमुख कारण विधायक विक्रम सिंह जाखल**




जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट, नवलगढ़ एवं कंगारू माइंड्स के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जन-जागरूकता रैली का भव्य आयोजन किया गया। इस रैली में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक, समाजसेवी एवं नगरवासी उत्साहपूर्वक शामिल हुए।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग, कार्यक्रम अध्यक्ष नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल तथा विशिष्ट अतिथि ए.डी.ई.ओ. उम्मेद सिंह महला उपस्थित रहे। निदेशक (पी.आर. एवं आई.पी.) डॉ. विनोद कुमार सैनी एवं प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर अतिथियों का स्वागत-अभिनंदन किया। प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने स्वागत उद्बोधन में दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट एवं कंगारू माइंड्स द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारपूर्ण एवं जागरूकतामूलक कार्यों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ. अरुण गर्ग ने अपने संबोधन में कहा "मानसिक स्वास्थ्य के बिना स्वस्थ मानव जीवन की कल्पना ही बेमानी है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हमें यह संदेश देता है कि मानसिक समस्याओं से जूझ रहे व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील होकर उन्हें सहयोग दें। आज प्रतिस्पर्धा, संघर्ष और प्राकृतिक आपदाएँ मानसिक स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित कर रही हैं। हर पाँच में से एक व्यक्ति किसी न किसी मानसिक परेशानी से गुजर रहा है। ऐसे समय में एक-दूसरे के मानसिक स्वास्थ्य का सहारा बनना न केवल जीवन बचाता है, बल्कि मनुष्य को नई शक्ति देता है।" डॉ. गर्ग ने पोदार ट्रस्ट एवं डॉ. वेदिका पोदार द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे सतत एवं सार्थक प्रयासों की सराहना की और बधाई दी। कार्यक्रम अध्यक्ष विधायक विक्रम सिंह जाखल ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. वेदिका पोदार द्वारा आरंभ की गई मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता मुहिम नवलगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे जिले के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा , "मोबाइल का अत्यधिक प्रयोग आज मानसिक तनाव का बड़ा कारण बन गया है।

## नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह ने किया परसरामपुरा मे दो कक्षा-कक्ष, लाईब्रेरी व प्रयोगशाला का लोकार्पण हुआ

### चुनाव के दोरान किए वादे कर रहे पूरे विधायक जाखल

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)।** नवलगढ़ के परसरामपुरा मे महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) में दो कक्षा-कक्ष, लाईब्रेरी व प्रयोगशाला का लोकार्पण हुआ आज । महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम ) परसरामपुरा में गुरुवार को प्रातः 11 बजे समग्र शिक्षा पीएबी 2023-24 के अन्तर्गत 46.41 लाख की लागत से निर्मित दो कक्षा-कक्ष, एक लाईब्रेरी व एक प्रयोगशाला कक्ष का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल रहें तथा



कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत परसरामपुरा के सरपंच करणी राम द्वारा की गयी । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जयदीप झाझड़ीया, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नवलगढ़ आत्माराम एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंडावा अशोक कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीण सेवा शिविर में वर्षों पुरानी गलती का समाधान – बजरंग लाल को मिला सही पहचान का हक

**झुंझुनूं (निसं.)** पंचायत समिति मंडावा की ग्राम पंचायत तोलियासर में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर आमजन के लिए राहत लेकर आया। इसी शिविर में तोलियासर निवासी बजरंग लाल पुत्र भगवान राम को अपने राजस्व रिकॉर्ड में सही नाम दर्ज करवाने का वर्षों पुराना सपना साकार हुआ। दरअसल, राजस्व अभिलेखों में उनके नाम की जगह गलती से "बैजू पुत्र भगवान" लिखा हुआ था, जिसके कारण उन्हें सरकारी कार्यों और प्रमाणपत्रों में लगातार दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। कई प्रयासों के बावजूद सुधार नहीं हो पा रहा था। ग्रामीण सेवा शिविर की जानकारी मिलने पर बजरंग लाल ने आवेदन प्रस्तुत किया। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने उनके आधार कार्ड, जनआधार, राशन कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों की जांच की। जांच में पुष्टि हुई कि "बैजू" और "बजरंग लाल" एक ही व्यक्ति हैं। तत्पश्चात तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर ने स्वयं प्रार्थी से पूछताछ की और दस्तावेजों के सत्यापन के बाद नाम संशोधन का आदेश जारी किया। आदेश प्राप्त होते ही बजरंग लाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब वे अपने सही नाम से राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज हो चुके हैं, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। इस कार्य में उपखंड अधिकारी एवं शिविर प्रभारी मुनेश कुमारी, तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर, भू-अभिलेख निरीक्षक किशन लाल जांगिड़ तथा पटवारी शीशराम की सराहनीय भूमिका रही, जिन्होंने संवेदनशीलता और तत्परता के साथ जांच कर संशोधन आदेश जारी करवाया।

## होटल में अनैतिक अवैध गतिविधियों पर पुलिस ने होटल में मारी रेड, होटल मालिक सहित तीन को किया गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर में पुलिस ने मेगा हाईवे स्थित डायमंड होटल में छापा मारकर अवैध गतिविधियों का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देश पर जिले भर में नशाखोरी, अवैध हथियारों की बिक्री, अवैध शराब और अनैतिक कार्यों पर नियंत्रण के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। सरदारशहर थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई के नेतृत्व में पुलिस टीम ने डायमंड होटल में दबिश दी। जांच के दौरान होटल में अवैध गतिविधियां संचालित होती पाई गईं। पुलिस ने मौके से होटल संचालक सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें नरेश पूनियां पुत्र राजकुमार निवासी सीरंगसर, हनुमानगढ़, नितेश यादव पुत्र मिथलेश यादव निवासी टोकाजीबछपुर मधेपुरा, बिहार और दिनदयाल माली पुत्र लेखराम, निवासी ओम कॉलोनी चूरू शामिल हैं। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है। पुलिस ने होटल से आपत्तिजनक सामग्री भी जब्त की है।

## एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में बेडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ समापन, विजेता टीमों को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को एमजीएसयू बीकानेर की अंतर महाविद्यालय बॉल बैडमिंटन पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता का समापन किया गया। गुरुवार को हुए महिला वर्ग के फाइनल मैच में अंबिका कॉलेज, पल्लू ने एसबीडी कॉलेज को हराकर विजेता का खिताब जीता। पुरुष वर्ग में शुक्रवार को अंबिका कॉलेज पल्लू, डूंगर कॉलेज बीकानेर को हराकर विजेता रही। समापन समारोह में मुख्य अतिथि कृषि उपज मंडी सचिव डॉ पंकज शर्मा व विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक डॉ धर्मवीर सिंह रहे। विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी तथा खिलाड़ियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ कविता शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ एमए खान, डॉ प्रभाकर दीक्षित तथा मैच रेफरी गण उपस्थित रहे। संचालन भवानीशंकर ने किया।

## सद्भावना क्रिकेट प्रतियोगिता का चौथे चरण का हुआ आगाज, शिक्षा विभाग द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के राजीव गांधी क्रीड़ांगन स्टेडियम में शिक्षा विभाग द्वारा सद्भावना क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे चरण का आगाज करते हुए तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ पर विधायक अनिल शर्मा, प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित, सभापति राजकरण चौधरी, शिक्षा विभाग के अधिकारी अशोक पारीक आदि ने क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ कर खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए खिलाड़ियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारी अशोक पारीक, वेद प्रकाश शर्मा, राजकुमार गौड़, सुभाष सोनगरा, जितेंद्र शर्मा, रवि मीणा सहित अनेक गणमान्यजनों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

## शिक्षा अधिकार निरीक्षण दलों का प्रशिक्षण आयोजित

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में पंचायत समिति के सभागार में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत भौतिक सत्यापन निरीक्षण दल सदस्यों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीबीईओ विद्याधर शर्मा ने निरीक्षण दल सदस्यों को फीस पुनर्भरण योजना का सूक्ष्म अवलोकन करने के निर्देश दिए। पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी द्वारका प्रसाद शर्मा ने निःशुल्क सीट्स प्रवेश की ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया से अवगत करवाया। दक्ष प्रशिक्षक कमलेश शर्मा ने एंट्री कक्षा के आवेदन पत्र व दस्तावेज जांच की विस्तृत जानकारी दी।इस अवसर पर संदर्भ व्यक्ति सुरेश कुमार भास्कर , मास्टर ट्रेनर सुभाष महला , प्रशासनिक अधिकारी भंवरसिंह जाखड़ , लेखाकार अनिल मील, मंजू सेवदा, श्रीराम मुंड, सहायक, प्रशासनिक अधिकारी लोकेश मीणा, परमेश्वर लाल, कमलेश शर्मा, नरेन्द्र सामरिया, दीनदयाल शर्मा, शांति देवी, महेश सैनी, दिनेश स्वामी, विकास झांकल, भवरसिंह स्वामी आदि उपस्थित थे।

# नाबालिग बेटी के किडनैप की कोशिशः मां की आंखों में लाल मिर्च फेंकी, चाचा पर कुल्हाड़ी से हमला, घर के बाहर गाड़ियां जलाई

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निसं.)।** झुंझुनूं के गुढ़ागौड़जी थाना इलाके के बामलास गांव की नीम की ढाणी में गांव के कुछ लोगों ने एक परिवार पर हमला कर दिया। घटना सुबह 5 बजे की है। परिवार पर हमला कर उनके साथ मारपीट की गई। इसके बाद घर के बाहर रखी गाड़ियां जला दीं। हमलावरों ने नाबालिग बेटी और मां से गाली-गलौच की और नाबालिग को जबरन उठा लेने जाने की कोशिश की। विरोध करने पर बदमाशों ने मां की आंखों में लाल मिर्च फेंकी। उसके देवर पर कुल्हाड़ी और केबल से हमला किया। पीड़िता ने कुछ दिन पहले भी दी थी रिपोर्ट इसके बाद बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी बाइक और पिकअप को आग के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि इससे पहले गुरुवार दोपहर को भी हमलावर आए थे। यहां मारपीट की और धमकाया भी था। इससे पहले 3 अक्टूबर को भी वे हमला कर चुके थे। इस पर पीड़िता ने इन लोगों के खिलाफ मारपीट और घर में तोड़फोड़ की रिपोर्ट गुढ़ागौड़जी थाने में दर्ज करवाई थी। लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर इन्ही बदमाशों ने दुबारा जानलेवा हमला कर दिया। बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी पिकअप को आग लगा दी, जिससे पिकअप जलकर खाक हो गई। पहले से दर्ज रिपोर्ट को किया गया नजरअंदाज नीम की ढाणी की निवासी सुमन देवी (40) पत्नी बुद्धराम ने बताया कि 3 अक्टूबर को गांव के कुछ लोगों ने उनके घर में घुसकर मारपीट की थी। घर में तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी दी थी। इसको लेकर 8 अक्टूबर को गुढ़ा गौड़जी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, लेकिन पुलिस ने इसे "आपसी विवाद" बताकर हल्के में लिया। अगर पुलिस ने पहले की रिपोर्ट पर कार्रवाई की होती, तो आज ये नौबत नहीं आती। आरोपियों को पता है कि उन्हें कोई पकड़ने वाला नहीं, इसलिए वे और हिम्मत वर हो गए है। 9 अक्टूबर की दोपहर फिर हमला घटना 9 अक्टूबर की दोपहर करीब 2.30 बजे की है। सुमन देवी अपनी 17 साल की बेटी अनीता के साथ घर पर थी। इसी दौरान 2 गाड़ियों में सवार होकर गांव के राकेश पुत्र शीशराम, उर्मिला देवी पत्नी श्रवण कुमार, सुरेश पुत्र मोतीराम, राजकुमार पुत्र गुरुदयाल, निवासी नीम की ढाणी, और उर्मिला का पति श्रवण निवासी खिरोड़ अपने 4-5 अन्य साथियों के साथ पहुंचे। सभी आरोपी आते ही गालियां देने लगे। बोले कि आज इसका हिसाब चुकता करेंगे। फिर मेरी बेटी अनीता को जबरदस्ती उठाने की कोशिश की। मैंने बीच-बचाव किया तो उन्होंने मुझ पर लाल मिर्च फेंक दी। आंखों में जलन से कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। गुढ़ागौड़जी थाना इलाके के बामलास गांव की नीम की ढाणी में घर के बाहर खड़ी बाइक को भी बदमाशों ने आग लगाकर खाक कर दिया। चीख-पुकार सुनकर सुमन देवी के देवर लोकूराम पुत्र मोतीराम मौके पर पहुंचे। उन्होंने अनीता को छुड़ाने की कोशिश की तो हमलावरों ने उन पर लकड़ी, कुल्हाड़ी और बिजली की केबल से हमला कर दिया। लोकूराम के सिर, हाथ और पीठ पर गंभीर चोटें आईं। हमालावरों ने मेरे देवर को लहूलुहान कर दिया। हम बचाने के लिए चिल्लाते रहे, लेकिन कोई पास नहीं आया। आखिर में वे घर के बाहर खड़ी बाइक, खेत में पानी देने की पाइप और पिकअप में आग लगाकर भाग गए। आगजनी से लाखों का नुकसान हमलावरों के जाते ही घर के बाहर अफरा-तफरी मच गई। पाइप और बाइक जलकर पूरी तरह राख हो गई, जबकि पिकअप में लगी आग ग्रामीणों ने किसी तरह बुझाई, लेकिन अगला हिस्सा पूरी तरह जल गया। खेतों में लगी पानी की लाइन भी पिघल गई, जिससे फसलों को सिंचाई देना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि घटना के वक्त महिला और उसकी बेटी ने बार-बार थाने में फोन करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। जब पुलिस पहुंची, तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। पहले भी झगड़े की जड़ बना 'प्रेम प्रसंग' गांव में इस विवाद की जड़ प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, सुमन देवी की बेटी अनीता का गांव के एक युवक से प्रेम संबंध था। आरोप है कि लड़की के परिवार को यह रिश्ता मंजूर नहीं था, जबकि दूसरी तरफ युवक के परिजन इसे अपनी "इज्जत का मामला" मान रहे थे। दोनों पक्षों में पिछले कुछ महीनों से तनाव चल रहा था। गांव में कई बार पंचायत बैठ चुकी थी, लेकिन मामला सुलझ नहीं पाया। इसी तनाव के चलते 3 अक्टूबर को दोनों पक्षों में पहली बार झगड़ा हुआ था। पुलिस ने इस बार दर्ज किया केस घटना के बाद सुमन देवी ने एक बार फिर गुढ़ा गौड़जी थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई। थानाधिकारी राम मनोहर ठोलिया ने रिपोर्ट दर्ज कर हेड कॉन्स्टेबल प्रकाशचंद को जांच सौंपी है। पीड़िता की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाया गया है और पुलिस टीमें आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। घटना के बाद देर रात पुलिस ने नीम की ढाणी और आसपास के इलाकों में दबिश दी। कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। थाना अधिकारी ने कहा कि "मामला गंभीर है, किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।" पीड़िता ने मांगी सुरक्षा सुमन देवी ने जिला पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर सुरक्षा की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक उन्हें और उनके परिवार को खतरा है। उन्होंने कहा- "हमारे घर में जो कुछ बचा था, वो भी जला दिया गया। पुलिस ने पहले ध्यान दिया होता तो मेरी बेटी और देवर पर ये हमला नहीं होता।"

## सीएल ग्रुप की ओर से मनाई गई पूर्व विधायक स्वर्गीय भंवरलाल शर्मा की तीसरी पुण्यतिथि

### विधायक अनिल शर्मा भी रहे मौजूद


जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के वार्ड 22 स्थित सामुदायिक भवन में शुक्रवार को CL ग्रुप की ओर से पूर्व विधायक स्वर्गीय भंवरलाल शर्मा की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर सरदारशहर विधायक पंडित अनिल शर्मा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र राजवी, सीएल ग्रुप अध्यक्ष चंपालाल राकसिया सहित बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने पूर्व विधायक स्वर्गीय भंवरलाल शर्मा की प्रतिमा सीएल के समक्ष पुष्प अर्पित उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सीएलग्रुप की ओर से गायों के लिए लापसी और झोपड़पट्टी में रहने वाले बच्चों के लिए फल वितरित किए गए। इस अवसर पर विधायक पंडित अनिल शर्मा ने कहा कि हमारे पूर्व विधायक स्वर्गीय भंवरलाल शर्मा 7 बार विधायक रहे और उन्होंने गरीब को गणेश मानकर सेवा की है। उन्होंने कहा कि उनसे हमें बहुत कुछ सीखने को मिला जो हमारे जीवन में काम आ रहा है। इस अवसर पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र राजवी ने कहा कि स्वर्गीय विधायक भंवरलाल शर्मा ने बिना किसी भेदभाव की राजनीति की। उन्होंने हमेशा सबको आगे बढ़ाया और सबको साथ लेकर चले। उन्होंने कहा कि उनके जीवन काल से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर CL ग्रुप अध्यक्ष चंपालाल राकसिया ने कहा कि पूर्व विधायक स्वर्गीय भंवरलाल शर्मा की तीसरी पुण्यतिथि पर हमारी ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर गायों के लिए लापसी बनाई गई है और झोपड़पट्टी में रहने वाले बच्चों के लिए फल वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक स्वर्गीय भंवरलाल शर्मा हमारे आदर्श थे और उनके जीवन काल से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वार्ड वासी मौजूद रहे।

## पिता ने किया डेढ़ साल की बच्ची का किडनैप, गेट के बाहर खेल रही मासूम को उठा ले गया, मां बोली- मेरी गुड़िया लौटा दो

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनूं(निसं.)** झुंझुनूं के गांधी चौक क्षेत्र में घर के बाहर खेल रही डेढ़ साल की मासूम बच्ची का किडनैप कर लिया गया। आरोप है कि बच्ची का ज्वेलर पिता ही उसे उठा ले गया। यह पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे की घटना है। झुंझुनूं में गांधी चौक क्षेत्र में 9 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे डेढ़ साल वंशिका अपने ननिहाल में खेल रही थी। ननिहाल में मां के साथ रहती थी मासूम गांधी चौक के पास आकांक्षा सोनी की पीहर (मायका) है। आकांक्षा सोनी की शादी 28 नवंबर 2022 को हेमंत सोनी (27) निवासी महलाना बास, राजगढ़, चूरू से हुई थी। गांव में ही हेमंत की ज्वेलरी की शॉप है। हेमंत सोनी के परिवार में माता-पिता और एक छोटा भाई है। शादी के कुछ समय बाद ही पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया। आकांक्षा का आरोप है कि पति मारपीट करता था और कई बार बच्ची को ले जाने की धमकी दे चुका था। इसी कारण वह पिछले करीब 2 साल से अपने पिता पवन कुमार सोनी के साथ झुंझुनूं में रह रही हैं। वर्तमान में दोनों के बीच पारिवारिक विवाद का केस कोर्ट में चल रहा है। घर के बाहर खेल रही थी आकांक्षा ने बताया- गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे मेरी डेढ़ साल की बेटी वंशिका घर के बाहर खेल रही थी। मैं कुछ देर के लिए अंदर गई। तभी पीछे से उसका पति हेमंत सोनी वहां पहुंचा और बच्ची को उठा ले गया। सीसीटीवी फुटेज बना अहम सबूत परिवार ने जब बच्ची को घर और आसपास तलाशा तो कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद घर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें पूरी घटना साफ-साफ नजर आई। फुटेज देखकर परिवार सकते में आ गया। सीसीटीवी फुटेज को पुलिस ने जब्त कर लिया है। मां की आंखों में सिर्फ एक सवाल- कब लौटेगी मेरी वंशिका घटना के बाद आकांक्षा का रो-रोकर बुरा हाल है। वह हर आवाज पर दरवाजे की ओर देखती है। बार-बार कहती है- बस मेरी गुड़िया मुझे लौटा दो। वो बिना मेरे नहीं रह पाएगी। बच्ची के नाना बोले- पलक झपकते ही ले गया बच्ची के नाना पवन कुमार सोनी ने बताया कि घटना इतनी तेजी से हुई कि किसी को समझने का मौका ही नहीं मिला। कोतवाली थाने में आकांक्षा की लिखित रिपोर्ट पर पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज किया है। संभावित ठिकानों पर दबिश एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। तकनीकी और मानवीय दोनों स्तरों पर पुलिस टीमें सक्रिय हैं। जल्द ही बच्ची को सुरक्षित बरामद कर लिया जाएगा। पुलिस बोली- जल्द बरामद होगी बच्ची कोतवाली थाना अधिकारी हरजिंदर सिंह ने बताया कि बच्ची को सकुशल बरामद करने के लिए पुलिस की विशेष टीम गठित की गई है।

## श्री राम कथा के प्रथम दिवस व्यास पीठ पर विराजमान धर्मदास महाराज के मुखारविंद से कथा का रसपान

जयपुर टाइम्स



**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ मुरारका मैरिज गार्डन में आयोजित श्री रामकथा का प्रथम दिवस व्यास पीठ पर विराजमान धर्मदास महाराज ने बताया कि इस मृत्यु लोक के सात लोक और सात लोक नीचे है रामनाम अनंत रामनाम का नाम ही ब्रम्हांड है जैसे र से राधा म से माधव और बीच यही ब्रह्म है कथा सुनने के लिए माघ महीना सर्वश्रेष्ठ होता जिस मनुष्य के मन में रामनाम नहीं वो मनुष्य पत्थर के समान महाराज ने बताया मनुष्य की आयु सौ वर्ष और सवा सौ वर्ष महा आयु होना बताया राम जी से वही प्रेम कर सकता है जो धैर्यवान मनुष्य होता है मनुष्य को जीवन में अंदर बाहर रोशनी चाहिए तो वह राम नाम अपने मुख से जपता रहे महाराज ने बताया कि चार वेद 18 पुराण 6 शास्त्र इन सबका सार रामचरितमानस है महाराज ने कहा कि संत और शास्त्र की बात मनुष्य को अपने जीवन में जरूर माननी चाहिए जिससे उसका उद्धार हो सके कथा में मुख्य यजमान भरत मुरारका ने सपत्नीक पूजन किया पंडित दयाराम शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार से पूजन करवाया इस अवसर पर भरत मुरारका, सुरेश पुजारी रेलवे सलाहकार सदस्य, मुरली मनोहर चौबदार ,विशाल पंडित ,बनवारी लाल कोलसियावाला, रमेश कुमार यादव, सुरेश शर्मा ,अखिलेश शर्मा ,राजू कोलसियावाला ,प्रकाश सैन, रामकरण सैनी, कैलाश डोकवाल, मुरारी इंदौरिया ,अर्जुन लाल सैनी, गणेश शर्मा ,अवधेश शर्मा ,सुरेश कुमावत ,अभिनेष शर्मा ,संतोष मुरारका ,राजकुमारी देवी , गायत्री देवी ,मंजू देवी ,संतोष सैन ,ग्यारसी देवी सहित आदि श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही ।

## 26 वां विश्व दृष्टि दिवस मनाया, नेत्र सुरक्षा के प्रति किया जागरूक




**सरदारशहर(निसं.)।** नेत्रदान एवं रक्तदान जनजागरण अभियान के तत्वाधान में राजकीय उप स्वास्थ्य केन्द्र बरड़ासर में 26 वां विश्व दृष्टि दिवस मनाया गया। अभियान के जिला संयोजक एवं आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान चूरू चैप्टर नेत्र संग्रह केन्द्र सरदारशहर के समन्वयक गणेशदास स्वामी ने कहा कि हमें आंखों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना चाहिये। आंखों की समय समय पर जांच करवानी चाहिये। बिना चिकित्सक की सलाह के आंखों में कोई दवा नहीं डालनी चाहिए। बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण कराना चाहिए। बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाये। बच्चों को नुकिली वस्तुओं से दूर रखें, बच्चों को गुल्ली-डंडा खेल से दूर रखें। दीपावली पर पटाखे फोड़ते समय अभिभावक बच्चों के साथ रहें। होली पर रसायनिक रंगों का प्रयोग न करें, इससे आंख की कार्निया नष्ट होने से आंख की रोशनी जा सकती है। स्वामी ने बताया कि इस बार वर्लड साइट डे की थीम लव योर आइज के अनुसार आइये हम सप्ताह में एक दिन कुछ घंटे प्रकृति के सानिध्य में बिताये। अपनी आंखों से प्रेम करें। हम सब मिलकर विश्वभर के लोग अंधता उन्मूलन के लिए प्रयास करें तथा नेत्रदान करने का संकल्प लेकर देश में अन्धता के शिकार लोगों को रोशनी दें। उपकेन्द्र की एएनएम संदीपा ने आंखों की सुरक्षा के उपाय बताए। सामाजिक कार्यकर्ता समुन्दर लाल मेघवाल, आशा, मन्जू तथा चेतराम ने भी विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान जयपुर एवं जिला प्रशासन व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग चूरू द्वारा प्रकाशित नेत्रदान जागरूकता प्रचार सामग्री वितरित की गई।

## मंड्रेला में आज आएंगे सीएम और केंद्रीय मंत्रीः 1100 करोड़ की कुंभाराम कैनाल का शिलान्यास संभावित, मिल सकती है कई सौगात

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निसं.)** मुख्यमंत्री शर्मा-केंद्रीय मंत्री पाटिल का मंड्रेला दौरा झुंझुनूं के मंड्रेला कस्बे में 11 अक्टूबर, शनिवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल का संयुक्त दौरा प्रस्तावित है। इस दौरे में 1100 करोड़ रुपए की लागत वाली कुंभाराम लिफ्ट कैनाल परियोजना का शिलान्यास होने की संभावना है, जो सूरजगढ़ और उदयपुरवाटी विधानसभा क्षेत्रों को पानी उपलब्ध कराएगी।

### प्रमुख घोषणाओं की आस

मंड्रेला नगर पालिका और नौ आस-पास की पंचायतों (बजावा सूरों का, तिगियास, लांबा, अलीपुर, बुडानिया, धत्तरवाला, खुडिया, बदनगढ़, मंड्रेला) को कुंभाराम लिफ्ट कैनाल से जोड़ने की घोषणा की जा सकती है।
यमुना जल परियोजना की डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) की प्रगति पर चर्चा होगी और झुंझुनूं के वंचित गांवों के लिए नई पेयजल आपूर्ति योजनाओं का ऐलान संभव है।
रोडवेज बस डिपो, एईएन कार्यालयों (बिजली निगम, जलदाय विभाग), उप तहसील को पूर्ण तहसील का दर्जा, सीएचसी को उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत करने और सीवरेज/33 केवी एचटी लाइन शिफ्टिंग जैसी वर्षों पुरानी मांगों पर घोषणा की भी उम्मीद है।

### सीएम 15 नए स्वास्थ्य भवनों का लोकार्पण करेंगे

मुख्यमंत्री जिले में 15 नए स्वास्थ्य भवनों का लोकार्पण करेंगे, जिनमें सीएचसी इस्लामपुर, पीएचसी (वाहिदपुरा, सोनासर, लालपुर, भामरवासी, चुड़ैला, भीमसर, कांकरिया, बलौदा) और पब्लिक हेल्थ यूनिट्स शामिल हैं। हाल ही में विवादों में रहे चुड़ैला सीएचसी भवन का लोकार्पण भी मुख्यमंत्री के हाथों होगा।
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तहत दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए बने पुनर्वास भवन का भी उद्घाटन किया जाएगा।

### 500 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय के अनुसार- सीएम के दौरे के लिए लगभग 500 पुलिस अधिकारी और कार्मिक सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन में तैनात किए गए हैं। कार्यक्रम स्थल के पास बड़े और छोटे वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग व्यवस्था की गई है। रोड नंबर 3 पर विशेष ट्रैफिक प्रबंध किए गए हैं, जिससे आमजन को असुविधा न हो।

## एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष ने की पैदल यात्रा

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष संजय सिंह कताला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सुजानगढ़ से सालासर धाम की पैदल यात्री की। कताला ने सालासर में धाम में धोक लगाकर प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ व कार्यकर्ताओं की रिहाई के लिए प्रार्थना की। कताला ने बताया कि बिना मुकदमे के ही हमारे नेताओं को अरेस्ट किया गया, इसलिए हम लोग सरकार की सद्बुद्धि की कामना करते हैं। इस यात्रा में बाबूलाल पांडर, भोजराज खीचड़, बबलू, महेंद्र, रमेश आदि ने भाग लिया। पैदल यात्रियों का रास्ते में माल्यार्पण कर लोगों ने स्वागत किया।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
11 अक्टूबर, 2025

## रामेश्वर डूडी के संघर्ष को जनता करेगी याद, किलक



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** स्थानीय भोजलाई चौराहे पर स्थित राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश कार्यालय में किसान नेता स्व. रामेश्वर डूडी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र किलक ने कहा कि किसान केसरी डूडी साहब द्वारा आम जनता और किसानों के हितों के लिए किए गए संघर्ष को भुलाया नहीं जा सकता। उपस्थित लोगों ने रामेश्वर डूडी अमर रहे के नारे लगाए। सभी के डूडी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर सुजानगढ़ जाट समाज अध्यक्ष भंवरलाल बुगालिया, राष्ट्रीय जाट महासभा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल सिंह गोदारा, किसान नेता जगदेव बेड़ा, भंवरलाल गुलेरिया, नरेंद्र सिंह भामू, कालूराम खिलेरी, जोगेंद्र सिंह भामू, आर एल पी पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनिवास तेतरवाल, हरी भामू, अशोक किलक, सुरेन्द्र शर्मा, बलराम खिलेरी, जगमालसिंह छरंग आदि मौजूद रहे।

## तकनीकी उन्नयन कार्यशाला रैंप का हुआ आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** उद्योग एवं वाणिज्य विभाग राजस्थान सरकार एवं जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र चूरू के संयुक्त तत्वावधान मे एम एस एम ई रैंप स्कीम के तहत तकनीकी उन्नयन कार्यशाला का आयोजन सुजानगढ़ स्थित होटल सत्यम में किया गया। जिसमें शहर की सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाइयों को रैंप कार्यक्रम की क्रियान्वयन एजेंसी पी डी कोर लिमिटेड द्वारा रैंप स्कीम में तकनीकी उन्नयन तथा ऊर्जा ऑडिट से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाइयों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं-जैसे ओ डी ओ पी, एम एस एम ई 2024 एवं एक्सपोर्ट प्रमोशन के बारे में भी उद्यमियों को जानकारी दी गई। समारोह की अध्यक्षता सुरेंद्र मिरणका उद्योग संघ सुजानगढ़ तथा जिला उद्योग अधिकारी फिरोज भाटी ने की। वर्क शॉप में शहर के प्रमुख उद्यमी उपस्थित रहे।

## शिविर में ग्रामीणों को मिले अधिकार

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत बडाबर में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने शिविर का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। शिविर प्रभारी तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक, सहायक विकास अधिकारी कमल कान्त बैदी, ग्राम विकास अधिकारी मुकेश कुमार सहित अनेक अधिकारी शिविर में मौजूद रहे। उपखंड अधिकारी ने पट्टा वितरण किया। शिविर में 7 पट्टे, व्यक्तिगत शौचालय के आवेदन 37, शुद्धिकरण 20, नामान्तरण 45, मूल निवास प्रमाण पत्र 35, जाति प्रमाण पत्र 48, 148 पशुपालक लाभान्वित हुए। मुख्यमंत्री विश्वकर्मा योजना में 11 लोग लाभान्वित हुए। सरपंच दुर्गेश कंवर, प्रतिनिधि अजीतसिंह, गोपालकृष्ण, पूनमचंद मेघवाल, लादूराम आदि ने शिविर में आए ग्रामीणों का सहयोग किया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत भानीसरिया तेज में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व उप प्रधान दीवानसिंह भानीसरिया ने योजनाओं के बारे में जानकारी दी। शिविर प्रभारी विकास अधिकारी रवि कुमार ने बताया की शिविर में 1 पट्टा आवंटित किया गया, 8 पट्टे के आवेदन आये, व्यक्तिगत शौचालय के 20 आवेदन आए। इसी प्रकार राजस्व विभाग में शुद्धिकरण 11, विभाजन 2, मूलनिवास 35 बनाए गए, जाति प्रमाण पत्र आवेदन 48 आए और 132 पशुपालक लाभान्वित हुए। शिविर में नायब तहसीलदार व अन्य प्रमुख विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पांच छात्राओं ने लिया राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय कनोई बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की खिलाड़ी छात्राओं ने राज्य स्तर पर खेलकर विद्यालय का रोशन किया है। शारीरिक शिक्षक रामेश्वरलाल खिचड़ ने बताया कि शतरंज में मोनिका शेखावत ने सीकर में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेकर जिले का प्रतिनिधित्व किया है। इसी प्रकार गंगानगर के मयूर स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्कूल की चार होनहार खिलाड़ी छात्राओ न भाग लिया है। छात्रा विमला गुर्जर, तस्मीया बानो, साक्षी सांखला, सिद्धी प्रजापत ने बास्केट बॉल में भाग लेकर जिले की ओर से प्रतिनिधित्व किया। छात्राओं ने कुल पांच मैच खेले। लेकिन क्वाटर फाइनल में प्रवेश नहीं कर पाई।

# शहरी सेवा शिविर में आमजन को मिला लाभ, विधायक मील ने बांटे 48 पट्टे

जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे शहरी सेवा शिविर में आम जन को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है इसी के तहत रींगस शहर के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के टीन शेड तले खंडेला विधायक सुभाष मील के मुख्य आतिथ्य में शिविर का आयोजन कर कस्बेवासियों को आवासीय पट्टे, जल-विद्युत कनेक्शन, पीएम स्वनिधि योजना के चेक सहित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर का शुभारंभ शहीद सुल्तान सिंह बाजिया की वीरांगना सुमन देवी का सम्मान कर पट्टा देकर किया गया। इससे पहले नगर पालिका अध्यक्ष हरिशंकर निठारवाल के नेतृत्व में पार्षदों ने विधायक मील का साफा बंधवाकर और माला पहनाकर स्वागत किया। खंडेला विधायक सुभाष मील ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को लाभ प्रदान किया जाए, किसी योजना से संबंधित लाभार्थी के पास दस्तावेज कम है तो उनको भी पूरा करवाने का प्रयास करें। सरकार की मंशा है कि एक ही छत के नीचे लोगों के काम हो उनको भटकना नहीं पड़े। वहीं पालिकाध्यक्ष निठारवाल ने बताया कि 22 फरवरी 2025 के बाद नगर पालिका प्रशासन द्वारा 551 पट्टे जारी किए जा चुके हैं। कस्बेवासियों ने शिविर के माध्यम से लाभान्वित करने के लिए राज्य सरकार



सहित विधायक सुभाष मील का आभार जताया। गौरतलब है कि शिविर के दौरान 48 पट्टे, 3 विद्युत कनेक्शन, 5 नल कनेक्शन, कन्यादान योजना के तहत एक लाभार्थी को 51 हजार, 13 पीएम-सीएम स्वनिधि के चेक जारी करने के साथ नवजात शिशुओं के लिए अन्न प्रासन्न और गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। इस दौरान तहसीलदार एवं कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी महेश ओला, पालिका उपाध्यक्ष अमित शर्मा, पालिका कनिष्ठ अभियंता लोकेश निठारवाल, वरिष्ठ प्रारुप कार बाबूलाल बाजिया, लेखाधिकारी विष्णु जांगिड़, फायर ब्रिगेड इंचार्ज बाबूलाल साखुनिया, कर्मचारी एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष सोहनलाल बाजिया, अरविंद कुमार, केशियर ममता, पिंकी, सुमन, कंप्यूटर ऑपरेटर अनिल बाजिया, नरेंद्र शर्मा, पंकज शर्मा, विकास जांगिड़, सुरेंद्र, गजानंद मावर, पीएचईडी के सहायक अभियंता श्यामसुंदर सैन, कनिष्ठ अभियंता अंकुर, विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता सोमेंद्र चौधरी, आयुर्वेद औषधालय के प्रभारी डॉ रविन्द्र लाटा, उप जिला अस्पताल के नर्सिंग कर्मी विजय बाजिया, पार्षद बीरबल निठारवाल, राजेंद्र दंबीवाल, गोगराज भामू, चंद्रशेखर कानूनगो, कैलाश घोसल्या, विष्णु चुलेट, आयुष कानूनगो, सुनील सैनी, श्यामसुंदर छीपा, महेंद्र बधाला, विनोद रछौया, सुभाष सैन, सुभाष निठारवाल सहित अनेक विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## ग्रामीण शिविरों में मिल रही है आयुर्वेद की सेवा

जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निसं.)** कस्बे में शहरी सेवा शिविर व ग्रामों में ग्रामीण सेवा शिविर सरकार द्वारा संचालित हो रहें है और इसके तहत आयुर्वेद विभाग द्वारा आयोज्य कैंपों में चिकित्सा शिविर लगाकर जन- जन तक आयुर्वेद चिकित्सा को पहुंचाने का काम शिविर में ड्यूटी देने वाले आयुर्वेद डॉक्टर्स द्वारा किया जा रहा है। ग्रामीण सेवा शिविर में आयुर्वेद विधि द्वारा रोगी चिकित्सा के अलावा नाड़ी परीक्षण,क्वाथ वितरण, विद्यकर्म, अग्निकर्म और कपिंग थैरेपी (अलाबू पद्धति) से कपिंग देकर साइटिका जैसे रोगियों का इलाज भी किया गया। दर्द निवारण का काम किया गया।साथ ही यहां आए हुए लोगों को परामर्श सेवा देकर लाभ दिया जा रहा है।जानकारी देते हुए ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉ राजेंद्र कुमावत ने बताया कि अब तक इन कैंपों से सैकड़ों रोगी चिकित्सा लाभ ले चुके हैं और जटिल रोगों का इलाज आयुर्वेद में वर्णित अन्य विधि से कर रहे हैं। डॉ दीपक बगड़िया,डॉ वेद प्रकाश सैनी कई रोगियों को इस माध्यम से लाभ दे चुके हैं। डॉ कुमावत ने बताया कि सौंदर्य प्रसाधन और तनाव मुक्ति में आयुर्वेद की उपयोगिता सिद्ध हो रही है। साथ ही इस प्राचीन पद्धति में नस्य,पंचकर्म, कटी बस्ती, गिरवा बस्ती,जानू बस्ती से भी पेन मैनेजमेंट में अच्छा रोल है। डॉ कुमावत ने बताया कि 13 अक्टूबर को आयोजित होने वाले शहरी शिविर के तहत जमात स्कूल में ये सेवाएं एक्सपर्ट द्वारा दी जाएगी।



## मजबूत इरादों से मो. सूफियान खान ने जीते गोल्ड मैडल

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** शहर के होनहार दिव्यांग मो. सूफियान खान ने अपनी कमजोरियों को हथियार बनाते हुए स्टेट लेवल पर गोल्ड मैडल हासिल किए और अब वह ओलम्पिक में भाग लेकर देश व सुजानगढ़ का नाम रोशन करना चाहता है। दरअसल दिव्यांग 14 साल का हो गया है, लेकिन उसकी हाईट नहीं बढ़ रही है। कक्षा 10 में अध्ययन करने वाले मो सूफियान खान शहर की हनुमान धोरा कॉलोनी में रहने वाले तैयब अली और मुमताज बानो के पुत्र हैं। सूफियान के दादा हाजी मोहम्मद ने बताया कि उसकी शुरू से ही जेवलिन थ्रो जैसे खेलो में रूचि थी। तब उन्होंने बीकानेर के कोलायत में चल रही कपिल मुनि निःशुल्क स्पोर्ट्स एकेडमी के बारे में सुना। यह एकेडमी दिव्यांगों को खेल प्रशिक्षण देने का काम करती है। हाजी मोहम्मद ने बताया कि सूफियान को कोलायत में प्रशिक्षण के लिए भेजा गया ताकि वह खेलों में पारंगत हो सके। इसके बाद सूफियान ने धीरे-धीरे भाला फेंक, तस्तरी फेंक और गोला फेंक खेलों मे रूचि दिखाई। इन खेलो को अंग्रेजी भाषा में जेवलिन थ्रो, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो के नाम से जाना जाता है। सूफियान को क्रिकेट खेलने का शौक है, लेकिन उसका सपना है कि वह ओलंपिक जाकर इंटरनेशनल लेवल तक खेलकर देश का नाम रोशन करे। हाल ही में जयपुर में दिव्यांग बच्चों के मध्य हुई प्रतियोगिताओं में कोच रामावतार सैन के नेतृत्व में भाग लिया और गोल्ड मैडल तक जीते। सूफियान की हाईट 3 फुट 6 ईंच है। उन्होंने स्टेट लेवल दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स में भाग लिया और शॉट पुट-गोला फेंक में गोल्ड मैडल हासिल किया। इसी प्रकार डिस्कस थ्रो-तस्तरी फेंक में भी गोल्ड मैडल जीता। दूसरी ओर जेवलिन थ्रो में सिल्वर मैडल जीता। सुजानगढ़ में पहली बार ऐसा हो रहा है, जब तीन-तीन खेलों में एक ही बालक ने मैडल जीते हैं। दिनांक 19 अक्टूबर 10 को जन्मे सूफियान का कहना है दादा-दादी और परिवारजनों के सहयोग और प्रेरणा से लगातार मेहनत करके आगे तक खेल में जाउंगा। सूफियान को हाल ही में पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया की हवेली में आयोजित कार्यक्रम में पद्म श्री हिम्मताराम भामू ने सम्मानित कर हौसला बढ़ाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अगर मो. सूफियान खान के इरादे मजबूत रहे और हौसले बुलंद रहे, तो एक दिन जरूर वह ओलंपिक तक पहुंचेगा।

## वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देकर समाज में सकारात्मक बदलाव लायें-सुराणा

### जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने किया इंस्पायर अवार्ड जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ,

### जिले के 73 विद्यालयों के 90 से अधिक मॉडल्स का किया प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**चूरू:(नि.सं.)** जिला मुख्यालय स्थित पीएमश्री राजकीय बागला उच्च माध्यमिक विद्यालय में इंस्पायर अवार्ड जिला स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन शुक्रवार को जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने दीप प्रज्ज्वलन कर और फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये मॉडलों का अवलोकन कर सराहना की। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि विद्यार्थी, शिक्षक व समाज के लोग वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा दें, इन नवाचारों से समाज में सकारात्मक बदलाव आयेगा। सामाजिक समस्याओं, आवश्यकताओं और भविष्य की रूपरेखा के लिए तकनीकी व नवाचारों का बेहतरीन उपयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट कार्यों को स्वप्रेरणा से सीखें और तैयार किए गए मॉडलों में मौलिकता हो। विद्यार्थी अपने आसपास की समस्याओं को समझें, उन पर चिंतन कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समाधान विकसित करने का प्रयास करें। उन्होंने कोड चूरू कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को कोड चूरू कार्यक्रम के बारे में जागरूक करें तथा अभिभावक शिक्षक उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कोडिंग व तकनीकी क्षेत्र में अग्रणी बनाएं। जिले के 73 विद्यालयों के 90 से अधिक मॉडल्स का प्रदर्शन प्रदर्शनी में चूरू जिले के 73 विद्यालयों से चयनित 90 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपने स्वयं के तैयार किए गए विज्ञान मॉडल्स का प्रदर्शन किया, जिनमें ऊर्जा संरक्षण, महिला सुरक्षा, कृषि सुधार, स्वच्छता, जल प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा, ब्रेल लिपि प्रिंटिंग, वर्षा संवेदन आदि विषयों पर मॉडल्स तैयार किए गए। जिला कलक्टर सुराणा ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर विद्यार्थियों से उनके नवाचारों की जानकारी लेते हुए उनके प्रयासों की सराहना की और आवश्यक सुझाव भी दिए। सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़ ने प्रदर्शनी की रूपरेखा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी शनिवार को भी आयोजित की जाएगी। डीईओ माध्यमिक संतोष महर्षि ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि व प्रदर्शनी में भाग लेने वाले बच्चों, स्कूलों और मॉडल की जानकारी दी। इस दौरान अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी कमल शर्मा, प्रधानाचार्य रमेश पूनियां, स्टेट ज्यूरी से शिवानी सिंह, जिला ज्यूरी से रमाकांत खींची, गायत्री प्रजापत, विजयपाल धुवां, शारदा गुडेसर सहित शिक्षक, अभिभावक व बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

## राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में आर्यन स्कूल बना सिरमौर

जयपुर टाइम्स



**रींगस(नि.सं.)।** कस्बे के आर्यन मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने अंडर 14 और अंडर 19 तैराकी प्रतियोगिता में सीकर जिले को विजेता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय की प्रधानाचार्या मल्लिका खत्री ने बताया कि जोधपुर में आयोजित अंडर 14 तैराकी प्रतियोगिता में विद्यालय के अमन सामोता ने 100 और 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में गोल्ड, जबकि 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में सिल्वर मेडल जीता। वहीं मोहित ने 200 मीटर बैक स्ट्रोक में गोल्ड, 50 और 100 मीटर बैक स्ट्रोक में सिल्वर जीता और मनोज, मोहित और अमन सामोता ने 4x100 मीटर टीम रिले में गोल्ड मेडल जीता और सीकर जिले को विजेता बनाया। दूसरी और केशवानंद स्कूल भढाढर में आयोजित अंडर 19 तैराकी प्रतियोगिता में विद्यालय की साक्षी सामोता 50,100 और 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक की व्यक्तिगत स्पर्धा में तीन गोल्ड मेडल जीते और साथ ही प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ तैराक का खिताब जीता। तैराकी के साथ झुंझुनूं में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में भी विद्यालय ने एक सिल्वर और दो ब्रॉन्ज मेडल जीते। विद्यालय के लवेश कुमावत ने 40 किग्रा भार वर्ग कैटेगरी में सिल्वर जीता और नेशनल ट्रायल के लिए चयनित हुआ। शुभम कुमावत ने 50 किग्रा भार वर्ग कैटेगरी में ब्रॉन्ज, आयुष पाण्डे ने 62 किग्रा भार वर्ग कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीता। इस तरह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में आर्यन स्कूल के विद्यार्थियों ने कुल 7 गोल्ड, 4 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर परिवार, विद्यालय और कस्बे का नाम राज्य मानचित्र पर रोशन किया। विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर संस्था संरक्षक उदय भान धींगरा और प्रधानाचार्या मल्लिका खत्री के नेतृत्व में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कराटा कोच मुकेश शेषमा, तैराकी कोच बबलेश कुमावत, केके सर, अर्जुन कुमावत, केसरमल कुमावत, बंशीधर खेदड़, वंदना वाधवानी, ममता शर्मा, पूजा कुमावत, सुमित्रा चौधरी, मेघना, नीलू कुमावत, सुभाष पावंडा सहित समस्त शिक्षक और स्टाफ उपस्थित रहे।

## पलसाना में विनोद जाखड़ की रिहाई की मांग

### नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, अम्बेडकर समिति ने दी आंदोलन की चेतावनी



जयपुर टाइम्स

**पलसाना(नि.सं.)** उपतहसील पर शुक्रवार को अम्बेडकर नवयुवक सेवा समिति पलसाना के देखरेख में एक ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन विनोद जाखड़ को न्याय दिलाने और उनकी रिहाई की मांग को लेकर दिया गया। समिति ने बताया कि विनोद जाखड़ और उनके साथियों को हाल ही में राजस्थान विश्वविद्यालय परिसर में आरएसएस के शस्त्र पूजा कार्यक्रम का विरोध करने पर गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि गिरफ्तारी के बाद उनके साथ बर्बरतापूर्वक मारपीट भी की गई। इस घटना के विरोध में एससी/एसटी समुदाय में भारी आक्रोश है। ज्ञापन में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के वकील पर जूते से हमले के प्रयास की घटना पर भी नाराजगी जताई गई। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि विनोद जाखड़ को रिहा नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान अम्बेडकर नवयुवक सेवा समिति पलसाना के अध्यक्ष गुलझारी लाल ढेनवाल, महावीर कटारिया, सुनील सोलेरा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भीवा राम बाजिया, गोपाल जोया, हेमचंद वर्मा (अजबपुरा), नेमीचंद मीणा, गिरधारी मीणा, प्रहलाद जोया, हनुमान सिंह ढेनवाल, बंशीलाल कटारिया, राजेंद्र कादिया, भगीरथ कटारिया, गौतम कादिया, सुरेंद्र कटारिया, दशरथ कादिया, अंकित वर्मा, भंवर लाल वर्मा, चंदन वर्मा, इब्राहिम पंच, विक्रम कटारिया, राधेश्याम कटारिया, कमलेश किलानियां, नितेश कुमावत, राकेश बिजारणियां और सुनील ढेनवाल सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तेजल कॉलेज की मिस फ्रेशर बनी कोमल कंवर

जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** श्रीमाधोपुर रोड़ स्थित तेजल शिक्षण महिला महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यकम फ्रेशर पार्टी 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें सबसे पहले मां सरस्वती की प्रतिमा के माल्यापर्ण व द्वीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था सचिव बाबूलाल यादव व अध्यक्ष बीरबल सिंह लील रहें। विशिष्ट अतिथि के रूप महेश कुमार गुर्जर, सीताराम लील रहे। सबसे पहले उपस्थित सभी अतिथियों का



संस्थान के द्वारा माल्यापर्ण व साफा पहना करके स्वागत किया गया। इसी दौरान महाविद्यालय के सभी शिक्षकों का संस्था के अध्यक्ष व सचिव द्वारा दुपट्टा पहनाकर अभिनन्दन व सम्मान किया गया। इसके बाद संस्था अध्यक्ष व सचिव ने संयुक्त रूप से सम्बोधित करते हुए नव प्रवेशित छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि महाविद्यालय की परम्परा अनुसार एक उत्कृष्ट कार्यक्रम है। जिसमें छात्राओं का चहुमुखी विकास होता है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। महाविद्यालय की मिस फ्रेशर चुनने के लिए केट चॉक, प्रश्नोतरी सहित अनेक टास्क करवाये गये। जिसके परिणाम स्वरूप अंतिम रूप चयनित छात्रा कोमल कंवर पुत्री शिम्भू सिंह शेखावत निवासी सरगोठ गढी को मिस फ्रेशर चुनी गई। जिससे अतिथियों के द्वारा मिस फ्रेशर का सिर पर ताज पहनाया व मिस फ्रेशर का दुपट्टा ओढाया गया। द्वितीय स्थान मनीषा वर्मा पुत्री सम्पत वर्मा निवासी ठिकरिया रही, उसका भी माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान छात्राओं ने ड्रामा, सोशल मिड़िया व देशभक्ति नाटकों के माध्यम ऑपरेशन सिन्दूर को एकांकी के रूप में प्रस्तुत किया। महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा राजस्थानी गाने म्हारो तेजल सुपर डुपर आदि पर नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के अन्त में अध्यक्ष बीरबल सिंह लील ने सभी आये हुऐ मेहमानों व छात्राओं का आभार व्यक्त किया और छात्राओं से कहा कि सभी को पढ़ाई के साथ-साथ इस प्रकार के कार्यक्रम में भी भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन संदीप डंडिया द्वारा किया गया। इस दौरान प्रेमलता, सुभाष वर्मा, रामवतार यादव, बन्टी कुमार बागोरिया, विनोद रछौया, नवरंग सैनी, महेन्द्र यादव, एनएसएस प्रभारी लक्ष्मण सैनी, राजेश कुमार, कृष्ण कुमार यादव, केशव शर्मा, किरण जाट, रचना रछौया, वन्दना पांडे, कृष्णा यादव, गुर्जन कंवर, योगमाया कुमावत आदि मौजूद थे।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
11 अक्टूबर, 2025

## इंस्पायर अवॉर्डः दित्यांशी धायल ने बनाया प्लास्टिक पाऊच कलेक्शन स्टिक



जयपुर टाइम्स

**दांतारामगढ़(निसं.)** पीएम श्री राधा कृष्ण मारू राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल में दो दिवसीय जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक योजना प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों ने अपना कौशल प्रदर्शित किया। जानकारी सूत्रों के अनुसार जिले में अवॉर्ड के लिए कुल 5432 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था, 272 श्रेष्ठ इनोवेटिव आइडिया के रजिस्टर्ड विद्यार्थियों को केन्द्र सरकार की ओर से 10 हजार रुपए भुगतान मॉडल प्रोजेक्ट बनाने के लिए किया गया था, इनमें से जिला स्तर पर 111 विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी में भाग लिया। इनमें से 11 श्रेष्ठ विद्यार्थियो के प्रोजेक्टों का चयन किया गया। जिसमे आर्यन इन्टरनेशनल स्कूल-दांता की छात्रा दिव्यांशी धायल का चयन राज्य स्तर के लिए किया। धायल का राज्य स्तर पर चयन होने पर स्कूल के निदेशक व स्टाफ ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

## छात्र-छात्राओं को वित्तीय प्रबंधन और ऑनलाइन फ्रॉड की जानकारी दी



जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** कस्बे की अजीतगढ़ पीजी कॉलेज एवं बाबा श्याम टीटी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को युवा कौशल समिति के प्रयासों से सेबी प्रतिनिधि सतीश यादव द्वारा विशिष्ट जागरूकता कार्यक्रम कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय निदेशक विजय यादव ने की,सेबी प्रतिनिधि यादव ने एस आईपी ,म्युचुअल फंड, चित फंड कंपनियां, मोबाइल अपडेशन ,सिविल स्कोर के बारे में जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को आर्थिक लेन-देन में सुरक्षा व सतर्कता बरतने के अनेक उपाय विस्तार से बताएं। प्राचार्य डॉ राकेश नन्दुडी ने कहा कि साइबर युग में सतर्कता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है । कार्यक्रम में प्राचार्य डॉक्टर श्रवण नोगिया , उप प्राचार्य मुकेश महरिया, व्याख्याता चिरंजी लाल,लक्ष्मी नारायण ,डब्बू सिंह, शंभू दयाल भारद्वाज, इंद्र मेहता आदि ने भी संबोधन कर प्रकाश डाला । अंत में साइबर फ्रॉड को रोकने के लिए सभी विद्यार्थियों ने सतर्कता हेतु प्रतिज्ञा दिलाई गई ।

### सुराणी गांव का है मामला

## खेत में बने मकान का अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चुराया हजारों रूपयो का सामान

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** निकटवर्ती ग्राम सुरानी में गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने एक खेत में बने मकान का ताला तोड़ हजारों रूपयो का सामान चुरा कर फरार हो गए पुलिस ने शुक्रवार की सुबह चोरी स्थल का मौका मुआवना किया। हेड कांस्टेबल हरफूल मीणा ने बताया कि सुराणी निवासी राम सिंह मीणा अपने खेत में दो कमरे बना रखे थे जिस कारण कमरों मे सामान पड़ा हुआ था एवं खेत में नोजल फुवारे लगे हुए थे। हेड कांस्टेबल ने बताया कि इन कमरों में रात को कोई नहीं रहता था जिस कारण अज्ञात चोरों ने इसका फायदा उठाते हुए खेत में लगे नो नोजल फुव्वारे, कमरों में रखें दो कांटों के लोहे के तार के बंडल, 1 क्विंटल से ज्यादा सरसों के बीज की बोरी, लोहे का तकता, खेत के लगा लोहे का मुख्य गेट एवं अन्य सामान अज्ञात चोर चुरा ले गए जब सुबह खेत के मालिक आए तो उन्होंने कमरों का ताला टूटा पाया एवं सामान गायब मिला तो तुरंत इसकी सूचना अजीतगढ़ पुलिस को दी जिस कारण पुलिस तुरंत मौका स्थल पर आकर मौका मुआवना किया। हेड कांस्टेबल ने बताया कि संभावना व्यक्त की जा रही है कि अज्ञात चोर किसी वाहन में सामान डालकर लेकर गए हैं क्योंकि खेत सुरानी सड़क मार्ग पर होने के कारण वहां पर किसी वाहन के टायरों के निशान भी मिले हैं। पुलिस ने अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष डूडी को दी श्रृंद्धजली



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** तारानगर के जाट भवन में पूर्व नेता प्रतिपक्ष स्व. रामेश्वर डूडी की शोक सभा रखी गयी जिसमें उपस्थित लोगों ने डूडी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर डूडी को नमन किया एवं दो मिनट का मौन रखकर डूडी को श्रृंद्धाजलि दी। पार्षद हरिसिंह बेनीवाल ने कहा कि डूडी हमेशा किसानों के हितेषी रहे, किसानों की आवाज को दबने नहीं दी वे सादकी के प्रतीक थे। बेनिवाल ने आगे कहा कि डूडी पूर्व प्रधान, जिला प्रमुख व सासंद भी रह चुके है। इस मोके पर जिला परिषद सदस्य व पूर्व प्रधान तिलोकाराम कस्वां, रामस्वरूप झाझड़िया, शीशपाल धीनवाल, जीताराम जांदू, ओम भाकर, चंदन डोटासरा, रामकुमार पांडर, रामजीलाल कुलड़िया, भगतसिंह भाकर, जीतू तेतरवाल, विनोद पिलानिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नगरपालिका का शहरी सेवा शिविर 13 अक्टूबर को

**तारानगर (निसं.)** तारानगर नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड 28 में 13 अक्टूबर को शहरी सेवा शिविर लगेगा। पार्षद रेखा शर्मा ने बताया कि उक्त सेवा शिविर 10 अक्टूबर को लगना था जो करवा चौथ पर कलेक्टर के पावर का अवकाश होने के कारण शहरी सेवा कार्यक्रम मे बदलाव कर अब शिविर 13 अक्टूबर को ब्राह्मण पंचायत भवन में शिविर आयोजित होगा।

### अजीतगढ़ के नीमकाथाना सड़क मार्ग पर पुलिस थाने के सामने का मामला

# सड़क के बिल्कुल टच पड़ा हुआ है लंबा गड्ढा, कभी भी हो सकता है भारी हादसा

### 5 दिन पहले हुई सीएलजी की बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार के सामने उठाई गई थी यह समस्या

जयपुर टाइम्स



**अजीतगढ़(निसं.)** कस्बे के सबसे व्यस्त रहने वाले नीमकाथाना सड़क मार्ग पर पुलिस स्टेशन के सामने सड़क के बिल्कुल टच लंबा खड्डा पडा हुआ है जिसमें कई बार कई मोटरसाइकिल सवार गिरने के शिकार हो चुके हैं अगर उक्त समस्या का समाधान नहीं हुआ तो कभी ना कभी कोई भारी हादसा होने की संभावना होती जा रही है लेकिन फिर भी सार्वजनिक निर्माण विभाग पीपीपी मोड इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है जिस कारण लोगों में भारी रोष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार इस सड़क मार्ग पर ढलाव होने एवं पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बरसात का संपूर्ण पानी काफी दूरी से इस सड़क मार्ग के रास्ते से आता है जिस कारण पिछले दिनों हुई बरसात के कारण बरसात के पानी के कारण इस सड़क मार्ग के बिल्कुल करीब पुलिस स्टेशन के सामने काफी दूरी तक कटाव लग जाने के कारण काफी लंबा खड्डा पडा हुआ है जिस कारण इस गड्ढे में कई बार कई बाईक सवार गिरकर चोटिल हो चुके हैं लेकिन अगर इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो कभी ना कभी कोई भारी हादसा होने की संभावना हो रही है जिसकी जिम्मेदारी सार्वजनिक निर्माण विभाग पीपीपी मोड की होगी। जानकारी के अनुसार 5 दिन पहले पुलिस थाने में हुई सीएलजी की मीटिंग में सदस्यों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमकाथाना गिरधारी लाल शर्मा, तहसीलदार जगदीश बेरवा, अजीतगढ़ पुलिस उप अधीक्षक उमेश गुप्ता एवं थाना अधिकारी प्रदीप शर्मा के सामने यह मुद्दा उठाया था और कहा था कि अगर उक्त समस्या का समाधान नहीं होगा तो कभी ना कभी कोई बड़ा हादसा हो सकता है जिसकी जिम्मेदारी सार्वजनिक निर्माण विभाग की होगी जिस पर कहा गया था कि उक्त समस्या का समाधान के लिए जल्दी ही सार्वजनिक निर्माण विभाग को अवगत कराया जाएगा। लोगों ने आरोप लगाया कि यह सड़क मार्ग काफी व्यस्त बहने वाला सड़क मार्ग है रोजाना इस सड़क मार्ग से हजारों की संख्या में छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं एवं कई वीआईपी, मंत्री, विधायक एवं बड़ी अधिकारी भी गुजरते हैं लेकिन फिर भी समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है जिस कारण लोगों में भारी रोष व्याप्त हो रहा है। लोगों का आरोप है कि इसी सड़क मार्ग पर तेजाजी महाराज के मंदिर के पास सड़क के बिल्कुल टच बरसाती पानी का उचित निकास नहीं होने के कारण कटाव लगे से गड्ढा पड़ा हुआ है जिस कारण इसके कारण भी दुर्घटना होने की संभावना हो रही है इस संबंध में सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता विशाल चौधरी का कहना है कि यह सड़क मार्ग सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकार क्षेत्र में नहीं है जहर सड़क मार्ग सार्वजनिक निर्माण विभाग पीपीपी मोड के अधीन है जिस कारण जल्दी ही इस समस्या के समाधान के लिए उनको अवगत कराकर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

## महर्षि परशुराम महाविद्यालय दांता मे चल रहें पंडित दीनदयाल शेखावाटी विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ समापन

### राजस्थान ग्रामीण कोलेज थोई ने 42 - 15 से जीत दर्ज करते हुए फाइनल का खिताब अपने नाम किया

### एस एन के पी राजकीय महाविद्यालय नीमकाथाना रही उपविजेता टीम

जयपुर टाइम्स







**दांतारामगढ़ सीकर(निसं.)।** पंडित दीनदयाल शेखावाटी विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय कब्बडी महिला प्रतियोगिता का आयोजन महर्षि परशुराम महाविद्यालय दांता में हुआ । तीन दिवसीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दांव-पेंच लगाते हुए दमखम दिखाया। शुक्रवार को फाइनल मुकाबला खेला गया। महाविद्यालय निदेशक सुरेश शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला, उपस्थित अतिथियों की उपस्थिति में हुआ। फाइनल मुकाबला मैच राजस्थान ग्रामीण कोलेज थोई तथा एस एन के पी राजकीय महाविद्यालय नीमकाथाना के मध्य खेला गया जिसमें राजस्थान ग्रामीण कोलेज थोई ने 42 - 15 से जीत दर्ज करते हुए फाइनल का खिताब अपने नाम किया वहीं एस एन के पी राजकीय महाविद्यालय नीमकाथाना उपविजेता टीम रही। विजेता ओर उप-विजेता टीम को निदेशक सुरेश शर्मा ने बधाई दी। इस दौरान महाविद्यालय खेल मैदान में समापन समारोह का आयोजन किया गया समापन समारोह मे उपस्थित सभी मेहमानों ने विजेता और उपविजेता टीम को प्रतीक चिन्ह, गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया एवं टीम के कप्तानों को बड़ी ट्रॉफी के साथ विजेता ओर उपविजेता का खिताब प्रदान किया। निदेशक सुरेश शर्मा ने कहा कि खिलाड़ियों को कहा खेलते रहे, पढ़ते रहे ओर आगे बढ़ते रहे, खेल से मन ओर शरीर स्वस्थ रहता तथा सभी का आभार व्यक्त किया। आगन्तुक मेहमानों को अतिथि सम्मान के रूप में माला पहनाकर ट्राफी देकर स्वागत व आभार व्यक्त किया। निदेशक सुरेश शर्मा ने बताया कि तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में 17 टीमो ने भाग लिया था इस दौरान मुख्य अतिथियों में दांतारामगढ़ से भाजपा नेता गजानंद कुमावत एवं दांतारामगढ़ प्रधान प्रतिनिधि प्रभु सिंह गोगावास , प्रमोद शर्मा ओएसडी विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, रामसिंह उमाडा, विश्वविद्यालय से ऑब्जर्वर ललिता यादव एवं नॉमिनी सुरेन्द्र गढ़वाल सहित महाविद्यालय के निदेशक सुरेश शर्मा, ऋषि राज बालमुकुंद दीक्षित, नीलम दिक्षित, अरुणा शर्मा तथा प्रतियोगिता में पर्यवेक्षक सहित महाविद्यालय स्टाफ तथा गणमान्यजन, प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों, महाविद्यालय के विधार्थियों सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मैच के दौरान खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। समापन कार्यक्रम का संचालन पवन शर्मा ने किया।

## करवा चौथ पर ब्यूटी पार्लरों में रही भीड़



जयपुर टाइम्स

**दांतारामगढ़(निसं.)।** करवा चौथ के त्योहार को लेकर हर साल महिलाएं उत्साहित रहती हैं। त्योहार से पहले ही महिलाओं ने संजने-संवरने के लिए ब्यूटी पार्लर बुक कर लिए थे। शुक्रवार को करवा चौथ पर दांता कस्बे के ब्यूटी पार्लरों में भीड़ रही ओर महिलाएं फेशियल, मेकअप, मेनिक्योर - पैडीक्योर, वैक्सीन और मेहंदी लगाती दिखीं। जया ब्यूटी पार्लर संचालिका सुखी प्रजापत ने बताया कि त्योहार को लेकर महिलाएं में बहुत उत्साहा देखा और दिनभर ब्यूटी पार्लर में भीड़ रही। इस बार बाजार काफी अच्छा रहने की उम्मीद है।

## भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने की जनसुनवाई, आसपास क्षेत्र से आये लोगों की सुनी समस्या

### संबधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** तारानगर के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने अपने निज निवास पर जन सुनवाई की एवं कस्बेवासियों की समस्याएं सुनी। आसपास क्षेत्र से लोगों ने पानी, बिजली, रोशनी, सड़क, चिकित्सा, शिक्षा सहित विभिन्न समस्याओं से जांगिड़ को अवगत करवाया तों वहीं जांगिड़ ने दूरभाष के माध्यम से संबधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द उक्त समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। जांगिड़ ने कहा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिँह राठौड़ के नेतृत्व में क्षेत्र में विकास के नए नए आयाम स्थापित हो रहे है। जांगिड़ ने आगे कहा कोई भी इंसान किसी भी समय अपनी समस्या लेकर हमारे पास आ सकता है आपका सेवक आपके लिए 24 घंटे सेवा के लिए तैयार है।

## सड़क दुर्घटना में कुल 10 लाख रूपये का अवार्ड पारित

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** तारानगर न्यायालय मोटर दुर्घटना दावाधिकरण के पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने सड़क दुर्घटना के मामले में कुल 10 लाख रूपये का आवार्ड पारित किया। अधिवक्ता अनिल कुमार स्वामी राजपुरा ने बताया कि दिनांक 16.08.2022 को साहवा निवासी बसंती कंवर पत्नी लिछमण सिंह व उसके साथ राजबाला व कृष्णा देवी तीनों साहवा से तारानगर आशीर्वाद समुह से पैसे लेने आई हुई थी, रूपये लेकर वापिस साहवा जाने के लिये साहवा रोड़ पर भगत सिंह चौक पर बस का इंतजार कर रही थी, इतने में ही साहवा की तरफ से बोलेरो नं. आरजे 10 जीबी 6612 का चालक गोपीराम पुत्र पूर्णाराम नाई निवासी तारानगर ने अपनी बोलेरो को तेज गति व लापरवाही से चलाकर सही साईड में खड़ी बसंती कवंर के टक्कर मार दी, टक्कर मारकर बोलेरो चालक मौके से भाग गया, राजबाला व कृष्णा देवी ने बसंती कंवर को सम्भाला तथा वहां किसी व्यक्ति ने एम्बुलेंस को फोन कर सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उक्त दुर्घटना में आई गम्भीर चोटों के कारण बंसती कंवर को मृत घोषित कर दिया। घटना का मुकदमा मृतका बसंती कंवर के पुत्र महिपाल ने पुलिस थाना तारानगर में दर्ज करवाया। पुलिस ने अनुसंधान कर चालक गोपीराम के खिलाफ न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट चूरू में चालान पेश किया। मृतका की ओर से मृतका के पति लिछमण सिंह व पुत्र महिपालसिंह ने न्यायालय में क्लेम याचिका पेश की जो लिछमणसिंह आदि बनाम मेग्मा एचडीआई ई. क. लि. आदि पेश की, जिसमें पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने दोनों पक्षों की आपस में समझाईश कर लोक अदालत की भावना से प्रार्थीगण के पक्ष में कुल 10 लाख रूपये का अवार्ड पारित किया। प्रार्थीगण की तरफ से पैरवी अधिवक्ता अनिल कुमार स्वामी राजपुरा ने की।

## फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

मंडावा।

पुलिस ने टिब्बी थाने (हनुमानगढ़) के स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। बृजेश ज्योति उपाध्याय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, देवेन्द्र सिंह राजावत अति. पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं हरीसिंह धायल वृताधिकारी वृत झुंझुनूं ग्रामीण के निकटतम सुपरविजन मे रामनिवास थानाधिकारी मंडावा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा पुलिस थाना टिब्बी जिला हनुमानगढ के फरार स्थाई वारंटी जगनसिंह पुत्र हीराराम निवासी सैंसवास को गिरफ्तार किया गया है। गठित टीम में धर्मपाल एचसी, महेन्द्र सिंह एचसी थाना मंडावा शामिल थे।

## सैन समाज राजलदेसर के अध्यक्ष बने सागरमल टोकसिया

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)।** सैन समाज राजलदेसर की बैठक गुरुवार, 9 अक्टूबर 2025 को सेन मंदिर में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष गोपाल मारू ने की। बैठक में अध्यक्ष गोपाल मारू ने अपने पिछले कार्यकाल का लेखा-जोखा समाज के सामने प्रस्तुत किया। इसके बाद, समाज के अगले अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया शुरू हुई। भंवरलाल नाई ने अध्यक्ष पद के लिए सागरमल टोकसिया के नाम का अनुमोदन किया। इस प्रस्ताव पर समाज के सभी उपस्थित सामाजिक बंधुओं ने सर्वसम्मति से मुहर लगाते हुए सागरमल टोकसिया को दूसरी बार सैन समाज राजलदेसर का अध्यक्ष चुना। नवनियुक्त अध्यक्ष सागरमल टोकसिया का उपस्थित लोगों ने माला और साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर लालचंद मारू, मोहनलाल मारू, अशोक मारू, प्रमोद मारू, गौरीशंकर मारू, नानूराम टोकसिया, गोपाल कृष्ण मारू, गोपी मारू, मानमल मारू, बबलू टोकसिया, शंकर नाई, धनराज फूलभाटी, सुमेरमल तंवर, विकास तंवर, हनुमान लिलड़िया, ताराचंद धांधल, रतनलाल लिलड़िया, राजकुमार नाई, रामनिवास जाड़ीवाल, पप्पूराम जाखड़, अशोक तंवर, छगन फूलभाटी, गौरी शंकर टॉक्सिया, सोहनलाल, रामदेव एडवोकेट रोहित मारू सहित सैन समाज के कई गणमान्य बंधु उपस्थित रहे।



## पीएम श्री विद्यालय में संवाद कार्यक्रम मनाया

जयपुर टाइम्स

**दांतारामगढ(निसं.)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दांता में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों द्वारा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने 'पढ़ाई के महत्व 'पर संवाद लिखें। पंचायत शिक्षक रामावतार दीक्षित ने बताया कि आयोजन प्रभारी व्याख्याता श्रवण कुमार द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रधानाचार्य महावीर प्रसाद एवं उप प्रधानाचार्य राम गोपाल वर्मा तथा समस्त स्टाफ द्वारा पारितोषिक वितरण करें मनोबल बढ़ाया।

